**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 30.5 | 17.5 |
| जमशेदपुर | 31.2 | 12.8 |
| डालटनगंज | 30.2 | 12.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in ● सोमवार, 19 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल पक्ष 10, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~8~~ ● वर्ष : 1, अंक : 302 ● आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# झारखंड में 'इंडिया' के बीच एक हफ्ते के अंदर सीट शेयरिंग

## दिल्ली में सीएम चंपाई सोरेन ने झामुमो नेताओं के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं अन्य नेताओं से की मुलाकात, कई मुद्दों पर बातचीत

**कौशल आनंद। रांची**

झारखंड में नयी सरकार के गठन और मंत्रिमंडल विस्तार के बाद लोकसभा चुनाव की हलचलें तेज हो गयी हैं. रविवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या, विनोद पांडेय आदि नेता कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से उनके निवास स्थान पर मिले. इस दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, आईटी सेल के प्रणव झा, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर आदि भी मौजूद थे. इसके बाद झामुमो के नेता मुकुल वासनिक एवं सलमान खुर्शीद से भी मिले. करीब एक-एक घंटे सीएम एवं झामुमो नेताओं की कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं से बातचीत हुई.

**बातचीत सकारात्मक रहीः ठाकुर**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर बताया कि सभी मुद्दों पर बातचीत बहुत ही सकारात्मक रही. उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर सीट शेयरिंग पर तस्वीर साफ हो जाएगी. -शेष पेज 7 पर

### जल्द सी सबकुछ तय हो जाएगा : विनोद पांडेय

बैठक के बारे में बताते हुए झामुमो केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर बातचीत हुई. जिसमें सीट शेयरिंग, नयी सरकार बनने के बाद उत्पन्न नए राजनीतिक हालात और मुख्यमंत्री बनने के बाद चंपाई सोरेन का औपचारिक रूप से कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं से मिलना. पांडेय ने बताया कि सभी मुद्दों पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे और अन्य नेताओं से साकारात्मक बातचीत हुई. उन्होंने कहा कि न किसी से मांगना है और न ही देना है. झारखंड में इंडिया गठबंधन मिलकर चुनाव लड़ेगी यह तय है. इसलिए सीट की मांग की बात ही कहां हैं. बहुत जल्द सीट शेयरिंग तो क्लीयर हो ही जाएगा. साथ ही साथ लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा गठबंधन में शामिल दल कर लेंगे. बस इतना तय है कि सारे दल पूरी मजबूती के साथ 14 सीटों पर लड़ेंगे.



### गठबंधन मजबूत, सरकार को कोई खतरा नहीं : सीएम चंपाई सोरेन


कांग्रेस के विधायकों के एक वर्ग में नाराजगी की खबरों के बीच सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि प्रदेश में हमारा गठबंधन मजबूत है और राज्य में सरकार को कोई खतरा नहीं है. कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से नयी दिल्ली में मुलाकात से पहले सोरेन ने यह टिप्पणी की. खरगे से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि कार्यभार संभालने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष से यह शिष्टाचार मुलाकात थी. हालिया मंत्रिमंडल गठन को लेकर कांग्रेस विधायकों के एक वर्ग के असंतुष्ट होने पर सोरेन ने कहा कि यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है. -शेष पेज 7 पर

### नाराज कांग्रेस विधायक दिल्ली में प्रदेश प्रभारी गुलाम मीर से मिले

दिल्ली में मीर से मिले कांग्रेस के नाराज विधायकइस बीच, कांग्रेस के नाराज विधायकों ने रविवार को देर शाम दिल्ली में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मुलाकात की. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उमंग सिंघार से भी विधायकों की मुलाकात होनी थी, लेकिन मुलाकात नहीं हुई. उमंग सिंघार ने शुभम संदेश से बातचीत में बताया कि इस संबंध में विधायकों से बातचीत के लिए वे अधिकृत नहीं हैं. वहीं गुलाम अहमद मीर से मुलाकात में विधायकों ने उन्हें बताया कि पार्टी के कार्यकर्ता भी शपथ ले चुके चारों मंत्री से नाराज चल रहे हैं. -शेष पेज 7 पर

### सीएम ने जाति आधारित सर्वेक्षण को दी हरी झंडी

सीएम चंपाई सोरेन ने पड़ोसी बिहार की तर्ज पर झारखंड में जाति आधारित सर्वेक्षण को हरी झंडी दे दी है. सीएम के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे ने रविवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सीएम ने कार्मिक विभाग को मसौदा (सर्वेक्षण के लिए मानक संचालन प्रक्रिया) तैयार करने और इसे मंजूरी के लिए कैबिनेट के समक्ष रखने का निर्देश दिया है. यदि सब कुछ योजना के मुताबिक रहा तो लोकसभा चुनाव के बाद कवायद शुरू हो जाएगी. सर्वेक्षण का संकेत देते हुए सीएम ने भी एक्स पर पोस्ट किया, जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी. झारखंड तैयार है. प्रधान सचिव ने बताया, झारखंड में (जाति-आधारित) सर्वेक्षण कराने के लिए कार्मिक विभाग एसओपी तैयार करेगा. कहा कि जाति-आधारित सर्वेक्षण बिहार की तर्ज पर होगा. चौबे ने कहा कि ग्रामीण और समाज कल्याण सहित कई विभागों पर विचार किया गया लेकिन सर्वेक्षण के लिए कार्मिक विभाग को अंतिम रूप से चुना गया. सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के विधायक राज्य में जाति आधारित सर्वेक्षण की मांग कर रहे थे. भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने भी जाति आधारित गणना की वकालत की थी. गांधी ने केंद्र में विपक्षी गठबंधन इंडिया की सरकार बनने पर राष्ट्रव्यापी जाति आधारित गणना और आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाने का वादा किया था.



### जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज ने ली समाधि

**रायपुर।** जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज ने शनिवार रात 2 बजकर 30 बजे समाधि (देह त्याग दी) ले ली. रविवार को जैन मुनि डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी पर्वत पर पंचतत्व में विलीन हो गए. आचार्यश्री का जन्म 10 अक्टूबर 1946 को कर्नाटक के बेलगांव जिले के सदलगा गांव में हुआ था. 30 जून 1968 को अजमेर में अपने गुरु आचार्य श्रीज्ञानसागर जी महाराज से मुनिदीक्षा ली थी. आचार्यश्री ज्ञानसागर महाराज ने उनकी कठोर तपस्या को देखते हुए उन्हें अपना पद सौंपा था. 22 साल की उम्र में घर छोड़ उन्होंने मुनि दीक्षा ली थी. दीक्षा के पहले भी उनका नाम विद्यासागर ही था. उन्होंने शुरू से ही कठिन तप में खुद को लगा दिया. उन्होंने दूध, दही, हरी सब्जियां और सूखे मेवों का संन्यास के साथ ही त्याग कर दिया था. इधर, भाजपा के राष्ट्रीय सम्मेलन में जैन संत को श्रद्धांजलि देते हुए पीएम मोदी, केंद्रीय मंत्रियों, कई मुख्यमंत्रियों और अन्य नेताओं ने एक मिनट का मौन रखा. जैन मुनि के पंचतत्व में विलीन होने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार ने आधे दिन के शोक की घोषणा की.

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,100 |
| चांदी (किलो) | 73,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### पवार की याचिका आज सुनेगा सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को असली एनसीपी घोषित करने के निर्वाचन आयोग के आदेश को चुनौती देने वाली शरद पवार की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा. न्यायमूर्ति सूर्यकांत, दीपांकर दत्ता व केवी विश्वनाथन की पीठ शरद पवार की याचिका पर सुनवाई कर सकती है. 16 फरवरी को, शीर्ष अदालत ने याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई थी.

### बसपा के लिए 'इंडिया' के दरवाजे खुले हैं

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडे ने रविवार को कहा कि बसपा के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया के दरवाजे खुले हैं और अब मायावती को तय करना है कि वह लोकसभा चुनाव भाजपा के खिलाफ एकजुट लड़ना चाहती हैं या अकेले. कांग्रेस नेता ने कहा कि हम खुले दिल से चाहते हैं कि बसपा भी गठबंधन का हिस्सा बने.

### हिंदी सिनेमा से निराश हैं नसीरुद्दीन शाह

**नयी दिल्ली।** अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने हिंदी सिनेमा के प्रति अपनी निराशा व्यक्त की और कहा कि इसके बेहतर होने की उम्मीद तभी है जब केवल पैसा कमाने के इरादे से फिल्में नहीं बनाई जाए. दिल्ली में 'मीर की दिल्ली, शाहजहानाबादः द इवॉल्विंग सिटी' नाम से आयोजित उत्सव में शनिवार को नसीरुद्दीन शाह ने कहा कि हिंदी फिल्म निर्माता पिछले 100 वर्षों से एक ही तरह की फिल्में बना रहे हैं.

## झारखंड में दो लाख करोड़ के प्रोजेक्ट की हो गई धीमी चाल

# बालू ने रोकी विकास की रफ्तार

# कालाबाजारी चरम पर

**रवि भारती। रांची**

झारखंड में बालू ने विकास की रफ्तार को रोक दी है. राज्य में चल रहे लगभग दो लाख करोड़ के प्रोजेक्टों की चाल धीमी हो गई है. भवन निर्माण, ग्रामीण विकास, नगर विकास, पथ निर्माण, जल संसाधन, कृषि विभाग की योजनाएं बालू की आपूर्ति कम होने से सुस्त हो गयी हैं. राज्य भर में भवन निर्माण की सबसे अधिक योजनाएं चल रही हैं. 57 हजार करोड़ से अधिक की योजनाएं विभिन्न जिलों में चल रही हैं. इसमें राजधानी रांची में बन रहे स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, सभी अंचलों के भवन, जिला परिषद के भवन प्रमुख हैं.

इसी तरह पथ निर्माण विभाग की 30 हजार करोड़ की परियोजनाएं भी चल रही हैं. इसमें कांटाटोली फ्लाईओवर, एनएच-75, एनएच-33 और अन्य महत्वपूर्ण पथ शामिल हैं. राजधानी रांची का सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना में भी बालू की कमी आड़े आ रही है.

**राज्यभर में बालू के 75 स्टॉकिस्ट :** राज्य सरकार ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत स्टाकिस्टों के जरिए बालू की आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है. राज्य भर में बालू के 75 स्टॉकिस्ट हैं. जो सरकारी परियोजनाओं से लेकर निजी जरूरतों को पूरा कर रहे हैं. निगम के स्तर से भी बालू उठाव की स्थिति पर भी नजर रखी जाती है. हर माह बालू के स्टॉक का भी जायजा लिया जाता है.

**राज्य में सिर्फ 21 बालू घाटों से ही वैध उठाव :** राज्य में फिलहाल 423 बालू घाटों से अवैध उठाव हो रहा है. 21 बालू घाटों से ही बालू का वैध उठाव हो रहा है. राज्यभर में 444 बालू घाटों में से 351 घाटों की नीलामी हुई थी, जिसमें 216 घाटों की ही प्रक्रिया पूरी की जा सकी है. 135 की नीलामी की प्रक्रिया चल रही है. शेष सभी घाटों से अवैध रूप से बालू का उठाव हो रहा है.

- राज्य के 423 बालू घाटों से हो रहा अवैध बालू का उठाव
- राज्यभर में सिर्फ 21 बालू घाटों से ही वैध बालू का उठाव



- कौन देगा बालू घाटों को कंसेंट टू ऑपरेट व पर्यावरण स्वीकृति
- राज्य के बालू घाटों से दो लाख मजदूरों को मिलता है रोजगार

### स्टेट इनवायरमेंट इंपैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी का गठन ही नहीं

बालू घाटों के टेंडर के बाद माइनिंग प्लान, पर्यावरण स्वीकृति और कंसेंट टू ऑपरेट लेना पड़ता है. यह स्वीकृति स्टेट इनवायरमेंट इंपैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी देती है. लेकिन पिछले चार माह से यह अथॉरिटी कार्यरत नहीं है. जबतक इस अथॉरिटी का गठन नहीं हो जाता है, तब तक बालू घाटों से बालू का उठाव नहीं हो सकता. इन सभी प्रक्रिया को पूरा करने में कम से कम छह से आठ माह का समय लगेगा. यानी तब तक बालू की किल्लत रहेगी.

### इन प्रमुख प्रोजक्टों पर चल रहा काम

| योजना | प्रोजेक्ट की लागत (करोड़ में) |
|---|---|
| विस्थापित आवास योजना | 212 करोड़ |
| पथ विभाग( सड़क) | 30 हजार करोड़ |
| नगर विकास | 40 हजार करोड़ |
| स्मार्ट सिटी | 3000 करोड़( लगभग) |
| एक्सप्रेस हाइवे | 13 हजार करोड़ |
| सिवरेज ड्रेनेज | 300 करोड़ |
| जमशेदपुर डबल डेकर एलिवेटेड कॉरिडोर | 3000 करोड़ |
| रांची वाराणसी इकोनॉमिक कॉरिडोर | 7000 करोड़ |
| रांची जमशेदपुर रेल लाइन | 2850 करोड़ |
| भारत माला प्रोजेक्ट | 1300 करोड़ |
| कृषि विभाग | 10 हजार करोड़ |
| ग्रामीण विकास विभाग | 20 हजार करोड़ |

### फैक्ट फाइल

- राजधानी रांची समेत बड़े शहरों में प्रति दिन 450 से 500 ट्रक (छोटे-बड़े) बालू की होती है खपत.
- पूरे राज्य में प्रतिदिन पांच हजार हाईवा बालू की खपत
- जेएसएमडीसी की साइट पर दर 7.50 रुपये प्रति सीएफटी
- राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड को श्रेणी दो, बालू घाट संचालन के लिए 3 वर्षों के लिए विस्तार किया गया है.

### क्या कहना है खान विभाग का

खान विभाग के अनुसार झारखंड में अब बालू की होम डिलीवरी की जाएगी. इसके लिए पोर्टल पर ऑर्डर देना होगा. खान विभाग द्वारा पोर्टल विकसित किया जा रहा है. पोर्टल पर ऑर्डर मिलने के 48 घंटे में आपूर्ति की जाएगी. तेलंगाना की तर्ज पर राज्य में बालू की होम डिलीवरी की व्यवस्था की जा रही है. इसके लिए झारखंड खनिज विकास निगम द्वारा सैंड टैक्सी पोर्टल को मार्च 2024 तक लागू किया जाएगा. बालू पहुंचाने के लिए इस पोर्टल पर पोर्टल पर ट्रैक्टर मालिकों का पंजीकरण किया जाएगा. पंजीकृत ट्रैक्टर वाहनों के मालिकों / उपभोक्ताओं को बालू का ऑर्डर देने के दो दिन के अंदर बालू गंतव्य स्थान तक पहुंचाया जाएगा. अब तक राज्य के 216 बालू घाटों के लिए निविदा प्रक्रिया के तहत एलओआई कर दिया गया है, जबकि 135 घाटो की निविदा प्रक्रियाधीन है.

### राज्य के बालू घाटों में दो लाख मजदूर

राज्यभर के 444 बालू घाटों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से दो लाख मजदूर जुड़े हैं. इसमें नदीं से बालू निकालने से कर बालू की ढुलाई, वाहनों पर लोडिंग और डंपिंग तक में ये मजदूर प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हैं. वहीं 15 से 20 हजार वाहन बालू ढुलाई में लगे हुए हैं. जिसमें 10 हजार से अधिक ड्राइवर व खलासी भी हैं.



## टीम इंडिया की राजकोट में सबसे बड़ी जीत

राजकोट में टीम इंडिया ने रोहित शर्मा की कप्तानी में इतिहास रच दिया है. टीम इंडिया ने टेस्ट इतिहास में रनों के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की. उसने टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले में रविवार को इंग्लैंड को 434 रनों से हराया. भारत के लिए यशस्वी जायसवाल ने दोहरा शतक जड़ा. रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा ने शतक लगाए. जडेजा ने बॉलिंग में भी कमाल दिखाया. टीम इंडिया इस जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे हो गई है. (पूरी खबर खेल पेज पर)

## पीएम ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र, कहा- हर लाभार्थी से बोलना

# प्रधानसेवक मोदी ने प्रणाम कहा है

**एजेंसी। नयीदिल्ली**

भाजपा के दो दिन के राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे दिन रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया. मोदी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हर लाभार्थी तक जाना और कहना कि प्रधानसेवक नरेंद्र मोदी ने उन्हें प्रणाम कहा है. सब लाभार्थी तक मेरा प्रणाम और मेरी चिट्ठी पहुंचाएं. किसी भी बूथ में एक भी फर्स्ट टाइम वोटर ऐसा ना हो जहां आप न पहुंचे. उन्हें पिछले 10 साल के काम और आने वाले पांच साल में जो काम होना है, उसके बारे में बताएं. मोदी ने कहा कि तमाम देशों से हमारे रिश्ते कैसे मजबूत हैं दुनिया देख रही है. वेस्ट एशिया को कांग्रेस की सरकारें सिर्फ पाकिस्तान के संदर्भ में देखती थी. लेकिन आज हमारे रिश्ते वेस्ट एशिया में सबसे ज्यादा मजबूत हैं. अलग अलग देशों में सत्ता और विपक्ष के दल खुल कर मानते हैं कि भारत के सशक्त होने से दुनिया का हित होने वाला है. (देश-विदेश पेज भी देखें)



### कांग्रेस पर किया वार

मोदी ने कहा कि कांग्रेस अस्थिरता, परिवारवाद, भष्टाचार और तुष्टिकरण की भी जननी है. कांग्रेस ने खुद को बचाने के लिए अस्थिरता का सहारा लिया. आज भी वे नई साजिशें कर रहे हैं. कांग्रेस के पास विकास का कोई एजेंडा नहीं है. देश को कभी क्षेत्र के आधार पर कभी भाषा के आधार पर बांटने की कोशिश करते हैं. भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने में कोई कसर कांग्रेस ने नहीं छोड़ी. पांच साल पहले इन लोगों ने बहुत कोशिश की कि एयरफोर्स को रफाल जैसे फाइटर जेट ना मिल पाएं. मोदी ने कहा कि कहा कि कांग्रेस के भीतर तगड़ी लड़ाई चल रही है, लेकिन सिद्धांतों पर नहीं चल रही है. कांग्रेस में एक वर्ग है जो कहता है कि मोदी से नफरत करो, व्यक्तिगत आक्षेप करो और दूसरा वर्ग है जो कहता है मोदी पर व्यक्तिगत आरोप से बचो, इससे कांग्रेस को ज्यादा नुकसान होता है.

**नई खोज** टाटा स्टील फाउंडेशन के कृषि विभाग ने सैकड़ों किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

# लाल-पीली, रंग-बिरंगी गोभी की खेती कर आत्मनिर्भर बने किसान

**शैलेश सिंह। किरीबुरु**

टाटा स्टील फाउंडेशन के कृषि विभाग ने प्रायोगिक आधार पर रंगीन फूलगोभी व पत्तागोभी उगाने में सफलता हासिल कर सैकड़ों किसानों को इससे जोड़ आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर किया है. लोगों ने नोवामुंडी व जगन्नाथपुर के स्थानीय हाट-बाजारों में कुछ ऐसी चीज देखी है, जो फूलगोभी और पत्तागोभी की तरह हैं, लेकिन सफेद के बजाए नारंगी, पीली, बैंगनी, गुलाबी रंग की हैं. रंगीन फूलगोभी पिछले साल से बाजार में आ रही और लोकप्रिय हो गई है. अब तक हमने ब्रोकली को देखा और खाया है, लेकिन अब यहां के किसान रंगीन गोभी की खेती भी कर रहे. किसान अब सालों भर रंगीन फूलगोभी और पत्तागोभी उगाने लगे हैं.

### विटामिन का स्रोत है लाल पत्तागोभी

लाल पत्तागोभी में भरपूर मात्रा में विटामिन 'बी', सी' और विटामिन 'के' पाया जाता है और यह विटामिन 'बी 6' का एक मध्यम स्रोत हैं. लाल पत्तागोभी आहार फाइबर, अच्छी गुणवत्ता वाले कार्बोहाइड्रेट, पोटेशियम और अन्य आवश्यक खनिजों का पावरहाउस है. लाल पत्तागोभी का सेवन करने से कैंसर और हृदय रोगों के खतरे को कम करता है. इसके अलावा, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती हैं, रक्तचाप को बनाए रखता है, पाचन के लिए बढ़िया है, त्वचा के लिए अच्छा है, हड्डियो और मांसपेशियों को मजबूत बनाता है.



### पोषक तत्वों से भरपूर पीली व बैंगनी गोभी

पीली और बैंगनी फूलगोभी पोषक तत्वों से भरपूर है. इसमें विटामिन ए और सी प्रचुर मात्रा में हैं. इसमें कैल्शियम, जिंक, फास्फोरस, मैग्नीशियम है जिससे हड्डियां मजबूत होती हैं. ब्रोकली की तरह रंगीन फूलगोभी का सेवन करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है. यह सफेद गोभी की तुलना में ज्यादा स्वादिष्ट है और इसमें अधिक मात्रा में फाइबर पाया जाता है. इसके अलावा इसमें फाइटोकेमिकल, पॉलीफेनॉल, क्वेरसेटिन और गुलकोसाइड जैसे पोषक तत्वों पाए जाते हैं, जो मधुमेह को भी नियंत्रित करता है. यह फूलगोभी आंखों और हृदय के लिए काफी फायदेमंद है और साथ में बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत फायदेमंद साबित हुआ है.

### 100 किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

टीएसएफ कार्यालय नोवामुण्डी के सूत्रों अनुसार, नोवामुण्डी प्रखंड के 9 पंचायत और जगन्नाथपुर प्रखंड के 2 पंचायत के कुल 100 किसानों को रंगीन फूलगोभी की खेती के लिए आवश्यक बीज, कीटनाशक और प्रशिक्षण प्रदान की गई. किसानों का कहना है शुरुआती दौर में उन्हें स्थानीय बाजारों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. ये आकर्षित रंगीन फूलगोभी लोगों को आकर्षित तो कर रही थी, लेकिन उनके मन में भी अनेक सवाल उमड़ रही थी.

### शुरुआत में बाजार में सिर्फ सवाल करने आते थे खरीदार : पांडु सुरेन

नोवामुण्डी बस्ती के रहने वाले किसान पांडु सुरेन का कहना है कि जब पहली बार वो स्थानीय बाजार में लाल पत्तागोभी लेकर गए थे, तो खरीदार बस सवाल करने आते थे कि ये किस प्रकार की गोभी हैं. इस कारण बाजार में कोई भी लाल गोभी के लिए उचित दाम नहीं देना चाहते थे. इसलिए मैंने 20 रुपए में प्रत्येक फसल को बेच दिया. खरीदारों का कहना था उन्हें सफेद पत्तागोभी चाहिए किंतु बाद में इसे खाने के बाद लोगों ने पसंद किया.

### बजार पहुंचते ही खत्म हो जाती थी पीली फूलगोभी : तुलसी चातोंबा

दुधबिला ग्राम की सब्जी उत्पादक तुलसी चातोंबा ने कहा कि उनके बाजार पहुंचते ही सारी पीली फूलगोभी बिक जाती थी. उन्होंने कहा कि बाजार में इसकी काफी मांग है इसलिए मैं चाहती हूं कि अगले सीजन में मुझे पीला, बैंगनी फूलगोभी और लाल पत्तागोभी के बीज चाहिए, जिससे मैं बड़े पैमाने में खेती करना चाहती हूं.

# जाति जनगणना देश का एक्सरे है : राहुल गांधी

**एजेंसी। प्रयागराज**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को यहां भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जाति जनगणना देश का एक्सरे है, इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा. स्वराज भवन से निकलकर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पास लक्ष्मी टाकीज चौराहे पर उन्होंने कहा, जाति जनगणना आपका (युवाओं) का हथियार है और आपको पता लगाना है कि आपकी आबादी कितनी है और दूसरे नंबर पर पता लगाना है कि देश के धन पर आपकी कितनी हिस्सेदारी है. इस देश में 73 प्रतिशत जातियों के पास कितना धन है? जाति जनगणना देश का एक्सरे है. भीड़ से एक छात्र को अपनी जीप पर बुला कर राहुल ने उससे पूछा, आप कौन-से वर्ग से हैं.

**खास बातें**

- कांग्रेस नेता ने प्रयागराज से शुरू की न्याय यात्रा
- 73 फीसदी आबादी की हिस्सेदारी दिलानी है

छात्र ने जवाब दिया कि वह ओबीसी वर्ग से है. इस पर राहुल गांधी ने कहा, देश में ओबीसी वर्ग 50 प्रतिशत है, दलित वर्ग 15 प्रतिशत है और आदिवासी वर्ग आठ प्रतिशत है. उन्होंने कहा, इस देश में आप जैसे युवाओं का कोई भविष्य नहीं है. आपकी (ओबीसी, दलित, आदिवासी) आबादी 73 प्रतिशत है, लेकिन हिंदुस्तान में शीर्ष 200 कंपनियों में से एक कंपनी का भी मालिक ओबीसी, दलित नहीं है.

# चंपाई कैबिनेट में बन्ना को शामिल करने से सरयू नाराज

## कहा- महंगी दर पर दवाई व सस्ती दर पर जमीन खरीदने वाले मंत्री बनेंगे, तो विरोध होगा ही

**प्रमुख संवाददाता। रांची**





जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय मंत्री बन्ना गुप्ता पर लगातार हमलावर हैं. सदन के अंदर और बाहर भ्रष्टाचार के कई मामलों को लेकर बन्ना गुप्ता पर सीधा आरोप लगाते रहे हैं. एक बार फिर उन्होंने बन्ना गुप्ता का नाम लिये बिना उन्हें कटघरे में खड़ा किया है. ट्वीट कर उन्होंने कहा कि चंपई सोरेन कैबिनेट के लिए कांग्रेस कोटे के मंत्रियों का चयन करते समय महंगे दर पर रांची में दवाइयों की खरीद और सस्ते दर पर बहरागोड़ा में जमीन की खरीद के सार्वजनिक मामलों में मियां मीर की जमीर पर कुंभकर्णी नींद हावी हो जाएगी, तो विधायक तो कांग्रेस आलाकमान का दरवाजा खटखटाएंगे ही. बहरागोड़ा में सस्ती दर पर जमीन लेने के मामले पर सरयू राय से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ट्वीट में उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया है, लेकिन पुख्ता जानकारी है कि सरकारी दर से कम कीमत पर जमीन ली गई है. इसके सबूत जल्द ही सामने आएंगे.

**विधानसभा में भी भिड़े थे सरयू और बन्ना :** 5 और 6 फरवरी को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया था. सत्र के दौरान सरयू राय ने स्वास्थ्य विभाग में नियम विरुद्ध डॉक्टरों के तबादले करने का आरोप लगाया. उन्होंने बन्ना गुप्ता पर बैक डेट में फाइल साइन कर तबादले करने का आरोप लगाया. इसपर सदन में बन्ना गुप्ता और सरयू राय में तीखी नोकझोंक भी हुई. इसके बाद सरयू ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को पत्र लिख कर मामले में कार्रवाई करने का भी आग्रह किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई और बन्ना गुप्ता चंपई सरकार में मंत्री बन गये. अब एक बार फिर बन्ना गुप्ता को कैबिनेट में शामिल किये जाने से सरयू की नाराजगी और बढ़ गई है.

### दवा खरीद में घोटाले का लगाया है आरोप

सस्ती दर पर दवा खरीद के मामले को लेकर सरयू राय पहले से ही बन्ना गुप्ता पर सीधा आरोप लगाते रहे हैं. जब बन्ना गुप्ता हेमंत सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे उस वक्त सरयू राय ने बन्ना गुप्ता पर 200 करोड़ के जेनरिक दवा घोटाले के आरोप लगाया था. सरयू राय का आरोप है कि झारखंड में जेनरिक दवाओं की खरीद में 150 से 200 करोड़ रुपए तक का घोटाला हुआ है. यह घोटाला दवा निर्माता कंपनियों और स्वास्थ्य मंत्री के बीच सांठगांठ से हुआ है. टेंडर दर से तीन-चार गुणा अधिक दर पर दवा खरीदकर कुछ कंपनियों को फायदा पहुंचाया गया है और इससे सरकारी खजाने को करीब 200 करोड़ का चूना लगा है. मामले में जांच और कार्रवाई नहीं होने से सरयू राय हेमंत सरकार से नाराज भी चल रहे थे.

# सीएम चंपाई ने निर्माणाधीन झारखंड भवन का लिया जायजा



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को दिल्ली में निर्माणाधीन झारखंड भवन का जायजा लिया. कनॉट प्लेस में बन रहे नए झारखंड भवन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है. मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी झारखंड भवन बसंत विहार में है. झारखंड भवन को दिल्ली के केंद्र में होने की आवश्यकता थी. नये भवन के बन जाने से सभी लोगों के लिए सुगमता बढ़ जाएगी. नया भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा. इस मौके पर झारखंड के मुख्य स्थानिक आयुक्त के श्रीनिवासन और झारखंड भवन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे.

## पूर्व सीएम हेमंत के समर्थन में झामुमो का अनशन चौथे दिन भी जारी

# झारखंड से होगा भाजपा का सूपड़ा साफ : झामुमो




**विशेष संवाददाता। रांची**

हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार के इशारे पर जांच एजेंसियों द्वारा प्रताड़ित करने व झूठे केस में जेल भेजने के विरोध में झामुमो का अनशन चौथे दिन भी जारी रहा. रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका के समक्ष आयोजित इस कार्यक्रम में लोहरदगा जिला अध्यक्ष मोजिम्मिल अहमद के नेतृत्व में हुआ. कार्यक्रम में लोहरदगा के अतिरिक्त रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम सहित कई जिला पदाधिकारी, प्रखंड एवं पंचायतों के प्रतिनिधि शामिल हुए. इस मौके पर लोहरदगा जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद कहा कि जिस तरह से अंग्रेज हिटलर शाही शासन चलाते थे. उसी तरह से नरेंद्र मोदी भी देश चलाने का काम कर रहे है. अब वक्त आ गया है झारखंड के साथ-साथ पूरे देश से भाजपा का सूपड़ा साफ करने का और यहां की जनता नरेंद्र मोदी के हिटलर शाही को देख रही हैं आने वाले लोकसभा, विधानसभा चुनाव में करारा जवाब देगी और यहां से इनको उखाड़ फेंकने का काम करेगी. कार्यक्रम में समनूर मंसूरी, पवन जेडिया, विनोद यादव, समीद अंसारी, सरिता भगत, रांची जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता, कलाम आजाद, अश्विनी शर्मा, तालकेश्वर महतो, अनिल उरांव, रांची जिला उपाध्यक्ष बीरु साहू, आफताब आलम, अफरोज आलम, अरुण वर्मा, रांची जिला संगठन सचिव आदिल इमाम, अरविंद सिंह देवल, सुजीत उपाध्याय, फरीद खान, परवेज आलम, विलियम रिचर्ड लकड़ा, विनीता भगत, राखी देवी, लोहरदगा अजय उरांव सहित सैकड़ों शामिल रहे.

### जनता में भारी आक्रोश, चुनाव में जनता देगी जवाब

रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने कहा हेमंत सोरेन के उपर हो रहे अन्याय के खिलाफ़ हम सभी लोग उपवास कार्यक्रम के तहत आज चौथे दिन भी बैठे है. जनता के सामने है कि किस प्रकार से अंग्रेजों की तरह तानाशाह केंद्र की मोदी सरकार हेमंत सोरेन को प्रताड़ित कर रही है. जनता में इसको लेकर भारी आक्रोश है. गांव-गांव में इसको लेकर के न्याय यात्रा निकाल रहे हैं और उपवास का कार्यक्रम, पूजा स्थलों में भी पूजा पाठ का कार्यक्रम विभिन्न संगठनों के माध्यम से आप देख रहे होंगे कि हो रहा है और जनता में जो आक्रोश है इसका जवाब केंद्र की भाजपा सरकार को जरूर मिलेगा आने वाले चुनाव में जनता उन्हें उखाड़ फेंकेगी.

# सीएम केजरीवाल ने हेमंत की पत्नी कल्पना से बात की

## कहा-हम और हमारी पार्टी हेमंत के साथ खड़े हैं

**विशेष संवाददाता। रांची**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रविवार को हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से फोन पर बात की. खुद कल्पना सोरेन ने इसकी जानकारी शेयर करते हुए बताया कि केजरीवाल ने इस मुश्किल घड़ी में झामुमो और उनके परिवार के साथ खड़ा रहने की बात की. केजरीवाल ने कहा कि हम और हमारी पार्टी आप इस वक्त झारखंडी योद्धा हेमंत सोरेन के साथ खड़े हैं. कल्पना ने कहा कि उनसे बात कर उनको हौसला मिला है. कल्पना ने कहा कि केजरीवाल ने झारखंड में हुई बीजेपी की साजिश की चर्चा की. कहा कि केंद्र सरकार और बीजेपी का षड्यंत्र आज पूरा देश देख रहा है. सीएम केजरीवाल ने कहा, झारखंड के साथ-साथ दिल्ली एवं अन्य गैर-भाजपा शासित राज्यों में कैसे लोकतंत्र को तार-तार किया जा रहा है. यह देख हर कोई क्षुब्ध है. उन्होंने कल्पना से कहा कि केंद्र सरकार और भाजपा के इस षड्यंत्र का हमें मिलकर मुकाबला करना है, हम सभी साथ-साथ हैं.

# चंपाई सोरेन दिल्ली में इलाजरत झामुमो विधायक रामदास से मिले

**विशेष संवाददाता। रांची**

**सीएम ने कहा**

- केंद्र सरकार का षड्यंत्र कभी सफल नहीं होगा
- गुरुजी शिबू सोरेन की पार्टी से हमारा नाता है

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन दिल्ली में इलाजरत झामुमो विधायक रामदास सोरेन से मुलाकात की. सीएम ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की. इस दौरान विधायक ने कहा कि हेमंत सोरेन के खिलाफ केंद्र सरकार का षड्यंत्र कभी सफल नहीं होगा. झामुमो के संघर्षशील सिपाही एक स्वर में इस षड्यंत्र का मुंहतोड़ जवाब देंगे. सोरेन ने एक पत्र में लिखा है कि गुरुजी शिबू सोरेन की पार्टी से हमारा नाता है. गुरुजी की पत्नी रुपी सोरेन झारखंड की माता है. उनके बेटे झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री थे जिन्हें 31 जनवरी को ईडी द्वारा जमीन विवाद पर उसे होटवार जेल भेज दिया गया. इसके बाद विधायक दल के नेता के रूप में चंपाई सोरेन को चुना गया.

## सीएम आज इटखोरी महोत्सव का करेंगे उद्घाटन

**रांची।** चतरा के इटखोरी में सोमवार से तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव शुरू होने वाला है. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन कल 19 फरवरी को इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन करेंगे. 19, 20 और 21 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में भारतीय एवं झारखंड की संस्कृति और सभ्यता से जुड़े भक्तिमय एवं संगीतमय प्रस्तुतियां दी जाएगी.

# पेंशन योजना के लिए लगेंगे पंचायत स्तर पर शिविर

## उपायुक्तों को मिला निर्देश

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

राज्य में यूनिवर्सल पेंशन लागू है, इसके बाद भी पेंशन योजना के लाभ जिन्हें प्राप्त नहीं हुआ है, उनको लाभ पहुचाने के लिए राज्य के सभी पंचायतों में राज्य सरकार शिविर लगा कर लाभुकों को लाभ देगी. इसके तहत राज्य के वृद्धो, विधवाओं, निराश्रित, महिलाओं, दिव्यांगों और एचआईवी पीड़ित व्यक्ति और आदिम जनजाति समूह के परिवार को प्रति माह 1000 की आर्थिक सहायता सरकार उपलब्ध करायेगी. राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना, स्वामी विवेकानंद ने स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना और एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतातर्थ पेंशन योजना के तहत लाभ दिया जाएगा. वर्तमान में वृद्धावस्था पेंशन योजना 60 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु वर्ग के लोगों को लाभ प्रदान किया जा रहा है. लेकिन राज्य सरकार ने महिला, एससी-एसटी तथा अनुसूचित जाति वर्ग के 50 से 60 वर्ष आयु वर्ग के व्यक्तियों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है.

### पंचायत स्तर पर लगेंगे शिविर

योजना का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए सरकार अब बार फिर से पंचायत स्तर पर शिविर लगायेगी. इसके लिए सरकार के प्रधान सचिव ने सभी उपायुक्तों को पत्र लिखकर योजना के लाभुकों का आवेदन लेने के लिए पंचायत में शिविर लगाने का निर्देश दिया है.

## अफसरों-कर्मचारियों की मांगी सूची

**रांची।** नगर विकास विभाग ने अपने अधीनस्थ सभी विभागों से पिछले से 3 से 4 वर्ष से नियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों और संविदा कर्मियों की सूची मांगी गई है. इसे लेकर सभी नगर निकायों, आवास बोर्ड, आरआरडीए, जुडको और माडा को पत्र लिखा गया है. 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन विभाग की ओर से जारी दिशा-निर्देश के तहत अधिकारियों और कर्मचारियों की रिपोर्ट मांगी गई है.

# महिला पुलिस अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन



**संवाददाता। रांची**

रांची के होटवार स्थित अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय में सोमवार से महिला पुलिस अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को चार सप्ताह का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा. यह प्रशिक्षण महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध होने वाले यौन अपराध से संबंधित अनुसंधान में सहयोग के लिए करवाया जा रहा है. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का रविवार को उद्घाटन हुआ. उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि न्यायाधीश एसएन प्रसाद थे. इसके अलावा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डीजीपी अजय कुमार सिंह और सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता मौके पर उपस्थित रहे.

# बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में लगी जेल अदालत, 4 रिहा




**संवाददाता। रांची**

झालसा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा रविवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में जेल अदालत का आयोजन हुआ. यह आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन की अध्यक्षता में किया गया.

इस दौरान चार बंदियों का आवेदन जेल अदालत के समर्पित किया गया था. चार बंदियों को जेल अदालत द्वारा हाजत अवधि का लाभ देते हुए रिहा किया गया. चारों बंदियों में धीरज मुण्डा, झरी मुण्डा, तीरथ नाथ महतो और प्रेमचन्द मुण्डा शामिल है.

# झारखंड में सबसे महंगा है बीएड का कोर्स

**रजनीश प्रसाद। रांची**



झारखंड में बीएड की पढ़ाई करने वाले छात्रों की फीस भरने में कमर टूट जाती है. यहां पड़ोसी राज्यों से लगभग तीन गुना ज्यादा फीस बीएड के लिए लगती है. झारखंड में कुल 134 बीएड कॉलेज हैं, जिनमें 130 विश्वविद्यालयों के अंदर और 4 झारखंड सरकार के हैं. राज्य सरकार के बीएड कॉलेजों में 20,000 रुपए में पढ़ाई पूरी हो जाती है, वहीं विश्वविद्यालयों के अंदर आने वाले कॉलेजों की फीस लगभग 1,50,000 रुपए तक है. जबकी पश्चिम बंगाल में बीएड के लिए लगभग 80,000 रुपए लगते हैं और ओडिशा में लगभग 70,000 रुपए लगते हैं. झारखंड के विश्वविद्यालयों में इसे वोकेशनल कोर्स की श्रेणी में रखा गया है और यह सेल्फ फाइनेंस कोर्स है.

### झारखंड सरकार द्वारा संचालित बीएड कॉलेज

- गवर्मेंट बॉयज बीएड कॉलेज, कांके
- गवर्मेंट गर्ल्स बीएड कॉलेज, बरियातू
- गवर्मेंट बीएड कॉलेज, हजारीबाग
- गवर्मेंट बीएड कॉलेज, देवघर

### इन विश्वविद्यालयों में हैं इतने कॉलेज

- बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय- 26 कॉलेज हैं, यहां 1.5 लाख फीस लगती है
- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में बीएड की पढ़ाई होती है- यहां 1.5 लाख फीस लगती है
- कोल्हान विश्वविद्यालय- 16 कॉलेज हैं, यहां 1.5 लाख फीस लगती है
- नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में 12 कॉलेज हैं- यहां 1.5 लाख फीस लगती है
- रांची विश्वविद्यालय में 29 कॉलेज हैं-यहां 1.5 लाख फीस लगती है
- सिद्धू कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय-16 कॉलेज हैं, यहां 1.5 लाख फीस लगती है
- विनोवा भावे विश्वविद्यालय - 30 कॉलेज हैं, यहां 1.2 लाख फीस लगती है

CLASSIFIED


























## शहर का हाल-बेहाल: सप्लाई पानी के पाइप 20 साल पुराने, बदलने की जरूरत, गंदगी का अंबार

# कर्बला नगर के सप्लाइ पानी के पाइप 20 साल पुराने, अब बदलने की जरूरत

रांची । कर्बला चौक स्थित कर्बला नगर में करीब 5 हजार की आबादी लंबे समय से रह रही है. क्षेत्र में पानी के लिए सरकारी पहल पर पानी सप्लाई का कनेक्शन 20 साल पूर्व किया गया है. क्षेत्र में एक मिनी एचवाईडीटी भी लगा है. इस समय तो इन सब से पानी मिल रहा है. पाइपों को आज तक बदला नहीं गया है, पानी के पाईप दूर सड़क से कनेक्शन कर लाये गये हैं. नालियों के अंदर से पानी के पाईप गुजरे हैं. कई जगह लिकेज के कारण पानी गंदा भी आता है. पाइपों को बदलने की जरूरत है. यदि क्षेत्र में तीन इंच का पाइपलाई बिछा दिया जाये तो पानी का प्रेशन अच्छा हो जायेगा और गर्मी में भी लोगों को पानी के लिये भटकना नहीं पड़ेगा.

### क्षेत्र में 3 इंट मोटा पाइप लगाना होगा : आजाद



क्षेत्र के मो आजाद ने कहा कि यहां सप्लाई पानी का कनेक्शन तो है. लेकिन 20 साल से पाइपो को बदला नहीं गया है. पानी कम प्रेशर में आता है, पाइप पुराना होने की वजह से कई जगह से लिकेज हो गया है, इस कारण स्वच्छ पानी भी नहीं मिलता है. पुराने पाइपो को बदलने से पहले क्षेत्र में तीन इंट का मोटा पाइप बिछाया जाये और सभी को नया कनेक्शन दिया जाये, जिससे पानी का प्रेशर भी अच्छा हो जायेगा और पानी स्वच्छ मिलने लगेगा. नगर निगम को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है.



### पाइपों को बदलने की जरूरत : बाबू




मो बाबू ने कहा कि नाली में घुस कर सप्लाई पाइप गया है. इस व्यवस्था को बदलने की जरूरत है. इसमें बदलाव करने से लोगों को स्वच्छ पानी मिलने लगेगा. इस ओर ध्यान देने की जरूरत है.

### बिगड़ी व्यवस्था में सुधार हो : महबूब



महबूब आलम ने कहा कि अभी तो कम पानी में भी काम चल जा रहा है. लेकिन गर्मी आयेगी तो पानी के लिये हाहाकार मच जायेगा. इसलिये गर्मी आने से पहले ही पानी की बिगड़ी व्यवस्था में सुधार करने की जरूरत है.

### पुराने पाइपो को बदलना जरूरी : अकबर



मो अकबर ने कहा कि क्षेत्र में पानी का कनेक्शन खुली नालियों के उपर से गुजरा है. लगे पाइप काफी पुराने हो चुके हैं. पानी भी कम मात्रा में नियमित नहीं आता है. पुराने पाइपो को बदलने की जरूरत है.

# विद्यानगर में बजबजाती नाली व गंदगी से लोग हैं परेशान, ड्रैनेज का घोर अभाव

रांची । राजधानी रांची के विद्यानगर क्षेत्र स्थित बड़ा पुल और दिपाली टेन्ट हाउस के पीछे वार्ड नम्बर 34 में रहने वाले लोग कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं. व्यविस्थत ड्रेनेज न होना, ड्रेनेज के अभाव में नालियों से बह रहा जहां-तहां गंदा पानी स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है. जगह-जगह फैले कचरों के दुर्गंध से बचने के लिए नाक दबा कर गुजरना अब लोगों की मजबूरी हो गई है. लोगों ने बताया कि कुछ दिनों बाद गर्मी शुरू हो जाएगी, उसके बाद हमें पेयजल संकट से भी जूझना पड़ेगा. समस्याओं को लेकर लोगों ने पूर्व पार्षद को जिम्मेदार ठहराया है.



### पानी नहीं देना था, तो कनेक्शन क्यों दिया गया: सत्येंद्र कुमार



स्थानीय निवासी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि पानी नहीं देना था तो नलों का कनेक्शन क्यों लगाया. हर इंसान के पास बोरिंग लगाने की क्षमता नहीं है. जिसने बोरिंग करायी भी है तो वह स्थाई समाधान नहीं है. यहां स्थिति इतनी भयावह है कि पिछले 15 वर्षों में मैंने तीन बार बोरिंग कराई है. पानी की घोर समस्या की वजह से आने वाले समय में लोग यहां से पलायन करने लगेंगे. अरुणा देवी ने बताया कि सरकारी सुविधा के नाम पर हमें कुछ नहीं मिल रहा है. यहां के पार्षद विकास का कोई काम नहीं कर रहे हैं. होली आते ही पानी की किल्लत शुरू हो जाएगी. यह सोचकर हमें अभी से ही डर लगने लगा है.

### बदबू से जीना मुहाल: दर्पण



दर्पण देवी ने बताया कि कचरे के दुर्गंध से जीना मुश्किल हो गया है. घर से कचरा निकाल कर रख देने के बाद भी कचरे का उठाव नहीं होता है, इस कारण रोड पर कचरा फैला रहता है. लोग कचरे के बीच आने-जाने के लिए विवश हैं. गंदगी से परेशान मनीता देवी ने बताया कि एक वक्त का भोजन कर जीवन गुजारा करना पसंद है लेकिन गंदगी में जीना पसंद नहीं.

### समस्या का निदान हो: विनोद

पूर्व वार्ड पार्षद विनोद सिंह ने कहा कि आबादी बढ़ रही है. नगर विकास विभाग पार्षद मद में जितनी राशि देता है, उतनी राशि में निर्माण संभव नहीं. नालियों के लिए 200 करोड़ की आवश्यकता है. समस्या के समाधान के लिए विधायक से मिलना चाहिए. हमारे पास कचरा उठाव के लिए 4 ट्रैक्टर और 6 टेम्पो सहित कुल 10 गाड़ियां है. हर दूसरे दिन कचरे का उठाव किया जाता है. इसमें स्थानीय लोगों को भी सहयोग करना चाहिए. कई घरों में नल का कनेक्शन दे दिया गया है, कई घरों में बाकी है.

## सुखदेवनगर थानेदार ने 5 दिन की छुट्टी मांगी, एसएसपी ने लाइन हाजिर किया

# महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास, थानेदार पर गंभीर आरोप


- महिला के अनुसार, थानेदार ने उससे एक सादे पेपर पर हस्ताक्षर भी करवा लिया है
- महिला ने नोट में लिखा है कि रवि मिश्रा गोलीकांड की जांच के दौरान थानेदार ने कमरे में अकेले आने के लिए उन पर दबाव डाला.

**संवाददाता।रांची**

शहर की एक महिला ने शनिवार देर शाम आत्महत्या की कोशिश की है. इससे पूर्व उसने एक सुसाइड नोट भी लिखा, जिसमें उसने सुखदेवनगर थाना प्रभारी रमाकांत ओझा पर गंभीर आरोप लगाये हैं. महिला ने नोट में लिखा है कि रवि मिश्रा गोलीकांड की जांच के दौरान थानेदार ने कमरे में अकेले आने के लिए उन पर दबाव डाला. उसने थानेदार पर जबरन पासपोर्ट, मोबाइल और शादी का एल्बम जब्त करने के भी आरोप लगाये हैं. महिला के अनुसार, थानेदार ने उससे एक सादे पेपर पर हस्ताक्षर भी करवा लिया है. महिला के आरोप लगाते ही थानेदार ने पांच दिनों की छुट्टी का आवेदन एसपी को दिया है. उधर मामला संज्ञान में आते ही एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बड़ी कार्रवाई की है. उन्होंने सुखदेवनगर थाना प्रभारी रमाकांत ओझा को तत्काल लाइन हाजिर कर दिया. इस बीच, पता चला है कि महिला पेशे से वकील है और मानसिक रूप से बेहद प्रताड़ित महसूस कर रही है.

### थाना प्रभारी ने मांगी पांच दिनों की छुट्टी

मामले में सुखदेवनगर थाना प्रभारी से फोन पर बात करने की कोशिश की गयी, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया. हालांकि खबर है कि सुखदेव नगर थाना प्रभारी ने एसपी को आवेदन देकर पांच दिनों की छुट्टी मांगी है. रमाकांत ओझा ने आवेदन में लिखा कि कांड सं. 58/24 के अनुसंधान में लगातार जागने के कारण उनकी तबीयत बहुत ज्यादा खराब हो गयी है. अतः श्रीमान से सादर अनुरोध है कि मेरा पांच दिनों का क्षतिपूर्ति अवकाश स्वीकार करने की कृपा करें. मेरे अवकाश के दौरान प्रभार में एसआई विजय कुमार (1994 बैच) रहेंगे. आवेदन में लिखा कि सरकारी मोबाइल, वायरलेश और थाना दैनिकी का प्रभार विजय कुमार को दे दिया है.



महिला का सुसाइड नोट.

*महिला ने नोट में लिखा कि वह यह बेइज्जती और सहन नहीं कर सकती. उसका किसी से कोई रिश्ता नहीं है. यह आत्महत्या नहीं मेरा कत्ल है.*

### जांच के नाम जबरन घर से उठा कर थाना ले गये

महिला ने अपने सुसाइड नोट में लिखा है कि थानेदार जांच के नाम पर जबरन उन्हें घर से उठाकर थाना ले गये. सादे कागज पर हस्ताक्षर नहीं करने पर थानेदार ने उसे रातभर थाना में रखने और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी. थानेदार ने अकेले मिलने से मना करने पर जबरन घसीट कर उठाने की बात भी कही. जांच के दौरान थानेदार ने कई लोगों के मोबाइल वापस कर दिये, लेकिन उसका पासपोर्ट, मोबाइल और फोटो बिना कारण रख लिया. आरोप है कि थानेदार ने उससे जांच के क्रम में बेहूदा सवाल किये और मुझ पर दोस्ती करने के लिए दबाव बनाया. पीड़ित महिला ने कहा कि यह प्रशासन की नाकामी को दर्शाता है. एक औरत की बेबसी का फायदा कैसे उठाया जा सकता है, इस कांड का यह प्रमाण है. महिला ने नोट में लिखा कि वह यह बेइज्जती और सहन नहीं कर सकती. उसका किसी से कोई रिश्ता नहीं है. यह आत्महत्या नहीं मेरा कत्ल है. सबको सजा दो. नाकाम प्रशासन बेटी बचाओ नहीं-बेटी को षडयंत्र कर फंसा कर मार दो.

# सड़क पर उतरे किसान, कहा- मांगें पूरी करवाकर ही दम लेंगे

## केंद्रीय मंत्रियों और किसान नेताओं के बीच चंडीगढ़ में चौथे दौर की वार्ता में भी रही तनातनी

**कुमार माधवन**




दिल्ली बॉर्डर पर किसान आंदोलन के बीच केंद्र सरकार और किसानों की चंडीगढ़ में हुई चौथे दौर की वार्ता भी रविवार की देर रात तक चली. खबर लिखने तक बैठक जारी थी. हालांकि बताया गया कि एमएसपी, किसानों के कर्ज और पेंशन मामलों को लेकर दोनों तरफ से वार्ता में तनातनी जारी थी. इस बैठक में भी सरकार और किसानों के बीच कोई सहमति बनती नहीं दिख रही है. इससे पहले चंडीगढ़ में केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा के नेतृत्व में तीन मंत्रियों और किसान नेताओं के बीच रविवार की देर शाम को चंडीगढ़ में चौथे दौर की बातचीत शुरू हुई. उधर, किसान उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं. केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय किसान नेताओं के साथ बैठक के लिए सेक्टर-26 स्थित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान पहुंचे. पंजाब के सीएम भगवंत मान भी बैठक में शामिल हुए. यह बैठक ऐसे वक्त में हुई, जब हजारों किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू और खनौरी में डटे हुए हैं तथा किसानों के दिल्ली चलो मार्च को राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश से रोकने के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात हैं.

एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा, किसान कृषकों के कल्याण के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेत मजदूरों के लिए पेंशन तथा कर्ज माफी, लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा देने की भी मांग कर रहे हैं. किसानों और मंत्रियों की बैठक से पहले दिन में, संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने घोषणा की कि फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी सहित किसानों की मांगों को स्वीकार करने का केंद्र पर दबाव बनाने के लिए मंगलवार से तीन दिन तक पंजाब में भाजपा के नेताओं के आवासों का घेराव किया जाएगा.

### तो हरियाणा के किसान भी उतरेंगे आंदोलन में

पंजाब सीमा पर आंदोलनरत किसानों के साथ सरकार के साथ बैठक असफल रही तो हरियाणा के किसान भी पूरी तरह से सड़कों पर आ जाएंगे. सभी किसान संगठन, खापें व अन्य संगठन एक होकर बड़ी लड़ाई लड़ेंगे और मांगें पूरी करवाकर ही दम लेंगे. इस बार दिल्ली के किसानों को भी साथ लिया जाएगा.

### नई दिल्ली में होगी एसकेएम की बैठक

भविष्य की कार्ययोजना तय करने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम), एनसीसी और आम सभा की 21-22 फरवरी को नई दिल्ली में बैठक होगी. किसानों ने अपील की है कि किसान विरोधी, मजदूर विरोधी, राष्ट्र विरोधी कानून बनाकर चुनावी बांड और बदले में लाभ के कॉर्पोरेट भ्रष्टाचार को उजागर करें.

### जेल अदालत में 4 बंदियों को किया गया रिहा

**रांची।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की ओर से रविवार को होटवार जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. इसका आयोजन डालसा, सचिव राकेश रंजन की अध्यक्षता में हुआ. इसके लिए लंबित वाद निष्पादन को लेकर होटवार जेल में चार बंदियों का आवेदन जेल अदालत में समर्पित किया गया. जिस पर 4 बंदियों को रिहा किया गया. इनमें धीरज मुंडा, झरी मुंडा, तीरथनाथ, प्रेमचन्द मुंडा शामिल हैं. राकेश रंजन, शंभु महतो एवं डीएन शुक्ला न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, तथा जेलकर्मी एवं कई बंदी उपस्थित थे.

# सरकार गरीबों पर ध्यान केंद्रित करे: राज्यपाल

**संवाददाता।रांची**



- यहां किसकी कितनी आबादी है, सब लोग जानते हैं

झारखंड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार को बहुत अधिक बातें करने के बजाय सबसे गरीब लोगों के विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए. झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने पड़ोसी राज्य बिहार की तर्ज पर राज्य में जाति आधारित सर्वेक्षण को हरी झंडी दे दी. इसके कुछ ही देर बाद राधाकृष्णन का यह बयान आया है. यह पूछे जाने पर कि क्या इस प्रकार के सर्वेक्षण से झारखंड के लोगों को लाभ होगा, राधाकृष्णन ने कहा, राज्य की जनसांख्यिकी के बारे में हर कोई जानता है. हमें बहुत सारी बातें करने के बजाय सबसे गरीब लोगों के विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए. राधाकृष्णन ने राज्यपाल के रूप में एक साल का कार्यकाल पूरा होने के मौके पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह कहा. उन्होंने दूर-दराज के इलाकों में पाइप से पानी पहुंचाने की सुविधा तेजी से उपलब्ध कराए जाने और प्राथमिक स्तर की शिक्षा में सुधार की भी सराहना की. राधाकृष्णन ने कहा, झारखंड में लगभग आठ प्रतिशत (घरों) में पाइप के जरिए पानी पहुंचाए जाने की सुविधा थी और इन घरों की संख्या अब 35 प्रतिशत से 38 प्रतिशत के बीच पहुंच गई है.

मुझे इसके और बेहतर होने की उम्मीद है और हम अगले साल तक 60 प्रतिशत काम पूरा कर लेंगे. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर उच्च शिक्षा को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है. राज्यपाल ने कहा कि राज्य में आवास, सिंचाई और वन विकास पर और ध्यान दिए जाने की भी जरूरत है.

**असंतोष**

## मंत्री नहीं बनने से दुखी लातेहार विधायक ने अपने समर्थकों के साथ की बैठक, बनी रणनीति

# झामुमो से नाराज विधायक बैद्यनाथ राम पर डोरे डाल रही भाजपा

**विशेष संवाददाता।रांची**

सीएम चंपाई सोरेन सरकार के मंत्रियों की सूची से अंतिम समय में नाम कट जाने से नाराज लातेहार के झामुमो विधायक बैद्यनाथ राम अब अपनी सरकार के खिलाफ खुलकर नाराजगी प्रकट कर रहे हैं. झामुमो की ओर से उन्हें मनाने की कोशिशें हो रही हैं. स्वयं मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने उनसे बातचीत कर धैर्य रखने को कहा था. बताया जा रहा है कि उनकी भावना का ख्याल रखा जाएगा.

हालांकि भाजपा बैद्यनाथ राम के प्रति सहानुभूति दिखा रही है. इसे पार्टी की तरफ आकर्षित करने का तरीका भी बताया जा रहा है. बता दें कि बैद्यनाथ राम के इस अपमान को



भाजपा ने अनुसूचित जाति के अपमान से जोड़ दिया है. नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी से लेकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने इसे लेकर लगातार बयान दे रहे हैं. भाजपा इसी बहाने सरकार की घेराबंदी के साथ-साथ रणनीतिक मोर्चे पर फायदा लेना चाहती है. इसकी एक वजह बैद्यनाथ राम की राजनीतिक यात्रा भी है. भाजपा में उन्होंने लंबा समय गुजारा है. वे राज्य सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं. भाजपा के भीतरखाने यह चर्चा है कि लातेहार में उनके पार्टी के साथ आने का लाभ मिलेगा. पिछले विधानसभा चुनाव में टिकट कटने के कारण वे झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए थे.

### समर्थकों संग बनाई रणनीति, जल्द लेंगे ठोस निर्णय

इधर, रविवार को बैद्यनाथ राम के आवास पर खूब गहमागहमी रही. अनुसूचित जाति के संगठनों ने उनके प्रति एकजुटता प्रदर्शित की. कहा गया कि सरकार अपनी गलती सुधारे नहीं तो चरणबद्ध तरीके से विरोध होगा. रांची में रैली करने की भी रणनीति बनी है. कहा गया कि यह राज्य के 50 लाख दलितों का अपमान है. पूरा समाज साथ खड़ा है. बैद्यनाथ राम ने भी दोहराया कि वे आहत महसूस कर रहे हैं. उन्होंने कभी भी सरकार से मंत्री पद की मांग नहीं की थी. इसके बावजूद उन्हें मंत्री बनाने का न्योता मिला और तुरंत उसे वापस ले लिया गया. मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया है. अगर वे कोई फैसला नहीं करेंगे तो वे कुछ भी निर्णय लेने को स्वतंत्र हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के दबाव में यह सबकुछ किया गया, जो अनुचित है. हमें उम्मीद है कि जल्द उन्हें मंत्री बनाया जाएगा. उन्होंने कहा कि उन्हें राजभवन से फोन आ चुका था, वे राजभवन पहुंच ही गए थे मगर पहुंचने के जस्ट पहले उन्हें मुख्यमंत्री आवास पहुंचने को कहा गया. बताया गया कि कांग्रेस से इस मुद्दे पर विवाद हो गया है. इसलिए अभी आपका शपथ ग्रहण नहीं कराया जा रहा है. मगर जल्द ही इसका फैसला कर लिया जाएगा. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार को कांग्रेस के दबाव में नहीं आना चाहिए. क्योंकि कांग्रेस के हिस्से का चार मंत्री पद उन्हें मिल चुका है. मुख्यमंत्री को मजबूती के साथ अपने फैसले पर अडिग रहना चाहिए. उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि अब आगे क्या होगा. देखना होगा. हां मगर इतना तय है कि जल्द ही इसका फैसला नहीं हुआ तो हमारे लिए पूरा आसमान खुला है.

# किशोरगंज के एक घर में लगी आग, फायर ब्रिग्रेड टीम पहुंची



**संवाददाता।रांची**

सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के किशोरगंज स्थित रोड नंबर 6 में एक घर में रविवार की शाम आग लग गई. आग लगने की घटना से मौके पर अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया. घर के दूसरे तल्ले में आग लगी है. घर में आग कैसे लगी, अब तक इसके पीछे की सही वजह सामने नहीं आ पायी है. हालांकि आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट होने की वजह से घर में आग लगी है. स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से आग पर काबू पाने का कोशिश की, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया. जिसके बाद इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई.

## रिम्स ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ विद्यापति
- सर्जरीः डॉ शीतल मलुआ
- कार्डियोलॉजीः डॉ प्रकाश कुमार
- ऑर्थोपेडिकः डॉ विनय प्रभात
- न्यूरोसर्जरीः डॉ सीबी सहाय
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- ऑब्स गायनीः डॉ एसबी सिंह
- सीटीवीएसः डॉ अंशुल कुमार
- न्यूरोलीजीः डॉ सुरेंद्र कुमार
- ईएनटीः डॉ आरके चौधरी
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- प्लास्टिक सर्जरीः डॉ विक्रांत रंजन
- -पीएमआरः डॉ अमित चैतन्य
- रेडिशन ऑन्कोलॉजीः डॉ अनूप
- सर्जिकल ऑन्कोलॉजीः डॉ अजीत कुमार कुशवाहा
- यूरोलॉजीः डॉ अरशद जमाल व डॉ राणा प्रताप सिंह

## सदर अस्पताल

- मेडिसिनः डॉ बीएन पोद्दार, डॉ रुचिका
- कार्डियोलॉजीः डॉ राकेश झा
- यूरोलॉजीः डॉ पंकज कुमार
- पीडियाट्रिक सर्जरीः डॉ मोहम्मद इमरान
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ वंदिता, डॉ समरीना कमल और डॉ उमा सिन्हा
- पीडियाट्रिक : डॉ अमरेश
- हेमाटोलॉजीः डॉ अभिषेक रंजन
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजीः डॉ जयंत घोष

## शहर में आज

1. एबीवीपी का राजभवन के समक्ष घेराव. दिन के 11 बजे
2. मिथलेश ठाकुर लेंगे मंत्री का पदभार, दिन के 11 बजे
3. दुर्गा मंदिर स्थापना दिवस पर जागरण संध्या 6.30 बजे
4. श्रीबजरंगबली मंदिर में रामकथा संध्या 6 बजे
5. झारखंड तीसरा मार्च का धरना, राजभवन के समक्ष दिन के 10 बजे
6. मदरसा शिक्षक महासंघ का अधिकार सम्मेलन की पीसी, अंजुमन प्लाजा में दिन के 11 बजे
7. झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की बैठक विधानसभा के प्रथम तल्ले में दिन के 11 बजे

## ब्रीफ खबरें

### रामपुर में चलाया गया वाहन जांच अभियान

**रांची।** रांची के रामपुर रिंग रोड के पास अक्सर हो रही सड़क दुर्घटना को देखते हुए रविवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया. इसमें रांची डीटीओ अखिलेश कुमार, ट्रैफिक डीएसपी प्रमोद केशरी और रोड सेफ्टी की टीम मौजूद थी. जांच अभियान में 30 बिना हेलमेट पहले और 4 ट्रिपल राइड के गाड़ी चलाते वाहन सवार पकड़े गए. इसके साथ दोपहिया व चार पहिया वाहन गलत नंबर प्लेट के साथ पकड़े गए लोगों से लगभग 35 हजार रुपये की जुर्माना राशि वसूली गई. इसके साथ रोड सेफ्टी की टीम ने सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया.

### होटल एसो. ने चुटिया थाना प्रभारी का स्वागत किया

**रांची।** झारखंड होटल एसोसिएशन ने शनिवार को चुटिया थाना के नवनियुक्त थाना प्रभारी उमाशंकर का स्वागत किया. इस मौके पर झारखंड होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं चैबर ऑफ कॉमर्स होटल एंड बैंक्वेट सब कमेटी के चेयरमैन अरविंदर सिंह खुराना उर्फ बॉबी, सचिव चिरंजीव राय, टूरिज्म डिपार्टमेंट के अध्यक्ष अमरदीप सहाय उपस्थित थे. इस दौरान सभी होटल मलिकों से मीटिंग के लिए आग्रह किया. होटल एसोसिएशन ने थाना प्रभारी से सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर भी बात की.

---

### झासा का अभिनंदन सह विदाई समारोह, सेवानिवृत्त व प्रोन्नत अधिकारियों को किया गया सम्मानित

# राज्य के विकास में झाप्रसे अधिकारियों का रहा सकारात्मक योगदान

**सम्मान कार्यक्रम**

- झाप्रसे से आईएएस बने 10 अफसरों को किया सम्मानित
- 19 सेवानिवृत्त झाप्रसे अफसरों को दी गई ससम्मान विदाई

संवाददाता। रांची

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रोजेक्ट भवन सभागार में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ (झासा) की ओर से रविवार को स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया. मौके पर बीते साल राज्य प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त हुए पदाधिकारियों के सम्मान में विदाई सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया. ये पदाधिकारीगण विशेष सचिव, अपर सचिव या संयुक्त सचिव स्तर से सेवानिवृत्त हुए हैं. दूसरी ओर इसी कार्यक्रम में राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नत हुए पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया. सम्मान व विदाई के रूप में पदाधिकारियों को झासा की ओर से शॉल ओढ़ा कर व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया और उनके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को रेखांकित करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त की गयी.



**सेविनिवृत्त पदाधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों पर झासा को गर्व है : रंजीता**

समारोह में सम्मानित हुए अधिकारियों ने कहा कि एसोसिएशन की तरफ से इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाने से साथी अधिकारियों में समूह भावना प्रगाढ़ होती है और उनमें एकता और बंधुत्व का भाव बढ़ता है. मौके पर झासा अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम ने अपने संबोधन में कहा कि यहां सम्मानित हो रहे अपने सभी सेवानिवृत्त पदाधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों पर झासा को गर्व है. कहा कि झासा ही नहीं, राज्य के नागरिक भी उनके द्वारा राज्य के विकास में दिए गए योगदान के प्रति कृतज्ञ हैं. कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी संजय कुमार ने किया. वहीं धन्यवाद ज्ञापन महासचिव राहुल कुमार ने किया. मौके पर सम्मानित होने वाले विशेष आमंत्रित अधिकारियों के अलावा ओम प्रकाश शाह, दिलीप तिर्की, मीना, रामनारायण सिंह, मनीषा तिग्गा, मनीषा तिर्की, प्रवीण केरकेट्टा, पंकज कुमार सिंह, मुकेश मछुआ, अरुणा कुमारी, प्रवीण सिंह आदि मौजूद थे.

**ये पदाधिकारी सेवानिवृत्त हुए**

सम्मान सह विदाई समारोह में जिन पदाधिकारीयों को झासा की ओर से सामूहिक विदाई देते हुए सम्मानित किया गया, उनमें राम कुमार सिन्हा, संजय कुमार, अशोक कुमार खेतान, अभय कुमार सिन्हा, सलन भुइयां, रंजना मिश्रा, राकेश रोशन, रंजीत कुमार सिन्हा, सरिता दास, विल्सन भेंगरा, अशोक कुमार शाह, डॉ संजय सिंह, सुरेंद्र कुमार वर्मा, इंद्रदेव मंडल, अभिषेक श्रीवास्तव, राजेश रंजन वर्मा, नरेंद्र प्रसाद गुप्ता, नंद किशोर गुप्ता, अरविंद मिश्रा शामिल रहे.


**झासा के ये अफसर आईएएस में प्रोन्नत हुए**

झारखंड प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नत जिन पदाधिकारियों के लिए झासा की ओर से स्वागत सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, उनमें विधानचंद्र चौधरी, शैलेंद्र कुमार लाल, राजीव रंजन, सुनील कुमार, सुनील कुमार सिंह, विजय कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार, रंजीत कुमार लाल, मनोज कुमार रंजन शामिल रहे.

---

### सीएनटी जमीन के अवैध कब्जे के मामलों की सघन जांच की मांग

# भाजपा नेताओं के कब्जे में आदिवासियों की जमीनः बंधु



**जुबानी हमला**

- गैरमजरुआ भूमि की खरीद-बिक्री पर लगे रोक
- मुख्यमंत्री से अविलंब कार्रवाई करने का आग्रह

प्रमुख संवाददाता। रांची

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने प्रेस कांन्फ्रेंस कर सीएनटी जमीन के अवैध कब्जे के मामलों को लेकर भाजपा नेताओं पर जुबानी हमला बोला. उन्होंने कहा कि रांची में जमीन के सैकड़ों मामले हैं, जहां गैर-आदिवासियों, भू-माफियाओं, भाजपा नेताओं और उद्योगपतियों ने आदिवासियों की धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व की भूमि पर जबरदस्ती कब्जा जमाया हुआ है. गैर आदिवासियों और भाजपा नेताओं के साथ ही भू-माफियाओं और जमीन दलालों ने भी झारखंड में सीएनटी एक्ट के धज्जियां उड़ा दी है.

उन्होंने कहा कि इस समस्या को जड़ से समाप्त करने की जरूरत है. फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आदिवासी रैयती एवं गैर मजरुआ भूमि की खरीद-बिक्री पर अविलंब रोक लगायी जाए. इस संदर्भ में उन्होंने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से अविलंब कार्रवाई करने का आग्रह किया है.

तिर्की ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तथाकथित भुईहरी जमीन के मामले में संलिप्तता पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार कर लिया. इस मामले पर बोलने में भाजपा नेता विशेष रूप से प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जितने आक्रामक दिखाई देते हैं, वहीं ऐसे सैकड़ों मामले पर वे खामोश क्यों हैं, जहां भुईहरी जमीन का गैर कानूनी रूप से खरीद-बिक्री और हस्तांतरण किया गया. इन सब मामलों में भाजपाई एक शब्द नहीं बोलते. उन्होंने कहा कि वैसे अवांछित तत्व अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए न केवल राजधानी रांची में या इसके आसपास के क्षेत्र, बल्कि पूरे झारखंड में फर्जी कागजात बना कर जमीन के धंधे में संलिप्त हैं. इसके कारण सामाजिक सौहार्द्र को खतरा है और आपराधिक घटनाएं भी बढ़ी हैं.

**बंधु तिर्की ने सीएम से की इन जमीनों के फर्जीवाड़े की जांच की मांग**

1. रातू अंचल के मौजा सिमलिया के खाता संख्या 194, प्लॉट संख्या 3399, रकबा 25 एकड़ गैर मजरूआ भूमि.
2. सीएनटी एक्ट 1869 के खाता संख्या 4 प्लॉट नंबर 24, गंदुरा पहान एवं करमा पाहन के नाम पर दर्ज 2.89 एकड़ भुईहरी जमीन.
3. कांके अंचल के मौजा मालसीरिंग थाना पिठोरिया के खाता संख्या 101, प्लॉट संख्या 279, रकबा 86 डिसमिल, सर्वे खतियान में सरना के रूप में दर्ज है. साथ ही कल्याण विभाग द्वारा उक्त सरना स्थल के संरक्षण हेतु घेराबंदी की योजना स्वीकृत की गयी है, परंतु वहां दबंग तत्व घेराबंदी का विरोध कर रहे हैं.
4. नामकुम के सदाबहार चौक पर दुर्गा मंदिर के पीछे, सुशीला देवी के नाम बंदोबस्ती भूमि खाता संख्या 87/125, प्लॉट संख्या 1265, रकबा 15 डिसमिल.
5. इटकी अंचल के मौजा चचगुरा अवस्थित गैर मजरुआ खास खाते की भूमि खाता संख्या 39, प्लॉट संख्या 193, रकबा 9 .40 एकड़ भूमि.
6. खूंटी जिला के कर्रा थाना अंतर्गत खाता नंबर 01, प्लॉट संख्या 113, 122, रकबा 1.46 एकड़ जमीन.
7. हेहल अंचल के खाता संख्या 113, रकबा 7 .8 एकड़ पर जेपी उद्यान को भू-माफिया ने भ्रष्ट अंचल कर्मियों की मिलीभगत से गायब कर दिया.
8. अरगोड़ा खाता संख्या 148, प्लॉट नंबर 1089, 1090, 1091, 1092 के रकबा 1.19 एकड़ जमीन पर न्यायालय ने खतियानी रैयत के पक्ष में फैसला सुनाया, लेकिन आजतक वह भूमि रैयत के कब्जे में नहीं आई.
9. ओरमांझी अंचल के खाता संख्या 144, प्लॉट संख्या 303, रकबा 2 एकड़ गैर मजरुआ भूमि, जिसपर दो बड़े-बड़े तालाब थे और खतियान में बांध दर्ज है, लेकिन जमीन समतल करा कर उसकी जमाबंदी कर दी गई.
10. नगड़ी अंचल के मौजा हल्हु, खेवट संख्या 2/3, समिलात मलिक, खाता नंबर 18, प्लॉट नंबर 378, 422, 424, 1292, 1170 कुल रकबा 9 .48 एकड़ भूमि.
11. चान्हो अंचल के मौजा तरंगा के खाता संख्या 109, प्लॉट संख्या 21/2232, 21/2233 रकबा 8 एकड़ जमीन.

---

### राजनीतिक पार्टियों ने तेली समाज को छला : श्याम

**रांची।** गुमला के करौंदी रथ बगीचा में छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज का वार्षिक महाजतरा सह सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल लोगों ने राजनीतिक अधिकार के लिए सामाजिक एकजुटता और सद्भाव का संदेश दिया. महाजतरा में जहां 18 गरीब बेटियों का शादी कराया गया और सामूहिक रूप से वर कन्या को आर्शीवाद दिया गया वहीं नागपुरी गायक कलाकार शंकर नायक, महावीर साहु, मंइदूर देवी, चिंता देवी आदि गायक कलाकारों ने ठेठ नागपुरी गीत संगीत व नृत्य में समा बांधने का काम किया. सामूहिक विवाह के बाद नव दपंति वर वधू का नगर भ्रमण कराया गया. मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज के अध्यक्ष श्याम सुंदर साहु ने कहा कि राजनीतिक पार्टियां तेली को हमेशा छलने का काम किया है.

# एक्शन मोड में पुलिस, 1 साल में 2420 अभियुक्त गिरफ्तार

संवाददाता। रांची

रांची पुलिस एक्शन मोड में नजर आ रही है. बीते एक साल में रांची पुलिस ने अलग-अलग मामले में 2420 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है. इसके अलावा साल 2023 के दौरान अलग-अलग नक्सली और उग्रवादी संगठन से जुड़े आठ नक्सली भी गिरफ्तार हुए हैं.

पिछले 365 दिनों के आंकड़ों के अनुसार, राजधानी में हर दिन सात अभियुक्त गिरफ्तार हो रहे हैं. वहीं साल 2022 में 2385, 2021 में 3429 और साल 2020 में 2774 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है. वहीं, एसएसपी चंदन सिन्हा के नेतृत्व में अवैध कारोबार करने में शामिल लोगों पर रांची पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है. पिछले कुछ महीनों की बात की जाए, तो पुलिस ने अवैध शराब के बड़े कारोबार, जुआ अड्डे और अफीम तस्करी के बड़े मामले का भंडाफोड़ किया है.

**जमीन विवाद को लेकर सबसे अधिक हत्याएं**

राजधानी में सबसे अधिक हत्याएं जमीन विवाद को लेकर हुई हैं. हालांकि, पिछले चार महीने में हुई हत्याओं पर नजर डालें, तो ये हत्याएं जमीन विवाद में नहीं, बल्कि आपसी विवाद और प्रेम प्रसंग में हुई है. कहा जाए, तो चार माह में रांची पुलिस ने जमीन विवाद को लेकर होने वाली हत्याओं पर काफी हद तक लगाम लगा दिया है.

# चंपाई सरकार के कई मंत्री आज लेंगे अपना-अपना पदभार

प्रमुख संवाददाता। रांची

चंपाई सोरेन सरकार के कई मंत्री सोमवार को पदभार संभालेंगे. सीएम चंपाई सोरेन 2 फरवरी को ही पदभार ग्रहण कर चुके हैं. उसके बाद आलमगीर आलम ने पदभार संभाला. 17 फरवरी को तीन मंत्रियों बन्ना गुप्ता, हफीजुल हसन और बादल पत्रलेख ने पदभार लिया. अब 6 मंत्रियों रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता, मिथिलेश ठाकुर, बेबी देवी, बसंत सोरेन और दीपक बिरुआ को पदभार ग्रहण करना है.

रामेश्वर उरांव को वित्त, योजना एवं विकास, वाणिज्यकर विभाग, खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले विभाग मिला है. हेमंत सरकार में भी ये विभाग उन्हीं के पास थे. इसलिए उन्हें प्रोजेक्ट भवन में उन्हें पुराना कक्ष ही मिल सकता है. दीपक बिरुआ को पिछली सरकार में मंत्री रहे चंपई सोरेन के विभाग मिले हैं. उन्हें प्रोजेक्ट भवन के निचले तल्ले में स्थित कार्यालय आवंटित किया जाएगा. सत्यानंद भोक्ता को श्रम नियोजन, प्रशिक्षण और कौशल विकास के अलावा उद्योग विभाग भी मिला है. उन्हें भी उनका पुराना कार्यालय ही दोबारा मिल सकता है. पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के भाई बसंत सोरेन को पथ, भवन और जल संसाधन विभाग का जिम्मा मिला है. उन्हें भी प्रोजेक्ट भवन में ऑफिस मिलेगा. बेबी देवी को महिला बाल विकास विभाग मिला है. उन्हें पूर्व मंत्री जोबा मांझी वाला कक्ष आवंटित किया जाएगा. मिथिलेश ठाकुर को भी नेपाल हाउस में उनका कक्ष आवंटित होगा.

### जातीय जनगणना से भ्रम की स्थिति दूर होगीः राजेंद्र



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने सीएम चंपाई सोरेन द्वारा जातीय जनगणना को लेकर अधिकारियों को मौखिक आदेश दिए जाने पर कहा कि सीएम मौखिक नहीं, लिखित आदेश दें. उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना कराने को लेकर मोर्चा लगातार मांग करता रहा है. इससे राज्य में भ्रम की स्थिति दूर होगी और सही जानकारी लोगों को मिल पाएगी कि वास्तव में किन जातियों की कितनी आबादी है और उनकी आर्थिक, शैक्षणिक स्थिति क्या है? झारखंड में जातीय गणना से समाज में कोई कटुता पैदा नहीं होगी, बल्कि हर जाति, धर्म के पिछड़े, वंचित लोगों को विकास की मुख्य धारा से सरकार को जोड़ने में मदद मिलेगी.

---

### मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मिथिला मंच के कैलेंडर का किया विमोचन

# झारखंड के विकास में मांगा सहयोग

संवाददाता। रांची

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने रविवार को आइएमए भवन, रांची में झारखंड मिथिला मंच के कैलेंडर सह पंचांग का विमोचन किया. इस दौरान मंच द्वारा उनके सम्मान के लिए उत्साह जताया. मिथिला समाज के कार्यक्रमों में मैथिली भाषी लोगों के लिए अतिथि शब्द के प्रयोग से बचने का आग्रह किया. पंचांग की सराहना करते कहा कि इसकी प्रतीक्षा हम सब करते हैं.

इसके माध्यम से अपने समाज के लोकप्रिय पर्व, त्योहार और अन्य अवसरों की जानकारी मिलती है. उन्होंने आगे कहा कि जो भी अरसे से यहां रह रहे हैं, वे सब झारखंडी हैं. मूलवासी शब्द को गलत तरीके से यहाँ प्रचारित किया जाता है. मैथिल भाषी समाज की तो पहचान ही उसके मूल, उत्पत्ति से होती है. जो भी मैथिल भाषी यहां रह रहे हैं, वे इस राज्य को संवारने, इसके विकास में पूरी मेहनत करें और आगे बढ़ें.




मौके पर झारखंड मिथिला मंच के महासचिव मिथिलेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष सतीश झा के अलावा मंच के कृष्ण मोहन झा, सुजीत झा, सर्वजीत चौधरी, भुवन किशोर झा, डी कुंवर, डा आरसी झा, सीआरपीएफ के रवि प्रकाश मिश्रा, डॉ आनंद शेखर झा, वरिष्ठ पत्रकार विजय पाठक, सुजीत झा, निशिकांत पाठक, जानकी प्रकोष्ठ की निशा झा समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे.

### मेटास एड्वेंटिस्ट कॉलेज व एसडीए हॉस्पिटल स्कूल ऑफ नर्सिंग में शपथ ग्रहण

# 20 छात्र-छात्राओं ने ली फ्लोरेंस नाइटेंगल शपथ

संवाददाता।रांची

मेटास एड्वेंटिस्ट कॉलेज एवं एसडीए हॉस्पिटल स्कूल ऑफ नर्सिंग में लैंप लाइटिंग और शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन हुआ. इसमें बेसिक बीएससी नर्सिंग के 60 और जीएनएम के 20 छात्र-छात्राओं को फ्लोरेंस नाइटेंगल शपथ दिलाई गई.

समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ. सुधा देवी एम (प्रिंसिपल, कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रिम्स), कॉलेज के एक्सक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट कार्नेलियस मुर्मू, डॉ. रीता अर्नेस्ट (मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, एसडीए हॉस्पिटल), एसडीडी नायडू (जेनरल वाइस प्रेसिडेंट), अजीत बाजराय रजिस्ट्रार), विजय राज, कॉलेज प्रिंसिपल मर्लिन मोहन, स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल सुनीता हंसदा उपस्थित थीं. अलफोंस थॉमस कुजूर ने कार्यक्रम में फ्लोरेंस नाइटेंगल का किरदार निभाया और छात्रों की अगुवाई की. वहीं सुनीता हांसदा द्वारा छात्र-छात्राओं को फ्लोरेंस नाइटेंगल की शपथ दिलाई गई.



**नर्सिंग पेशा नहीं, समाज सेवा के लिए ईश्वर का निमंत्रण : सुधा :** कायक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ. सुधा देवी ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं है, बल्कि यह समाज की सेवा करने के लिए ईश्वर का निमंत्रण है और आप हमारे देश के लिए नर्सिंग पेशे का भविष्य हैं. आप सभी को पेशेवर शिष्टाचार का पालन करना चाहिए. जैसे कि दूसरों की प्रति विनम्र और कोमल होना. रोगियों, बड़ों और अधिकारियों का सम्मान करना. न्याय, त्याग, जवाबदेही, निष्ठा और सत्यता जैसी नैतिकता का पालन करना.

उन्होंने यह भी कहा कि समीक्षात्मक सोच व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक दोनों तरह के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है. समीक्षात्मक सोच की प्रक्रिया में किसी विशेष परिस्तिथि में निर्णय लेने के पूर्व स्तिथि के विभिन्न तथ्यों और आंकड़ों का विश्लेषण करना शामिल है. व्यवहरिक पेशे में जाने और मरीजों के देखभाल की योजना बनाते समय आपको मरीजों की जरुरत और समस्याओं को प्राथमिकता देना सीखना चाहिए.

---

**जागरूकता अभियान** ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश के 100 वर्ष पूरे होने पर समारोह में डॉ सिराजुद्दीन बोले -

# तालीम से ही पूरी की जा सकती है विकसित समाज की कल्पना

संवाददाता। रांची

इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर सह ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सिराजुद्दीन कुरैशी ने कहा कि यह खुशी की बात है कि कुरैश समाज के 100 साल पूरा होने पर सभी मुसलमान, हमारे हिन्दू भाई, इसाई और दलित समाज के भाई शामिल हुए. हमारे समाज में शिक्षा, रोजगार पर लगातार काम किया जा रहा है. प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी की अध्यक्षता में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया. वह ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश संस्थान के 100 वर्ष पूरे होने पर झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के तत्वावधान पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने उद्गार व्यक्त कर रहे थे. रविवार को अंजुमन प्लाजा के मौलाना आजाद हॉल में आयोजन किया गया था. उन्होंने कहा कि झारखंड में स्लॉटर हाउस की सख्त जरूरत है. सरकार को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है. देश के करीब सभी प्रदेशों में माडर्न स्लॉटर हाउस हैं. उन्होंने कहा कि तालीम के बगैर हम अधूरे है. तालीम जरूरी है, तालीम से ही विकसित समाज की कल्पना पूरी की जा सकती है.




**समाज की बेहतरी पर करेंगे कार्य : डॉ महुआ**

राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने कहा कि हमारी पार्टी एवं गठबंधन की सरकार प्रयास कर रही है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम वर्ग तक पहुंचे. समाज की बेहतरी पर कार्य करेंगे. नशा का बढ़ता चलन बड़ी परेशानी है. इस पर आप लोगों ने बेहतर कार्य किए हैं.

**वधशाला की परेशानी को सीएम करेंगे दूरः डॉ यूसुफ**

सिविल कोर्ट मेरठ के अधिवक्ता सह ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ युसूफ कुरैशी ने कहा कि समाज टूटने से बचाना है और एकजुटता पर बल देना है. कुरैशियों की समस्याएं वधशाला से संबंधित है. इसके लिए उम्मीद है राज्य के मुख्यमंत्री इस गंभीर मसले पर उचित निर्णय लेंगे.

**शिक्षा पर काम करने की जरूरत : अब्दुल माजिद**

नागपुर हाईकोर्ट के अधिवक्ता अब्दुल मजीद कुरैशी ने कहा कि शिक्षा पर काम करने की जरूरत है. जहां स्कूल, मदरसा नहीं हैं, वहां पर स्थापित करें. अगर स्कूल, मदरसे हैं, तो वहां बच्चे पढ़ने जाएं, यह सुनिश्चित कराएं. हमारी बेटियों शिक्षा ग्रहण करने में कोई परेशानी होती है, तो हमारे संगठन में बातों को रखें.

**सभी ने मिल कर किया सफल : मुजीब**

प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने कहा कि ऑल ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश संस्थान का 100 साल पूरा हुआ और झारखंड प्रदेश का अध्यक्ष होने का नाते इस कार्यक्रम को मैंने करने का ढाना. सबसे बड़ी बात है कि झारखंड के तमाम जिले ,रांची कांटाटोली, डोरंडा, गुदरी आजाद बस्ती, जमशेदपुर, गुमला, हजारीबाग, जसपुर, लोहरदगा, चाईबासा आदि के कुरैशी समाज के लोग शामिल हुए.

# महाजनी प्रथा का विरोध करने वाले खुद महाजन बन बैठे : सुदेश

प्रमुख संवाददाता। रांची

रविवार को अरगोड़ा मैदान में आजसू पार्टी की ओर से मिलन समारोह का आयोजन किया गया. मिलन समारोह में जितेंद्र सिंह अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. साथ ही जेएमएम नेता शाहजहां मंसूरी और रांची निवासी मो. कैफ, उमर अली, आफताब आलम समेत कई लोगों ने भी पार्टी का दामन थामा.

संबोधित करते हुए पार्टी प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि महाजनी प्रथा का विरोध करने वाले लोग आज झारखंड राज्य में खुद महाजन बन बैठे हैं. यह राज्य सिर्फ वोट से नहीं बेहतर नेतृत्व से चलेगा. हमारा एक मात्र ध्येय राज्य को संवारना है. राज्य के समेकित



विकास के लिए आपका साथ और आपका भरोसा चाहिए. सुदेश ने आगे कहा कि शहर की चकाचौंध में शहर की मूलभूत आवश्यकताएं छिप जाती हैं. झुग्गी- झोपड़ी में रहने वाले गरीब के बेटे के भविष्य को भी सुरक्षित करना होगा. गरीबों के चेहरों पर मुस्कान लाना मेरा लक्ष्य है. सरकार के पास लोगों के जीवन में सुधार के लिए कोई प्लान नहीं है. शहरी परिवेश को स्मार्ट बनाने की जरूरत है.

### मुनिश्री की समाधि की सूचना से रांची के जैन समाज में शोक की लहर, बंद रखीं दुकानें और प्रतिष्ठान, किया णमोकार मंत्र का जाप

# जैन मंदिर में संत शिरोमणि विद्यासागर जी को दी गयी विनयांजलि

संवाददाता। रांची

जैन समाज के विश्व प्रख्यात संत शिरोमणि विद्यासागर जी की शनिवार रात 2.35 बजे चंद्रागिरी तीर्थ डोंगरगढ़,छत्तीसगढ़ में समाधि हो गई. जैसे ही यह सूचना रांची समाज को मिली. सभी शोकाकुल हो गये. मंदिर में एकत्रित हो दुःखी मन से सद्गुरु को विनयांजलि दी. लोगों ने अपनी दुकानें और प्रतिष्ठानों को बंद रखा. इसके बाद शाम साढ़े छह बजे पुनः मंदिर में समाजन जुटे और महामुनि महाराज को विनयांजलि दी. पारसनाथ से आये आचार्यश्री के शिष्य प्रमाण सागर जी के संघस्थ क्षुल्लकश्री 105 समादर सागर जी, चिद्रूप सागर जी, स्वरूपसागर जी और सुभगसागर जी संग णमोकार मंत्र का जाप भी किया.



**खास बातें**

- शाम साढ़े छह बजे दिगंबर जैन मंदिर में जुटे समाजन
- दिगंबर जैन मंदिर में आज सुबह आठ बजे विनयांजलि सभा
- श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न जैन संगठनों के प्रतिनिधि रहे शामिल

मीडिया प्रभारी राकेश काशलीवाल ने बताया कि दिगंबर जैन मंदिर में सोमवार को सुबह सवा आठ बजे भी विनयांजलि सभा होगी. श्रीदिगंबर जैन पंचायत रांची के अध्यक्ष नरेंद्र जैन गंगवाल, उपाध्यक्ष और भारतवर्षीय दि. जैन महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष प्रदीप वाकलीवाल, मंत्री पंकज पांडया, पूर्व उपाध्यक्ष अजय गंगवाल, जैन राजनीतिक चेतना मंच, झारखंड के महामंत्री संजय पाटनी, छीत्तरमल गंगवाल, पूर्णमल जी सेठी, हेमंत सेठी, प्रवीण छाबड़ा, राकेश गंगवाल, संजय छाबड़ा आदि ने इसमें मुख्य रूप से हिस्सा लिया.

# धनलक्ष्मी श्रीनिवासन विवि का एजुकेशनल एसोसिएट मीट

संवाददाता। रांची

धनलक्ष्मी श्रीनिवासन यूनिवर्सिटी, तिरुचिरापल्ली की ओर से लालपुर स्थित होटल रेनडिउ में एक एजुकेशनल एसोसिएट मीट का आयोजन किया गया. मौके पर रांची के विभिन्न स्कूलों के शिक्षक, प्रतिनिधि, कोचिंग संस्थानों के संस्थापक, करियर सलाहकार एवं एजुकेशनल कंसलटेंट शामिल हुए. कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, डॉ संजय सिंह एवं डायरेक्ट एडमिशन, सतीश कुमार ने अपने वक्तव्य द्वारा कई जानकारियां उपलब्ध करायीं. उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी के छात्रों को प्लेसमेंट के लिए काफी ध्यान दिया जाता है. उक्त यूनिवर्सिटी में मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ, नर्सिंग, आर्किटेक्चर आदि कई क्षेत्रों में कोर्सेज करवाए जाते हैं. डॉ संजय कुमार ने बताया कि झारखंड एवं बिहार के मेधावी छात्रों के लिए यूनिवर्सिटी की फीस में 50 फीसदी की स्कॉलरशिप दी जा रही है और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत लड़कियों को अतिरिक्त 10 फीसदी की स्कॉलरशिप भी दी जा रही है. संचालन करियर सलाहकार डॉ. एसएस सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रतिनिधि पलानीअप्पन ने किया. मौके पर गौरव राजपूत, मो वसीम अहमद शामिल थे.

### रातु रोड स्थित दुर्गा मंदिर के 37वें वार्षिकोत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

# निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

संवाददाता। रांची



राजधानी के रातु रोड स्थित दुर्गा मंदिर के 37वां वार्षिकोत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. पहले दिन मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी. मंदिर परिसर से यात्रा राणी सती मंदिर पहुंची. यहां से पवित्र जल कलश में भरा गया. इसके बाद भक्तगण पहाड़ी मंदिर रोड, गाड़ीखाना चौक, जेजे रोड, शहीद चौक से मुड़कर गांधी चौक, महावीर चौक के रास्ते न्यू मार्केट चौक, रातू रोड होते हुए वापस मंदिर लौटे. इसके बाद जल भर कर लाये गये कलश को मंदिर में स्थापित किया गया. प्रसाद वितरण के साथ पहले दिन का कार्यक्रम संपन्न हुआ.

**यात्रा से पहले अभिषेक कर मां किया गया श्रृंगार :** शोभा यात्रा से पहले सुबह साढ़े आठ बजे मां का अभिषेक-पूजन कर पुष्प से आकर्षक श्रृंगार किया गया. मंदिर के पुरोहित संतोष पाठक ने नेम-निष्ठा से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गणपत्यादी देवताओं का पूजन-अनुष्ठान संपन्न कराया. इसके बाद मंदिर परिसर से सुबह 10 बजे कलश शोभा यात्रा निकाली गयी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व श्रद्धालु शामिल हुए. प्रचार वाहन और बैंड बाजा के कलाकारों के साथ आरआर स्पोर्टिंग क्लब के मुख्य संरक्षक विक्की यादव, अध्यक्ष राहुल यादव, कोषाध्यक्ष रोहित यादव, पूर्व पार्षद अशोक यादव, अजय कुमार सिन्हा टुनटुन समेत क्लब के सदस्य अगुवाई करते चल रहे थे. इनके पीछे कलशधारी महिलाओं और श्रद्धालुओं की लंबी कतार थी. शोभा यात्रा में वाहन पर श्रीराम दरबार और मां दुर्गा की मनोहारी जीवंत झांकी आभा बिखेर रही थी. तासा पार्टी और डीजे वाले वाहन के साथ कलशधारी महिलाएं भी मां के जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ रही थी.

**खास बातें**

- कलश यात्रा से पूर्व किया गया मंदिर का फूलों से श्रृंगार
- प्रसाद वितरण के साथ पहले दिन का कार्यक्रम संपन्न
- अंतिम दिन स्थापना पूजन, भंडारा सहित कई कार्यक्रम

**अंतिम दिन स्थापना पूजन तथा भंडारा का आयोजन**

वार्षिकोत्सव के दूसरे और अंतिम दिन सुबह से देर शाम तक भक्ति की अविरल धारा बहेगी. सुबह दैनिक पूजन-आरती के बाद लाये गये पवित्र जल से शुद्धि की जायेगी. इसके बाद स्थापना पूजन-अनुष्ठान चलेगा. हवन के बाद दोपहर साढ़े 12 बजे से भंडारा शुरू होगा. शाम साढ़े छह बजे से देर शाम तक भक्ति गीतों का कार्यक्रम चलेगा.

### कोकर में श्रीबजरंगबली मंदिर के वार्षिकोत्सव पर निकली भव्य कलश यात्रा



**रांची।** श्रीबजरंगबली मंदिर, कोकर इंडस्ट्रियल एरिया के पांच दिवसीय रजत जयंती उत्सव की शुरुआत रविवार को भव्य कलश शोभायात्रा से हुई. अयोध्या से आये श्रीराम कथावाचक आनंद मुनी जी संग बड़ी संख्या में कलशधारी महिलाएं और श्रद्धालुओं ने इसमें हिस्सा लिया. दिन के दस बजे दैनिक पूजन-आरती के बाद यात्रा निकाली गयी. ढोल-ताशे के साथ झूम कर यात्रा निकली तो लाल चुनरी में मनोहारी छटा बिखेरती महिलाओं की लंबी कतार से वातावरण गुलजार हो गया. जय जय श्रीराम का घोष करते श्रद्धालु मुख्य सड़क से होते हुए स्थानीय पगला बाबा आश्रम आये. यहां से पवित्र जल कलश में भरा गया. फिर सभी प्रभु का नाम सुमिरण करते हुए वापस मंदिर आये. यहां जल से भरा कलश स्थापित किया गया. प्रसाद वितरण के साथ यात्रा संपन्न हुई. अब 22 फरवरी तक नित्य पूजा-अर्चना के साथ श्रीराम कथा पर प्रवचन का कार्यक्रम चलेगा. इस बीच 21 फरवरी की शाम मां भवानी जागरण का भी खास आयोजन किया जायेगा. अध्यक्ष सानू सरकार ने बताया कि सुबह पूजन-अनुष्ठान चलेगा. शाम पांच बजे से कथा शुरू होगी. मुनि महाराज श्रोताओं को श्रीराम कथारस का पान करायेंगे. उन्होंने बताया कि समापन मौके पर पूजन-हवन के बाद वृहत रूप में भंडारा भी चलाया जायेगा. सानू ने श्रद्धालुओं से इसमें भाग लेने का आग्रह किया है.

**दे रहे योगदान**

पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, आइवी पांडेय, अरविंद भैया, संस्थापक छोटेलाल, कोषाध्यक्ष दूधनाथ सिंह, गोपाल सिंह, बसंत कर्मकार, मनोज सिंह, विकास सिंह, तुषार, प्रदीप, अजनेश, सपन दा, विकास, तिवारी जी, दीपू, मुकेश, विशाल, राजेश, गोपाल, किशन, राजेश, बसंत, वशीष्ठ, नकुल, प्रकाश, विष्णु, संजय जी आदि इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दे रहे हैं.

### रांची में सेवा और डॉ लाल्स अस्पताल की ओर से स्वास्थ्य शिविर

# 300 मरीजों ने कराया मुफ्त इलाज

संवाददाता। रांची



रविवार को रांची के झालदा में सेवा और डॉ लाल्स अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. इसमें डॉ लाल्स अस्पताल रांची के द्वारा डॉ समित लाल (नाक, कान एवं गला विशेषज्ञ), डॉ रोहित लाल (हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ),डॉ निखिल मिंज (ईएनटी), डॉ शाब्दिका लाल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ श्वेता लाल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) सहित कई चिकित्सकों ने अपनी सहभागिता निभाई. इस शिविर में लगभग 250-300 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया. इसके साथ मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित की गई. साथ ही साथ प्रूडेंट पैथलैब की तरफ़ से निःशुल्क जांच की व्यवस्था कि गई थी. इस शिविर में उच्च स्तरीय कुछ विशेष जांच में भारी मात्रा में छूट दी गई. आपको बता दें कि सेवा संस्था के द्वारा समय-समय पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है. खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को ऐसे शिविर से काफी लाभ मिलता है.

### अनुकरणीय है प्रभु श्रीराम का जीवन दर्शन : शंभुनाथ

**रांची।** नवनिर्मित हनुमान मंदिर, बीआटी गेट रुदिया, मेसरा में प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार को सुबह से दोपहर बाद तक पंचांग पूजन और मंडप प्रवेश आदि अनुष्ठान चला. इसके बाद शाम छह बहे से श्रीराम कथा शुरू हुई. वृंदावन धाम से आये कथावाचक शंभुनाथ योगी जी ने कथारस का पान कराते हुए इसके महात्म पर विस्तार से प्रकाश डाला. साथ ही कहा कि श्रीराम का जीवन दर्शन अनुकरणीय है. इसके आत्मसात करें. उन्होंने श्रीराम नाम की महत्ता पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम का नाम जपने मात्र से जीव का कल्याण हो जाता है. शास्त्रों में कई जगह उल्लेख है कि भगवान भोले बाबा भी प्रभु के नाम का जाप करते हैं. सूर्य, चंद्र, वायु आदि में जो शक्ति है वह राम नाम में समाहित है. कल्याण मिश्रा सपत्नीक इसमें मुख्य यजमान के रूप में हिस्सा लिया. मंदिर कमेटी के संस्थापक झब्बन उपाध्याय और अध्यक्ष शिशुपाल सिंह ने कथा वाचक का स्वागत किया.

# राष्ट्रीय युवा शक्ति संघ 23 को निकालेगा आक्रोश मार्च

संवाददाता। रांची

शहीदे आजम सरदार भगत सिंह की प्रतिमा को लेकर राष्ट्रीय युवा शक्ति संघ द्वारा रविवार को बैठक की गई. बैठक केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव की अध्यक्षता में पहाड़ी मंदिर स्थित यात्री शेड में संपन्न हुई. बैठक में भगत सिंह प्रतिमा लगाने को लेकर संगठन के पदाधिकारियों द्वारा आंदोलन का रूपरेखा तैयार की गई. आंदोलन के लिए 23 फरवरी से राज भवन के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना देने कि योजना बनाई गई. साथ ही इस धरने के लिए 23 फरवरी को ही आक्रोश मार्च निकाला जाएगा जो पहाड़ी मंदिर से चलकर राजभवन तक जाएगा. राजभवन पहुंचने के पश्चात आक्रोश मार्च धरना में तब्दील हो जाएगा. उल्लेखनीय है कि पिछले 10 महीनों से राष्ट्रीय युवा शक्ति के सदस्य लगातार भगत सिंह की प्रतिमा को स्थापित करने के लिए सरकार एवं प्रशासन अनुमति लेने कि कोशिश कर रहे हैं. पर सरकार की लापरवाही एवं प्रशासन इसमें किसी प्रकार कि दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है. इसलिए राष्ट्रीय युवा शक्ति के सदस्यों ने तय किया है कि अब याचना नहीं रण होगा और इस जंग को लड़ने के लिए राजधानी के विभिन्न गली-मोहल्लों में जाकर हस्ताक्षर अभियान एवं जागरुकता अभियान चलाया जायगा. जिससे राजधानीवासियों का पूर्ण सहयोग मिल सके. बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक जगदीश सिंह जग्गू, सावन लिंडा, रवि कुमार, निखिल गुप्ता, वीरेंद्र गोप, मिथिलेश सिंह, तलविंदर सिंह, विनय सिंह, हिमांशु लाल, अभिषेक बंटी यादव, रंजन माथुर, नितेश वर्मा, शैलेश नंद तिवारी, राजू गुप्ता, अनीता देवी, बबलू सिंह, मन्नू चौधरी, मीना सिंह, विजय तिर्की, जिमी गुप्ता, मोनू विश्वकर्मा, पिंटू लाल, सोनू गुप्ता, मनोज प्रसाद, शाहित बड़ी संख्या में सदस्य बैठक में शामिल थे.

# बीके संस्थान का द्वादश ज्योर्तिलिंग मेला शुरू

संवाददाता। रांची



ब्रह्माकुमारी संस्थान, हरमू रोड का तीन दिनी द्वादश ज्योर्तिलिंगम मेला रविवार से प्रारंभ हो गया.राधा-कृष्ण मंदिर मैदान में दीप प्रज्जवलित कर इसका उद्घाटन मेकॉन के पूर्व अधिकारी शिवचरण विजय, समाजसेवी राकेश पालख, विजयवर्गीय समाज के अध्यक्ष हरि प्रसाद और समाजसेवी ब्रज किशोर विजय ने संस्थान की संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन संग किया. मौके पर उद्गार व्यक्त करते हुए निर्मला बहन ने कहा कि मेला सभी के लिए उपयोगी है. आध्यात्मिक लाभ के लिए हर कोई को एक बार जरूर यहां आना चाहिए. शिव पर तो आक-धतूरा ही चढ़ाया जाता है. संकटमोचन महाकालेश्वर परमात्मा शिव ने मानवता के कल्याणार्थ हलाहल पान किया था. आज वे पुनः सृष्टि पर विकारों का विषपान कर रहे हैं. अतः आप भी जीवन में दुख और अशांति पैदा करने वाले काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार रूपी हलाहल विष को पतित पावन परमात्मा शिव को भेंट चढ़ा दें और स्वयं भी पावन बन जायें. उन्होंने बताया कि सुबह छह से रात आठ बजे तक मेला में द्वादश ज्योतिर्लिंग की मनोरम झांकी का अवलोकन कर सकते हैं.

### रांची के चार परीक्षा केंद्रों पर हुई यूपीएससी परीक्षा

**रांची।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन रविवार को रांची के 4 परीक्षा केंद्रों पर किया गया. इस परीक्षा में सैकड़ों अभ्यर्थियों ने भाग लिया. परीक्षा दो पालियों में हुई पहली पाली की परीक्षा 10 से 12 बजे तक हुई, वहीं दूसरी पाली की परीक्षा 2 से 5 बजे तक चली. परीक्षा केंद्र के बाहर 300 मीटर तक धारा 144 लागू था. प्रारंभिक परीक्षा में दो पेपर की परीक्षा हुई. पहला पेपर सामान्य का और दूसरा पेपर इंजीनियरिंग से संबंधित था. पहले पेपर में 100 प्रश्न पूछे गए थे, जिसके लिए 200 अंक निर्धारित किया गया था. पेपर 2 में 150 प्रश्न पूछे गए थे, जिसके लिए 300 अंक निर्धारित किया गया था. एक घंटा पहले से ही जांच कर अभ्यर्थियों को परीक्षा हाल का अंदर प्रवेश कराया जाने लगा. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा नियत समय पर शुरू हुई.

# रौनियार वैश्य सभा की नयी समिति ने ली शपथ

संवाददाता। रांची



रांची जिला रौनियार वैश्य सभा का शपथ ग्रहण समारोह एनआईबीएम कोचिंग सेंटर में रविवार को संपन्न हुआ. समारोह में सभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपने पद और गोपनीयता की शपथ ली. उन्हें मुख्य अतिथि अखिल भारतीय रौनियार वैश्य सभा के अध्यक्ष श्रवण प्रसाद गुप्ता, झारखंड प्रदेश रौनियार वैश्य सभा के अध्यक्ष सुखदेव प्रसाद गुप्ता, झारखंड प्रदेश की युवा अध्यक्ष संतोष प्रसाद गुप्ता, अखिल भारतीय महासभा के उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, अखिल भारतीय महासभा के सहायक मंत्री अजय प्रसाद गुप्ता एवं उनकी टीम ने शपथ दिलायी.

समारोह में शपथ लेनेवालों में रांची जिला रौनियार वैश्य सभा के नवनियुक्त अध्यक्ष शंभू प्रसाद गुप्ता, महासचिव अशोक कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष बिहारी लाल गुप्ता, संगठन मंत्री राजेंद्र रौनियार एवं उनकी टीम शामिल है. इस अवसर पर अखिल भारतीय रौनियार महासभा के अध्यक्ष श्रवण प्रसाद गुप्ता ने कहा कि समाज का वही व्यक्ति काम कर सकता है, जो समाज को समय दे सके अपना धन दे सके और आलोचक के पात्र होने के बावजूद भी अपने काम को लक्ष्य की प्राप्ति की ओर ले जाने में सक्षम हो इन्हीं मंत्र के साथ कोई भी व्यक्ति आगे समाज को ले जा सकता है. इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को अंगवस्त्र एवं माला देकर सम्मानित किया गया.

इस अवसर पर मुख्य संरक्षक डॉ. विजय राज, एनआईबीएम के निदेशक मनोज कुमार गुप्ता, राधे श्याम प्रसाद गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, शिवपूजन साहू, लालपुर इकाई के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, सचिव शंभू प्रसाद गुप्ता, अरविंद कुमार गुप्ता, सुरेश प्रसाद साहू, मनोज गुप्ता, तमाड़ संयुक्त सचिव के रूप में सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता प्रेम कुमार गुप्ता आदि का स्वागत किया गया.

### राम मंदिर शिव बारात समिति का गठन, मुनचुन बने अध्यक्ष

**रांची।** रविवार को प्राचीन श्री राम मंदिर शिव बारात समिति की बैठक प्राचीन श्री राम मंदिर के प्रांगण में हुई, जिसकी अध्यक्षता समिति के संरक्षक छत्रधारी महतो ने की. बैठक में इस वर्ष 8 मार्च को भव्य शिव बारात निकलने का निर्णय लिया गया. इस दौरान वर्ष 2024 के लिए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया, जिसके अध्यक्ष मुनचुन राय एवं महामंत्री राजकुमार महतो बनाये गये. बैठक में यह भी तय हुआ कि शिव बारात आर.पी.एफ. शिव मंदिर से निकलकर ऐतिहासिक महादेव मंडा (शिव मंदिर) लोअर चुटिया तक जाएगी, वहां पर देवी मंदिर में शिव- पार्वती विवाह संपन्न होगा. इस दौरान महादेव मण्डा स्वागत समिति के द्वारा बारातियों का भव्य स्वागत किया जाएगा.

**धरोहर**

### महाराजा मदरा मुंडा सुतियांबे मुड़हर पहाड़ बचाने को निकाली जाएगी रैली

# अतिक्रमण के कारण बर्बादी के कगार पर मुंड़हर पहाड़

संवाददाता। रांची



महाराजा मदरा मुंडा सुतियांबे मुड़हर पहाड़ बचाने के लिए आगामी 17 मार्च को वजूद बचाओ रैली का आयोजन किया जाएगा. यह निर्णय रविवार को महाराजा मदरा मुंडा मुड़हर पहाड़ बचाओ अभियान के बैनर तले आयोजित बैठक में किया गया. करमटोली स्थित धूमकुड़िया परिसर में आयोजित उक्त बैठक की अध्यक्षता करम धुमकुड़िया के अध्यक्ष सुनील टोप्पो ने की. संचालन आदिवासी समन्वय समिति के सयोजक लक्ष्मीनारायण मुंडा ने किया. बैठक में मुंडाओं के पूर्वज मदरा मुंडा की पहचान, अस्तित्व और विरासत को खत्म करने की साजिश और ऐतिहासिक धरोहर सुतियांबे मुड़हर पहाड़ पर हो रहे अतिक्रमण पर रोष व्यक्त किया गया एवं उसके खिलाफ एकजुट होने की आवश्यकता पर बल दिया.

**खास बातें**

- करमटोली स्थित धूमकुड़िया परिसर में आयोजित हुई बैठक
- अतिक्रमण के खिलाफ एकजुट होने की जरूरत पर दिया जोर

**सुतियांबे गांव का ऐतिहासिक महत्व**

कांके अंचल सुतियांबे गांव इतिहास में महत्व रहा है, जिससे हजारों वर्ष पूर्व सुतिया मुंडा ने अपने सैकड़ों मुंडा कबीले/समूह के साथ आकर इसे बसाया था. तब पूरा इलाका वनों से आच्छादित था. मुंडाओं ने अपनी शासन व्यवस्था और निवास स्थल कई जगहों पर बनाया था. कालांतर में जब इस देश में बाहरी आर्यों का आगमन हुआ और मुंडाओं के शासन व्यवस्था वाले क्षेत्रों में आर्यों का हस्तक्षेप बढ़ने लगा और परेशान करने लगे तो सभी मुंडा समुदाय के लोगों ने यहीं सुतियांबे में आकर अपना आशियाना बनाया था.

**खत्म किया जा रहा वजूद**

बैठक में कहा गया कि आज आदिवासियों की अमूल्य धरोहर की पहचान, वजूद, इतिहास को खत्म किया जा रहा है. मुड़हर पहाड़ की जमीन ही नहीं वहां पर भाजपा व आरएसएस द्वारा सांस्कृतिक आक्रमण भी हो रहा है. ऐसा प्रयास पारसनाथ पहाड़, दिवड़ी, रांची पहाड़ी और कई स्थानों के पहाड़-पर्वतों, टूंगरी, जंगलों पर सचेतन ढंग से भाजपा, आरएसएस और हिन्दूवादी संगठनों द्वारा धर्म- संस्कृति के नाम पर कब्जा किया जा रहा है.

# ऐमरा की बैठक में चुनौतियों के समाधान पर चर्चा

संवाददाता। रांची

होटल बीएनआर चाणक्य में ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन (ऐमरा) झारखंड चैप्टर ने कई प्रमुख मोबाइल ब्रांडों के अधिकारियों के साथ दो दिवसीय बैठक की. रविवार को ब्रांडों के संबंधित कार्यालयों में आयोजित बैठकों का उद्देश्य मोबाइल खुदरा उद्योग से संबंधित विकास, पहल और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करना था.

ऐमरा के संस्थापक अध्यक्ष कैलाश लख्यानी और ऐमरा के राष्ट्रीय महासचिव नवनीत पाठक ने बताया कि ऐमरा ने केंद्र सरकार को एक ज्ञापन सौंपा है. पोको, आईक्यू के विशेष उत्पादों से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से संपर्क किया है. ब्रांडों और सरकारी प्रतिनिधियों के साथ जीएसटी के संबंध में प्रश्न उठाने के साथ ही स्पष्टीकरण की मांग की गई. एसोसिएशन ने इस बात पर जोर दिया कि उपभोक्ताओं की गोपनीयता का उल्लंघन किया जा रहा है, खासकर प्री-बुकिंग ऑफर की आड़ में, जो ग्राहक सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करता है. ग्रे मार्केट के माध्यम से बेचे जा रहे वनप्लस स्टॉक के मुद्दे पर ऐमरा ने सरकार को पत्र लिखा है. जिसमें व्यवसाय संचालन में पारदर्शिता पर जोर दिया गया है. उद्योग की चुनौतियों का समाधान करने, सहयोग को बढ़ावा देने और खुदरा विक्रेताओं और उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐमरा ने अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की.

**ऐमरा झारखंड की टीम**

- किरीट वोरा - प्रदेश अध्यक्ष
- अमृत दास - प्रदेश महासचिव
- अनिल पोद्दार - प्रदेश उपाध्यक्ष
- शाहिद अख्तर - प्रदेश उपाध्यक्ष
- रुषभ दोशी - कोर सदस्य
- अमित सचदेवा - जोनल उपाध्यक्ष, धनबाद
- रवि रंजन - जोनल उपाध्यक्ष, गिरिडीह
- पवन कुमार - जोनल सचिव, रांची
- श्रीकृष्ण अग्रवाल - जोनल उपाध्यक्ष, रांची

## ब्रीफ खबरें

### महाशिवरात्रि के आयोजन को लेकर बैठक में हुई चर्चा

**सिल्ली/मुरी ।** प्रखंड के कोंचो गांव के कोंचो पहाड़ के समीप रविवार को कोंचो पहाड़ शिवरात्रि पूजा समिति कोंचों के द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता राजकुमार महतो ने की. बैठक में पहाड़ पर स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के आयोजन पर विशेष चर्चा की गई. अजय कुमार महतो को संरक्षक, त्रिलोचन महतो को अध्यक्ष,राकेश महतो को उपाध्यक्ष,अशोक सिंह को सचिव, भुपेश चंद्र महतो को सह सचिव, बबलू महतो को कोषाध्यक्ष, इसके अलावे रास रंजन महतो सदस्य बनाया गया.

### 26 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल को नष्ट किया

**तमाड़ ।** 26 वीं वाहनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट एस डी शेरखाने के आदेशानुसार ई कंपनी डोंगीडीह जी कंपनी तमाड़ सी कंपनी बासुकोचा तथा तमाड़ पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर 26 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल को नष्ट कर दिया .पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि मल्हान भुईयाडीह के झाड़ियों में छिपाकर बृहद पैमाने पर अफीम की खेती की गई है . पुलिस ने अभियान चलाकर पोस्ते की फसल को नष्ट किया . अभियान में सहायक कमांडेंट सौमेन गोराई,अजीत उपाध्याय, सिद्धार्थ आर तमाड़ थाना के एएसआई आदि शामिल थे.

### विद्यालय से एमडीएम की 69 बोरी चावल की चोरी

**चान्हो ।** उत्क्रमित हाई स्कूल सोस में शनिवार देर रात अज्ञात चोरों द्वारा भंडार कक्ष का ताला तोड़कर एमडीएम के लिए रखा हुआ 69 बोरी चावल तथा 5 गैस सिलेंडर चोरी की . मिली जानकारी के अनुसार यह विद्यालय राष्ट्रीय मार्ग 75 समाने है . पुलिस गश्ती लगातार होती रहती है. किन्तु एक भी घटना में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है.पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है.शिल्पी नेहा तिर्की विधायक घटना स्थल पर पहुंची, घटना स्थल का निरीक्षण किया और इस विषय पर थाना के प्रभारी बात की.

### वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार घायल

**बुंडू ।** दशमफॉल थाना क्षेत्र के तैमारा घाटी में रविवार को शाम पौने सात बजे के करीब एक साइकिल सवार के एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया. साइकिल सवार तैमारा से बुंडू की ओर आ रहा था. जबकि अज्ञात वाहन भी रांची से जमशेदपुर की ओर आ रही थी. अज्ञात वाहन पीछे से साइकिल सवार को ठोकर मारकर दुर्घटना स्थल से फरार हो गया. साइकिल और घायल व्यक्ति अलग अलग दूर जा गिरे. दशमफॉल थाना पुलिस घायल व्यक्ति को 108 एम्बुलेंस की मदद से रिम्स रांची भेज दिया.

### अब्दुस सलाम बने मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश सचिव

**ओरमांझी ।** झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली ने प्रखंड क्षेत्र के ईरबा निवासी अब्दुल सलाम अंसारी को मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश सचिव का मनोनयन किया है. प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली ने कहा कि अब्दुस सलाम अंसारी पूर्व में भी मोमिन कॉन्फ्रेंस की सेवा करते रहे हैं. यही वजह है कि संगठन ने इन्हें सचिव की नई जिम्मेदारी दी है. प्रदेश सचिव अब्दुस सलाम अंसारी ने प्रदेश अध्यक्ष का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस ने जिस उम्मीद के साथ मुझे संगठन की सेवा करने का मौका दिया है.

### शौंडिक जागरण मंच का वार्षिक समारोह संपन्न

**सिल्ली/मुरी ।** शौंडिक जागरण मंच सिल्ली मुरी का वार्षिक समारोह का आयोजनरविवार को मंच के अध्यक्ष राधेश्याम साहू के अध्यक्षता में संपन्न हुआ . मुख्य संरक्षक कुमुद प्रसाद साहू, प्रधान संरक्षक निर्मल चंद्र साहू , संरक्षक दिनेश साहू, मुकेश साहू, रुपेश साहू, झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रवक्ता विरेंद्र साहू एवं अन्य अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस मौके पर राजेश साहू, भूपेन भगत, गणेश साहू, संजय भगत, सुशांत भगत, दीपक कुमार साहू, प्रदीप कुमार साहू, कनीलाल साहू, विनोद कुमार साहू, सुजीत कुमार साहू, अरुण साहू, श्रीधर प्रसाद गुप्ता, मुकेश साहू, आदि शामिल थे.

## घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने राजकमल गोप

# कमेटी में ईमानदारीव पारदर्शिता की जरूरत: राजकमल

**सुनील कुमार गुप्ता । लापुंग**



घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति की आमसभा में समाजसेवी राजकमल गोप सर्वसम्मति से घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चुन लिए गए. रविवार को घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति का एक दशक के बाद पुनर्गठन किया गया. राजकमल गोप के अध्यक्ष के रुप में चयन से घाघरी बाबा धाम प्रबंधन समिति के सदस्यों सहित सैकड़ो लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी. वहीं संजय कुमार महतो को सर्वसम्मति से सचिव चुन लिया गया. जबकि कमेटी के पुराने कोषाध्यक्ष गुरुजी सेवक सिंह को दोबारा कोषाध्यक्ष बनाया गया. इस मौके पर अध्यक्ष पद के एक उम्मीदवार रामशंकर सिंह अपनी संभावित हार की संभावना के कारण अध्यक्ष पद के चयन के पूर्व ही विरोध जताते हुए बैठक स्थल से वापस चले गए. जिसके बाद सर्वसम्मति से मौके पर ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजकमल गोप, सचिव संजय कुमार महतो तथा कोषाध्यक्ष सेवक सिंह को फूल माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया. इस मौके पर राजकमल गोप ने कहा कि घघारी बाबा धाम और घघारी जलप्रपात को राष्ट्रीय स्तर का पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कमेटी में ईमानदारी, निष्ठा एवं पारदर्शिता सबसे बड़ी जरूरत है. हमें इसे राष्ट्रीय स्तर के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की जरूरत है. वहीं सचिव संजय कुमार महतो ने कहा कि घघारी बाबा धाम के विकास के लिए समर्पित लोगों की जरूरत है. मौके पर मुख्य रूप से पूर्व उपाध्यक्ष राजधन शेखर सिंह, पूर्व सचिव सह विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र वर्मा, समाजसेवी दशरथ कुमार तिर्की, सुनील उरांव, अरविंद तिवारी, मनोज उरांव, नपिन्द्र सिंह, विकास नारायण सिंह, पारितोष शेखर सिंह, विक्की सिंह, विक्रम शेखर सिंह, रंजीत महतो, विनय पांडेय, नवरंग गोप, पुजारी राम शंकर पाठक, पुजारी राजेश पाठक, युगल किशोर सिंह, गोपाल रजक, राजू सिंह सहित दर्जनों लोग मौके पर मौजूद थे.

## वेंचर स्किल अंडर 14 व 16 अंतर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल

# अंडर 14 में जैप व 16 में जेके क्रिकेट एकेडमी बना चैंपियन

**संवाददाता । रांची**




रांची जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित वेंचर स्किल अंडर 14 और अंडर 16 अंतर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला गया. जिसमे अंडर 14 में जैप क्रिकेट एकेडमी व अंडर 16 में जेके क्रिकेट एकेडमी चैंपियन बना. अंडर 14 में रॉकमैंस क्रिकेट एकेडमी बनाम जैप क्रिकेट एकेडमी के बीच फाइनल मैच नेहरू स्टेडियम धुर्वा में खेला गया. पहले बल्लेबाजी करते हुए जैप की टीम ने 138 रन बनाए. दूसरी पारी में रॉकमेन की टीम 131 ही बना सकी.

इस रोमांचक मुकाबले में जैप क्रिकेट एकेडमी चैंपियन बना. अंडर 16 अंतर स्कूल प्रतियोगिता का फाइनल धुर्वा गोलचक्कर मैदान में विवेकानंद विद्या मंदिर स्कूल बनाम जेके क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया. पहले बल्लेबाजी करते हुए जेके की टीम ने 220 रन बनाए. लक्ष्य को वीवीएम की टीम पूरा नहीं कर सकी और 189 रन ही बना सकी.जेके क्रिकेट एकेडमी लगातार तीसरी बार प्रतियोगिता की विजेता बनी.

**पुरस्कार वितरण में ये रहे मौजूद :** पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता एवम उपविजेता को कार्यकारी अध्यक्ष राजू शर्मा उपाध्यक्ष विभूति भूषण अमर सचिव शैलेंद्र कुमार, जय कुमार सिन्हा ने दिया. समारोह में कार्यकारी सदस्य चंचल भट्टाचार्य,रमेश कुमार, मुज्जफर अली, मुन्ना, सहायक सचिव सुनील पाल, शंभू सिन्हा, नंद जी पांडे, माणिक घोष, एवम दिलीप सिंह, मुक्तेश सिंह, हिमांशु, शाहिद मिर्ज़ा, फैयाज, गोस्वामी, आदि मौजूद थे.

### खेलो इंडिया ईस्ट जोन विमेंस लीग साइक्लिंग प्रतियोगिता में झारखंड ओवरऑल चैंपियन




**रांची ।** भारतीय खेल प्राधिकरण तथा साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में कोलकाता में 17 से 18 फरवरी तक दो दिवसीय खेलो इंडिया ईस्ट जोन विमेंस रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई . प्रतियोगिता में झारखंड टीम ने दो स्वर्ण, तीन रजत, एक कांस्य पदक जीत ओवरऑल चैंपियन बनी . खिलाड़ियों और टीम प्रशिक्षक को झारखंड साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष मधुकांत पाठक,झारखंड साइकिल संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक, कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह समेत खेल संघ और खेलप्रेमियों ने बधाई दी .

**पदक विजेता खिलाड़ी**

**टाइम ट्रायल {अंडर 16}**
श्वेता कुमारी – स्वर्ण पदक
निकिता सौरेंग – रजत पदक
**टाइम ट्रायल {अंडर 18}**
तारा मिंज – रजत पदक
लक्ष्मी कुमारी – कांस्य पदक
**मास स्टार्ट {अंडर 18}**
तारा मिंज – स्वर्ण पदक
**मास स्टार्ट {अंडर 16}**
मिनी हेंब्रम – रजत पदक

### मयूरी महिला समिति ने खेल सामग्री किया वितरण

**खलारी ।** विद्या सागर प्राथमिक विद्यालय केडीएच में खेल सामग्री का वितरण किया गया.एनके एरिया मयूरी महिला समिति के द्वारा स्कूल में खेल सामग्री बांटी गई.समिति की अध्यक्ष भावना कुमार सहित समिति के सदस्यों ने खेल सामग्री क्रिकेट सेट,कैरम,फुटबॉल, लूडो आदि दिया है.समिति के सदस्यों का स्कूल की प्रिंसीपल मंजू सिंह ने स्वागत किया.साथ ही स्कूली बच्चों के द्वारा नृत्य भी प्रस्तुत किया गया.समिति की अध्यक्ष भावना कुमार ने कहा एनके एरिया मयूरी महिला समिति क्षेत्र के गरीब,जरुरतमंद लोगों को सहयोग करने का कार्य करती है.इस मौके पर मधुमति सिंह,शोभा कुमारी, उषा सिन्हा, ज्योति भारद्वाज, राजेश्वर प्रसाद,राजेश, अरुणा सिंह सहित महिला समिति के सदस्य मौजूद थे.

### मोदी सरकार के दस साल की उपलब्धियां गिनायी गयी

**खलारी ।** खलारी प्रखंड के बूथ नम्बर 56,57 के गांव चलो अभियान के प्रभारी अनिल कुमार गंझू एव शशि प्रसाद साहू ने पुरनी राय में प्रवास किया.साथ ही बूथ अध्यक्ष रामेश्वर महतो एव सौखी महतो से मिलकर बूथ समिति का सत्यापन किया गया नए सदस्य को जोड़ा और लाभुक समिति से भी मिला. वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को गांव के टोलों मुहल्लों में घूम घूम कर बताया. खिलाड़ी,शिक्षक एव सहिया से मिलकर इस प्रवास के दौरान लोगो की उपलब्धि को जानने का प्रयास किया गया.अबकी बार फिर से मोदी सरकार के नारे को लेकर दीवार लेखन भी किया गया इस मौके पर मंडल संयोजक रामसूरत यादव, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, धायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे.

## झामुमो ने निकाला न्याय मार्च, मोदी सरकार के खिलाफ की नारेबाजी




**संवाददाता । ओरमांझी**

ईरबा में झामुमो कार्यकर्ताओं ने राज्य के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में न्याय यात्रा निकालकर केंद्र की भाजपा सरकार को चेतावनी दी. कार्यकर्ताओं ने प्रखंड, पंचायत एवं गांव में जाकर एकजुट होकर गांव वालों को बताया कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र की भाजपा सरकार साजिश करके जेल भेजवाने का कार्य किया है. वहीं अब्दुल कुद्दुस अंसारी ने कहा कि श्री सोरेन के राज्य में लोकप्रियता को बढ़ता देखकर और उनके विकास का काम देखकर भाजपा की तानाशाही सरकार घबरा गई है. इस मौके पर मुख्य रूप से हारून रशीद, तौहीद आलम, अब्दुल मन्नान अंसारी, सफीउल्लाह अंसारी, सज्जाद अंसारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे.

**खास बातें**

- पंचायत एवं गांव में जाकर लोगों को बताया केंद्र की नाकामी
- केंद्र सरकार पर लगाया हेमंत सोरेन को जेल भेजने का आरोप

## बेड़ो में डीजे साउंड एवं विद्युत सज्जा के साथ निकली विसर्जन शोभायात्रा

**संवाददाता । बेड़ो**



बेड़ो प्रखंड मुख्यालय में सार्वजनिक क्लबों एवं संस्थाओं में अलग-अलग स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमाओं को पूरी भक्ति और श्रद्धा के साथ रविवार की रात बड़ा तालाब में विसर्जन कर दिया गया. इस दौरान झरी क्लब देवी मंडप चौक, बेड़ो बस्ती सरस्वती पूजा पंडाल, सरना क्लब गुमला रोड बेड़ो तथा अम्बाटोली में स्थापित मां शारदे की प्रतिमा को भव्य एवं आकर्षक विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई. रात 8:00 बजे शुरू हुई विसर्जन शोभायात्रा में ट्रकों में मां की प्रतिमा को विद्युत सज्जा के साथ विसर्जन शोभा यात्रा के लिए निकाली गई.

विसर्जन शोभा यात्रा के दौरान डीजे साउंड सिस्टम से संपूर्ण बेड़ो के मुख्य सड़क गुंजायमान हो उठा. अगल-बगल की घरों में साउंड से कंपन महसूस होने लगी. अलग-अलग पूजा पंडालों के बीच साउंड सिस्टम का प्रतियोगिता का अद्भुत नजारा देखा गया. समाचार लिखे जाने तक प्रतिमाओं का विसर्जन शोभा यात्रा निकाला गया लेकिन प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं किया गया था. विसर्जन शोभा यात्रा को सफल बनाने में झरी क्लब के शशी गोप, बेड़ो बस्ती पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष आयुष गोप, सचिव छोटू गोप, संरक्षक खद्दी उरांव, विष्णु बडाईक, दीपक गोप, विश्वा गोप, जयराम गोप, मनोहर बडाईक, मनोज उरांव, मुन्ना बडाईक, प्रिंस पांडे,रवि सिंह, बजरंग गोप, किशन बडाईक उत्तम गोप, पंकज महली ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई .

**खास बातें**

- लोगों ने मां शारदे को दी नम आंखो से विदाई
- नाचते गाते लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया

**आयोजन** तपकरा में वनवासी कल्याण केंद्र के चिकित्सा शिविर में 300 वृद्धों का इलाज

# नर सेवा ही नारायण सेवा, मिलती है आत्मिक शांति : सज्जन सर्राफ

**संवाददाता । खूंटी**



वनवासी कल्याण केंद्र रांची महानगर समिति के तत्वावधान में खूंटी जिला के तोरपा प्रखंड अंतर्गत तपकरा गांव के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 301वें निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. महानगर समिति के अध्यक्ष सज्जन सर्राफ ने बताया कि नर सेवा ही नारायण सेवा है , जिससे आत्मिक सुख की अनुभूति होती है.

उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि शिविर के आयोजन के लिए पुरुषोत्तम लोहिया ने अपने माता- पिता गिनिया देवी , कन्हैयालाल लोहिया की पुण्यस्मृति में आर्थिक सहयोग किया.

**125 लोगों के बीच कंबल का वितरण :** महासचिव निरंजन सर्राफ ने बताया कि शिविर का आयोजन अति पिछड़े ग्रामीण क्षेत्र में किया जाता है, जिससे गांव के जरूरतमंद लोगों की सेवा की जाए.

उपाध्यक्ष किशोरीलाल चौधरी ने बताया कि शिविर में लगभग 300 वृद्ध जनों को चिकित्सकीय सलाह देकर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया. लगभग 125 लोगों के बीच कंबल वितरण भी किया गया. मीडिया प्रभारी निर्मल बुधिया ने बताया कि शिविर में डॉ शिवशंकर लाल, डॉ सतीश मिढ्ढा, डॉ उमेश जायसवाल , डॉ ज्योत्सना सिन्हा, डॉ रमेश सिन्हा, डॉ अरुण कुमार सिंह , डॉ ओमप्रकाश अग्रवाल, डॉ मयूरी मिंज, डॉ आनंद राज, डॉ विनोद कुमार, डॉ अर्पण शरण, डॉ संजय कुमार ने अपनी सेवाएं दीं.

**शिविर के आयोजन में इनका रहा सहयोग**

शिविर को सफल बनाने में कृपा प्रसाद सिंह, रामेश्वर उरांव, रमेश बाबू, किशोरीलाल चौधरी, ओमप्रकाश अग्रवाल, निरंजन सर्राफ, ओमप्रकाश प्रणव, निर्मल बुधिया, हरिंद्र सिन्हा, रामचंद्र शर्मा, कैलाश शर्मा, बेनी प्रसाद अग्रवाल, सुभाषचंद्र दुबे, रमेश अग्रवाल, निर्मल सिंह, पुरुषोत्तम लोहिया, आशाराम राठी, दीपक सिंह, घनश्याम शर्मा, संतोष गुप्ता, सुरेश चौधरी, विजय केशरी, कैलाश अग्रवाल , शेखर अग्रवाल, तुलसी महतो, जाधव उरांव , प्रतिभा गोयल, वीणा अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, मनीषा सर्राफ, .उर्मिला चौधरी, संगीता दत्त, पूनम गुप्ता , मुसाफिर विश्वकर्मा , योगेश कुमार मिश्रा, जगदीश मिश्रा, मंगल . गुड्डिया, कुमुद चौधरी, प्रदीप चौधरी, कृष्ण मुरारी गुप्ता, राधाकृष्ण केशरी, अशोक महतो, दिनेश महतो, भारती केशरी, अरुण पाढ़ी आदि ने सहयोग किया .

## न्यूज अपडेट

### अबुआ आवास को लेकर ग्राम प्रधानों ने की बैठक



**तमाड़ ।** तमाड़ प्रखंड के तमाम ग्राम प्रधानों का बैठक प्रभानगर में आयोजित किया गया. बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान मानकी उमाकांत सिंह मुंडा ने किया जबकि संचालन ग्राम प्रधान लक्ष्मण सिंह मुंडा ने किया. बैठक में सभी ने अबुआ आवास में ग्राम सभा एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों की अनदेखी साथ ही प्रशासनिक पदाधिकारियों की चयन प्रक्रिया में मनमौजी पर आक्रोश व्यक्त किया.ग्राम प्रधानों ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा एक तरफ से अबुआ दिसुम अबुआ राज का लगातार नारा जोर शोर दिया जाता रहा है. बैठक में ग्राम प्रधान मानकी उमाकांत सिंह मुंडा, लक्ष्मण सिंह मुंडा, गंगाधर सिंह मुंडा, नारायण सिंह मुंडा, उदरकांत मुंडा, ठाकुर सिंह मुंडा, दीपाली देवी, संदीप महतो, प्रकाश सिंह मुंडा,लोटन सिंह मुंडा, राधामोहन सिंह मुंडा, अंडकी पूर्व जिप सदस्य अनुप साहु सहित कई ग्राम प्रधान उपस्थित थे.

### अगरिया जाति को पीबीटीजी में शामिल करें



**कांके ।** झारखंड अगरिया असुर आदिम जनजाति विकास समिति ने स्थापना दिवस अरसंडे गोकुल पैलेस में मनाया. कार्यक्रम का उदघाटन डॉ सुचेता सेन चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया. लोगों को संबोधित करते हुए कहा अगरिया जाति को आदिम जनजाति पीबीटीजी का दर्जा मिले. जिससे समाज का कल्याण हो सके.समिति के प्रमुख बनवारी अगरिया ने कहा सरकार से अगरिया जाति को आदिम जनजाति में शामिल करने एवं आदिम जनजाति के समतुल्य सभी सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की. कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अनिल अगरिया. सचिव मुकेश अगरिया. कोषाध्यक्ष विनोद अगरिया. महामंत्री सुखनंदन अगरिया. संगठन मंत्री गोवर्धन अगरिया. मीडिया प्रभारी सनोज गारिया. प्रदेश संयोजक पंकज अगरिया एवं समिति के पूर्व कोषाध्यक्ष सूरज अगरिया, उदय गडरिया आदि लोग उपस्थित हुए.

### सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत



**बुढ़मू ।** स्व जगदीश महतो के पुण्यतिथि के अवसर पर उरुगुट्टू बाजारटांड़ में रविवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी,रांची यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार अमर चौधरी, कांग्रेस नेता सुरेश बैठा,आजसू प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव, मुखिया पूजा किस्पोट्टा, पंसस तारा देवी ने किया. प्रतियोगिता में लंबी दौड़,ऊंची कूद,जलेबी रेस समेत अन्य खेलों का आयोजन किया गया. इस अवसर पर सभी विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया. कार्यक्रम के सफल आयोजन में मनोज महतो,कृष्णा महतो,पिंटू पांडेय, हरिप्रसाद महतो,विजय महतो,मगु महतो,संजय महतो,लाल रणविजय शाहदेव,प्रदीप पांडेय आदि की सराहनीय भूमिका रही.

### ब्राइट फ्यूचर स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया




**चान्हो ।** प्रखंड के टांगर स्थित ब्राइट फ्यूचर स्कूल में वार्षिक महोत्सव मनाया गया. इसमें आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए. विद्यालय के बच्चों ने बहुत ही सुन्दर कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया . कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक जीतेन्द्र साहू एवं दीपक कुमार,अनिल कुमार एवं सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं एवं अतिथियों ने फीता काटकर किया . माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. निदेशक जीतेन्द्र साहू ने अतिथियों को गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया .बेस्ट स्टूडेंट ऑफ़ दी इयर में साहिबा सहीन, आर्यन कुमार और जिकरा फलक,साथ ही इमर्जिंग स्टूडेंट ऑफ़ दी इयर में अंस कुमार, संज्योती उराँव एवं हिमांशु उरांव को शील्ड और मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर विशिष्ट अतिथि के द्वारा उनका हसला अफजाई किया गया.

### लखटकिया चैंपियंस ट्रॉफी में राज स्पोटर्स बुंडू बना विजेता



**सोनाहातू ।** 11वीं चैंपियंस ट्राफी एक दिवसीय फुटबॉल खेल लखटकिया टूर्नामेंट का खिताब राज स्पोटर्स बुंडू की टीम ने अपने नाम कर लिया. सोनाहातू स्थित थाना मैदान में रविवार को आठ टीमों के बीच खेला गया.संघर्षपूर्ण मुकाबले में राज स्पोटर्स बुंडू की टीम ने ब्लैक टाइगर रांची को 1 गोल से पराजित किया.वहीं, टूर्नामेंट में तृतीय डिजिटल सेवा ईचागढ़ और चतुर्थ टीम मास्टर इलेवन सिल्ली टीम रही. विजेता टीम को आजसू पार्टी के अध्यक्ष सह विधायक सुदेश महतो और पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा मुंडा आदि के द्वारा नगद 1 लाख 31 हजार रुपए व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया. वहीं उपविजेता टीम को ब्लैक टाइगर रांची की टीम को मुखिया संघ के मनोज मुंडा,सावना मुंडा,विकास मुंडा,दीनबंधु मुंडा आदि ने संयुक्त रूप से 81 हजार रुपए व ट्रॉफी दिए गए.

### बाघवार एकेडमी के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी प्रस्तुति



**चान्हो ।** बाघवार एकेडमी में रविवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया. इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्धघाटन विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने दीप प्रज्वलित करके किया. कार्यक्रम में बच्चों ने अलग अलग गानों पर नृत्य प्रस्तुत किया . गानों में ओ माय फ्रेंड गणेशा ,केसरिया रंग ,सपने मेरे घूमर-घूमर, छम्मक - छम्मक, दिल में मार्स है , डिंग डांग डिंग डांग, इट्स टाइम टू डिस्को आदि गानों पर जबरदस्त डांस प्रस्तुत किया गया.ओल्ड वर्सिज न्यू जेनरेशन, अजब डॉक्टर की गजब कहानी आदि प्रमुख रहा. कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अजय उरांव एवं कक्षा 11 के आफरीन हक, शीला उरांव, वंशिका गुप्ता एवं शिवम राजके द्वारा किया गया. मौक़े पर अब्दुल्ला अंसारी, सुरजीत शाही कार्यकर्ता गण एवं अन्य मौजूद थे.

### ऑर्केस्ट्रा में गानों पर देर रात तक झुमे श्रोता



**तमाड़ ।** मां सरस्वती के विसर्जन के अवसर पर जन कल्याण समिति के तत्वाधान में ऑर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया . कार्यक्रम का उद्धघाटन विधायक प्रतिनिधी ॠषिकेश महतो मुखिया प्रतिनिधि प्रताप सिंह मुंडा सुखदेव महतो सुभाष महतो कर्ण महतो और समीर महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया . इस दौरान ऑर्केस्ट्रा के कलाकारों ने बंगाली खोरटा हिंदी गानों पर एक से बढ़कर एक प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को झूमने को विवश कर दिया . मौके पर विधायक प्रतिनिधी ॠषिकेश महतो ने कहा की पंच परगना क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है .इस क्षेत्र के कई युवा आज देश ही नहीं विदेशों में भी अपना परचम लहरा रहे है . बस जरूरत है उन्हे तराश कर उचित मंच देने की है .


### कलश यात्रा में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़



**कांके ।** बुकरु बाजार टांड़ में बजरंग बली में सात दिवसीय महायज्ञ सह राम कथा का प्रारम्भ आज कलश यात्रा से हुआ. सभी भक्तों ने जुमार नदी से जल उठाकर नगर भ्रमण करते हुए बाजार टांड़ स्थित महायज्ञ स्थल पर कलश रखकर यात्रा का समापन किया . आयोजन समिति के अध्यक्ष ब्रजेश तिवारी ने बताया कि 18 से 24 फरवरी तक महायज्ञ का संचालन किया जाएगा. मौके पर उपस्थित भाजपा नेता सह समाजसेवी अर्जुन राम ने कहा कि भगवान राम और संकटमोचन महावीर बजरंगबली के कृपा से पूरा देश एवं हमारा नगर भी प्रगति करें यह कामना करते हैं.

# मुनिश्री विद्यासागर ने ली समाधि, राजधानी सहित राज्य भर में जैन समाज शोकाकुल

संवाददाता। रांची




जैन समाज के प्रख्यात संत शिरोमणि मुनीश्री विद्या सागर जी ब्रह्मलीन होने से राजधानी का जैन समाज शोकाकुल है. जैन समाज की ओर से शोक संदेशों का तांता लगा हुआ है और श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है. जैन समाज रांची के राकेश जैन ने बताया कि मुनिश्री के निधन से अपूरणीय क्षति हुई है. उन्होंने बताया कि आचार्य विद्यासागर जी ने 22 वर्ष की अवस्था में दीक्षा ली थी. आचार्य ज्ञान सागर जी ने 30 जून 1968 को उन्हें दीक्षा दी थी. गुरु ज्ञानसागर जी द्वारा 22 नवंबर 1972 में मुनिश्री को आचार्य का पद दिया गया था. आचार्यश्री का पूरा परिवार ही संयम के साथ मोक्षमार्ग पर चल रहा है. आचार्य विद्या सागर जी से ही उनके भाई अनंतनाथ और शांतिनाथ ने दीक्षा ग्रहण कर मुनि योगसागर जी और मुनि समयसागर जी कहलाये. बेलगांव, कर्नाटक के सदलगा जिला में 10 अक्टूबर 1946 को शरद पूर्णिमा के दिन महामुनिराज श्रीजी विद्यासागर जी का जन्म हुआ था. उनका बचपन का नाम विद्याधर था. उनके पिता मल्लप्पा थे, जो बाद में मुनि 108 श्रीमल्लिसागर बने. उनकी माता भी आर्यिका 105 समयमति माताजी बनी.

**कई भाषाओं के थे ज्ञाता :** अध्यक्ष, दिगंबर जैन समाज, रांची के अध्यक्ष नरेन्द्र जैन गंगवाल ने अपने शोक संदेश में कहा है कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज चलते फिरते साक्षात भगवान और गुरु थे. वे पूरे विश्व के हर धर्म के लोगों के दिलों में बसते थे आचार्य भगवन जोड़ना केवल मानव समाज के उत्थान को लेकर सोचते थे बल्कि मुख प्राणियों के लिए भी उनमें करूं भावना और ह्रदय में उच्च स्थान था. मुनिश्री विविध भाषाओं के ज्ञाता थे. संस्कृत, हिन्दी, मराठी और कन्नड़ में तो वे विशेषज्ञ स्तर का ज्ञान रखते थे. उन्होंने हिन्दी और संस्कृत में ढेरो रचनाएं की हैं. सौ से अधिक शोधार्थियों ने उनके कार्य का मास्टर्स और डॉक्ट्रेट के लिए अध्ययन किया है. उन्होंने काव्य मूक माटी की भी रचना की है. विभिन्न संस्थानों में यह स्नातकोत्तर के हिन्दी पाठ्यक्रम में पढ़ाया जाता है.

### त्याग की मूर्ति थे मुनिश्री

श्री दिगंबर जैन पंचायत रांची के उपाध्यक्ष प्रदीप वकलीवाल ने कहा है कि मुनिश्री की समाधि एक महान संत का महाप्रयाण है. उनके प्रेरणादायक जीवन की गौरवगाथा हम शब्दों में वर्णन नहीं कर सकते , वह हमारे अंतस में विराजित है . उनके जीवन का एक-एक पल हम सबके लिए प्रेरणादायक रहेगा. उन्होंने कहा है आचार्य विद्या सागर जी त्याग और तपस्या के साक्षात प्रतिमूर्ति थे. उन्होंने आजीवन सब्जी, फल, मेवा, तेल, खट्टा-मीठा आदि सहित अंग्रेजी औषधि का भी त्याग कर दिया था.

### जैन समाज के एक युग का अंत

दिगंबर जैन समाज रांची के मंत्री पंकज पंड्या ने कहा है कि इस युग के भगवान का मोक्ष गमन संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी जैसे प्रखर सूर्य का अस्त होना पूरे विश्व के लिए असहनीय क्षति है. आने वाली पीढ़ियां उन्हें समाज में उनके अमूल्य योगदान के लिए याद रखेंगी

जैन राजनीतिक चेतना मंच के महामंत्री संजय पाटनी ने कहा है कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज संलेखनापूर्वक समाधि मरण लेकर जैनत्व के उच्च स्थान को प्राप्त किया. जैन समाज ने अपना एक ध्रुवतारा खो दिया .जैन समाज के मीडिया प्रभारी राकेश काशलीवाल ने कहा है कि आचार्य श्री की संलेखना समतापूर्वक समाधी का सुनकर रांची जैन समाज स्तब्ध है जैसे पूर्ण शून्य हों गया लगता है.

दिगंबर जैन पंचायत रांची के पूर्व उपाध्यक्ष अजय जैन गंगवाल ने मुनिश्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि संपूर्ण विश्व को सत्य अहिंसा का मार्ग दिखाकर आत्मिक बोध की ओर ले जानेवाले युग दृष्टा आचार्य भगवान श्री विद्यासागर जी महा मुनिराज जी की चेतना अनुभूति हमारे मन ह्रदय में अनंत अमर रहेगी व सदैव संपूर्ण विश्व को प्रकाशमान करती रहेगी.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** पराक्रम में वृद्धि होगी. कार्य में सिद्धि होगी. पराक्रम में वृद्धि होगी. दिल के बदले दिमाग का प्रयोग करें. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में कोई नया विचार क्रियान्वित हो सकता है.

**वृषभ** डूबा हुआ धन मिलने से मन खुश होगा. कुटुम्ब का सहयोग होगा. आंख में कोई परेशानी होगी. गलतफहमी से विवाद हो सकता है. भावनाओं पर अंकुश आवश्यक है. हितशत्रुओं से सावधान रहें. कारोबार ठीक चलेगा.

**मिथुन** समय अनुकूल है. आय में वृद्धि होगी. कोई बड़ा कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा. निवेश शुभ फल देगा. समय की अनुकूलता का लाभ लें. भरपूर प्रयास करें.

**कर्क** धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होगा. खर्च में वृद्धि होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. आय में वृद्धि होगी. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. कार्य को लेकर ज्यादा व्यस्तता रहेगी.

**सिंह** आय में वृद्धि होगी, जिससे पराक्रम बढ़ेगा. सट्टे, जुए व लॉटरी से दूर रहें. रोजगार में वृद्धि होगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. भाग्य का सहारा रहेगा. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. चोट व रोग से बचें.

**कन्या** माता का आशीर्वाद लेकर कार्य करें. व्यक्ति के उकसावे में नहीं आएं. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. आय बनी रहेगी.

**तुला** धर्म-कर्म में मन लगेगा. शिक्षा में सुधार होगा. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पुरानी लेनदारी वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार में वृद्धि होगी. जल्दबाजी न करें.

**वृश्चिक** मौसमी बीमारियों से बचें. शारीरिक पीड़ा हो सकती है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. शत्रुओं का पराभव होगा. आर्थिक नीति में बदलाव हो सकता है. कार्यप्रणाली में सुधार होगा, जिसका तत्काल लाभ नहीं मिलेगा.

**धनु** दांपत्य जीवन सुखद रहेगा. अनहोनी की आशंका रह सकती है. कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी मामलों की बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पूजा-पाठ आदि पर व्यय होगा. गायत्री मंत्र जाप करें.

**मकर** यदि बहुत जरूरी नहीं हो तो ऋण नहीं ले. जुबान पर नियंत्रण रखें. पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है. वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें. कारोबार ठीक चलेगा. शनि को बल दें.

**कुंभ** शिक्षा में कोई बदलाव हो सकता है. दांपत्य जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा. कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी. आय में वृद्धि होगी. नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा.

**मीन** माता के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें. आपके कार्य और प्रभाव से सुख में वृद्धि होगी. विवेक का प्रयोग करें. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. लंबी यात्रा की योजना बन सकती है. स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं.

## पुलिस ने गढ़वा में जेवर दुकान लूटकांड का खुलासा किया

# लूट का साढ़े तीन किलो सोना बरामद

संवाददाता। गढ़वा



अंतरराज्यीय अपराधी गिरोह के गिरफ्तार सदस्य और उनके पास से बरामद जेवरात की जानकारी देते एसपी दीपक पांडेय.

पुलिस ने छापामारी कर शहर के गढ़देवी मोड़ के समीप स्थित रूप अलंकार नमक जेवर दुकान से लूटकांड का उद्भेदन कर लिया है. इस मामले में पुलिस ने अंतरराजीय गिरोह के एक सदस्य को शहर के नगवा मोहल्ला स्थित मथुरा बांध शिव मंदिर से गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार अभियुक्त गढ़वा शहर के सोनपुरवा मोहल्ला निवासी प्रदीप डोम के पास से लूट गया साढ़े तीन किलोग्राम सोना, दो देसी कट्टा, कृत्रिम सोने जैसा बना आभूषण, सोने एवं हीरे का आभूषण, विभिन्न ग्रह रत्न, दो देसी पिस्तौल, 16 जिंदा गोली और एक मोबाइल बरामद किया है. एसपी दीपक कुमार पांडेय ने रविवार को गढ़वा थाना में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी.

एसपी ने बताया कि 13 फरवरी की देर शाम शहर के रूप अलंकार ज्वेलर्स में लूट की घटना हुई थी. उसमें दो लुटेरा ग्राहक बनकर उक्त दुकान में प्रवेश किए थे. जेवर खरीदने के बाद उसके साथ सहयोगी में आया तीसरा व्यक्ति भी जेवर दुकान में घुसकर सभी जेवर को लूटते हुए फायरिंग कर फरार हो गया था. उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एवं स्थानीय गुप्तचरों की मदद से प्रदीप डोम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. उसके निशानदेही पर दो अलग-अलग जगह मथुरा बांध एवं रेलवे लाइन के किनारे अरहर के खेत से लूटा हुआ सामान एवं हथियार बरामद किया है. उन्होंने बताया कि उक्त घटना में पलामू जिला के चैनपुर निवासी बुकी सोनी तथा गढ़वा के नगवां मोहल्ला निवासी अजीत कुमार उर्फ छोटू साव भागने में सफल रहे. जल्द ही पुलिस उन्हें भी गिरफ्तार कर लेगी. उन्होंने बताया कि उक्त तीनों ने ही मिलकर लूट की योजना बनाया था. उन्हें पता था कि शहर के रूप अलंकार ज्वेलर्स में सबसे ज्यादा सोना बिकता है. इसलिए उक्त दुकान को इन लुटेरों ने टारगेट कर घटना को अंजाम देकर फरार हो गए. एसपी ने बताया कि पुलिस आईटी सेल की मदद से लगातार कार्रवाई कर रही थी. लेकिन उक्त लुटेरे हमेशा अपने स्थान को बदल रहे थे. यही वजह है कि उन्हें पकड़ने में थोड़ी कठिनाई हुई. लेकिन गुप्तचरों की मदद से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. उन्होंने बताया कि जल्द ही फरार दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. एसपी ने बताया कि इस घटना में गढ़वा पुलिस यूपी, छत्तीसगढ़ सहित पलामू में छापेमारी कर रही थी. एसपी ने बताया कि तीनों लुटेरों का अपराधिक इतिहास रहा है. गिरफ्तार प्रदीप डोम पर छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक शराब दुकान से 14 हजार रुपए की लूट के मामले में जेल गया था. वह कुछ दिन पहले ही जेल से बाहर आया था. उसके बाद इस तरह की घटना को अंजाम दिया है.

उन्होंने बताया कि थाना में व्यवसाई ने तीन किलो 800 ग्राम सोने की लूट का प्राथमिक दर्ज कराया है. उसमें से तीन किलो 500 ग्राम सोना को पुलिस ने बरामद कर लिया है. बचे 300 ग्राम सोना लेकर फरार उक्त अभियुक्त बाजार में बेचने गए हैं. बहुत जल्द पुलिस उन्हें भी गिरफ्तार करते हुए लूट का सोना भी जब्त कर लेगी.

### खास बातें

- एक गिरफ्तार, साढ़े तीन किलो सोना, चार पिस्टल बरामद
- टीम में शामिल पुलिसकर्मियों को एसपी ने किया सम्मानित

### एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को सम्मानित किया

रूप अलंकार लूट मामले के उद्भेदन करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को एसपी दीपक कुमार पांडेय ने सम्मानित किया. सम्मानित होने वालों में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, पुलिस उपाधीक्षक यशोधरा, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक चिरंजीव मंडल, इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार साहू, पुलिस निरीक्षक बृज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह, सूर्य प्रकाश दुबे, सुमंत कुमार राय, हित नारायण महतो, अनुरंजन कुमार, जनार्दन रावत, रवि कुमार केशरी, अनिल नायक, अभिमन्यु सिंह, सुनील कुमार सिंह, हवलदार जितेंद्र कुमार रजक, आरक्षी अभय कुमार सिंह, पंचम राम, राकेश कुमार, दीपक कुमार, विपिन प्रधान, राकेश पाल, श्याम बिहारी यादव रामनारायण विश्वकर्मा, वीरेंद्र प्रसाद, कैलाश राम, दर्शन कुमार पांडेय आदि का नाम शामिल है.

### व्यवसायियों ने एसपी को दी बधाई

जिला मुख्यालय के व्यापारियों ने रूप अलंकार दुकान में लूट मामले का उद्भेदन करने पर एसपी को सम्मानित किया.

व्यवसायियों ने कहा कि यह पहली ऐसी घटना है. जिसमें तत्काल गिरफ्तारी के साथ-साथ लूट के तमाम सामान भी बरामद कर लिया गया है. व्यापारियों ने इसके लिए एसपी को बधाई दिया. बधाई देने वालों में चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के लोग शामिल थे.

## मधुबन में निकाली गयी मौन शोभायात्रा



**पीरटांड़ (गिरिडीह)।** जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मधुबन में रविवार को आचार्य विद्यासागर जी महाराज की समाधि के बाद मौन शोभायात्रा निकाली गयी. शोभायात्रा अणिंदा पारसनाथ मंदिर से निकाली गयी, जो मधुबन के मुख्य मार्ग से होते हुए गुणायतन परिसर पहुंची, जहां एक भव्य विनायंजलि सभा का आयोजन किया गया. वहां मधुबन के सभी संस्थान के प्रबंधक संस्थान के कर्मचारी व भारी संख्या में लोगों उपस्थित हुए.

## 7 साल जेल में रहेंगे टीपीसी सब जोनल कमांडर समेत सात उग्रवादी

संवाददाता। चतरा

टीपीसी सब जोनल कमांडर रामराज रजक समेत सात उग्रवादी सात साल जेल में रहेंगे. अपर जिला और सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश कुमार सिंह की अदालत ने आर्म्स एक्ट के मामले में सातों अभियुक्तों को सात-सात साल की सजा सुनायी है. इन उग्रवादियों में सब जोनल कमांडर रामराज रजक, उमेश कुमार, गणेश कुमार महतो, होरिल भुईयां राहुल कुमार, श्याम उरांव और दिलीप कुमार शामिल हैं.

ज्ञात हो कि इन उग्रवादियों को चतरा पुलिस ने 19 नवंबर 2021 को गिरफ्तार किया था. इनके पास से एम-1 गैंड राइफल, एक एसएलआर, एक अमेरिकी स्टेनगन, एक बंदूक, देशी कट्टा, 105 कारतूस समेत कई अन्य सामान बरामद हुए थे.

### लेवी वसूलने की योजना बना रहे थे सभी उग्रवादी

चतरा एसपी राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि टीपीसी उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर रामराज रजक अपने दस्ता के अन्य सदस्यों के साथ हथियार के बल पर लेवी वसूलने की योजना बना रहे हैं. एसपी के निर्देश पर सिमरिया एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया था. टीम ने टुटकी जंगल में छापेमारी कर एक संदिग्ध को पकड़ा और पूछताछ की. पूछताछ में संदिग्ध व्यक्ति ने खुद को टीपीसी सब जोनल कमांडर रामराज रजक बताया. रामराज को सब जोनल कमांडर अविनाश के जेल जाने के बाद टीपीसी का सब जोनल कमांडर बनाया गया. रामराज की निशानदेही पर पुलिस की टीम ने छह अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया.

## पारिवारिक विवाद में दो बच्चों समेत चार लोगों की हत्या के पांच आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता। चाईबासा



पारिवारिक विवाद में दो बच्चों समेत चार लोगों को हत्या की घटना हुई है. इस मामले में पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. एसपी आशुतोष शेखर के निर्देश पर पुलिस ने कार्रवाई हुए पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया. पारिवारिक विवाद में देवर और चाचा ससुर ने इस हत्या को अंजाम दिया था. गिरफ्तार आरोपियों में मंगल सिंह सिंकु, मोटरा सिंकु, जोगेन सिंकु, सोमा सिंकु और टुपरा सिंकु शामिल है.

**आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की थी :** हत्या की इस घटना को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गयी थी. जिसकी वजह से शव को रेल की पटरी पर फेंक दिया गया था. जिससे लोगों को लगे कि इन लोगों ने आत्महत्या की है. पांच लोगों ने इस सामूहिक हत्या को अंजाम दिया है. पुलिस ने चार आरोपियों की गिरफ्तारी रात में ही कर ली थी. वहीं एक की गिरफ्तारी आज की गयी है. आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है.

### क्या है मामला

यहां बता दें कि जिला के हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र के नुरदा गांव के टुंगूबासा में डायन-बिसाही के आरोप में एक ही परिवार के चार लोगों की सामूहिक हत्या को अंजाम देकर शवों को ईलीगाड़ा के पास रेल पटरी पर फेंका दिया गया था. शनिवार की सुबह सभी का शव बरामद हुआ था. मृतकों में महिला रोयबारी सिंकू व उसका चार साल का बेटा व 6 माह की बेटी की पहचान हुई थी. जबकि एक अन्य व्यक्ति के शव की पहचान अभी नहीं हो पायी है. घटना के दौरान मृतका की एक सात साल की बेटी किसी तरह आरोपियों के चंगुल से भाग कर अपने बड़े चाचा के पास जा पहुंची तो उसकी जान बच गई थी.

## गढ़वा के रंका में पत्नी के व्यवहार से तंग आकर पति ने खुदकुशी कर ली



**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के मुंगदह गांव में विष्णु राम, पिता- राम अवतार भुईयां का शव पुलिस ने बरामद किया है. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि विगत 15 दिनों से मृतक राम अवतार भुईयां अपने ससुराल चिनिया प्रखंड के चफला में रह रहा था. ससुराल से आने के बाद वह अपने पैतृक गांव मूंगदह में शनिवार रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. बताया जाता है कि पत्नी से किसी बात को लकेर हुए विवाद के कारण उसने खुदकुशी की.

## करीम सिटी कॉलेज में शैक्षणिक सम्मेलन

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के साकची स्थित करीम सिटी कॉलेज में रविवार को शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया. इसमें लंदन स्थित क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी के सीनियर लेक्चरर व इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर डॉ जावेद अख्तर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. डॉ जावेद अख्तर ने मुस्लिम समुदाय के पिछड़ेपन के बारे में बात की और अंग्रेजों का भारतीयों के प्रति जो रवैया था, उसे उद्धृत करते हुए कहा कि अगर इस समय मुसलमान खुद को इस्लाम का सच्चा अनुयायी बनाते हैं, तो हर कोई उन्हें पसंद करेगा. करीम सिटी कॉलेज गवर्निंग बॉडी के सचिव डॉ मो जकारिया, कबीर वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ मो सलीम भी शामिल थे. डॉ याहिया इब्राहीम ने अतिथियों का स्वागत से किया. मो अशरफ अंसारी, डॉ एमडी वाजिद अख्तर, डॉ शारिक अंसार, अयाज अहमद ने भी अपने विचार रखे. मो अशरफ अंसारी ने छात्रवृत्ति के बारे में जानकारी दी.

## पेज एक का शेष

**झारखंड में इंडिया के बीच...**

कांग्रेस और झामुमो ने अपनी बात आलाकमान के समक्ष रखी दी है. डिमांड की कोई बात नहीं है. अंतिम निर्णय कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन लेंगे. गठबंधन में शामिल सभी दलों को पता है कि किसे कौन सीट पर लड़ना है. हमने प्रत्याशियों को लेकर भी बातचीत की. उम्मीद करते हैं कि सीट शेयरिंग के बाद सभी दल अपने-अपने प्रत्याशी भी तय कर लेंगे.

**झामुमो कांग्रेस ने 7-7 सीट पर किया दावा :** झामुमो एवं कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के पार्टी नेताओं ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अन्य कांग्रेस नेताओं से झारखंड में 5 से 7 सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव दिया है. कांग्रेस नेताओं को बताया गया कि 2019 के बाद झारखंड में राजनीतिक परिस्थिति बदल चुकी है. झारखंड में झामुमो अब बड़े भाई की भूमिका में है. इसके अलावे झामुमो ने ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार के भी सीटो पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव कांग्रेस नेतृत्व के समक्ष रखा है. इधर कांग्रेस की ओर से भी 7 सीटों पर दावा किया गया है. चूंकि झारखंड में इंडिया गठबंधन के साथी राजद और वामदल भी अपने-अपने दावे करते रहे हैं. ऐसे में सीट शेयरिंग इतनी आसान नहीं होगी. अब कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ही अंतिम रूप से फैसला करेंगे.

**गठबंधन मजबूत, सरकार को खतरा नहीं**

सोरेन के साथ अपनी मुलाकात के बाद खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स' पर कहा, आज झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन जी व झारखंड कांग्रेस के नेताओं के साथ मिलकर हमने पुन: साथ मिलकर तानाशाही (केंद्र) सरकार से लड़ने का संकल्प लिया. उन्होंने कहा, हम झारखंड में प्रगतिशील, जन-कल्याणकारी और सामाजिक न्याय की अपनी यात्रा जारी रखेंगे. खरगे के साथ बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड प्रभारी महासचिव गुलाम अहमद मीर और प्रणव झा समेत अन्य मौजूद थे. बैठक के बारे में पूछे जाने पर मीर ने भी पत्रकारों से कहा कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी. कांग्रेस के असंतुष्ट विधायकों के एक वर्ग के दिल्ली में होने के बारे में पूछे जाने पर मीर ने कहा कि उन्हें (विधायकों को) सरकार से कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन अपने निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित कुछ विशिष्ट मसले हैं जिन्हें वे पार्टी नेतृत्व के समक्ष उठाएंगे और हल कराएंगे. इससे पहले चंपाई सोरेन ने कहा (यह) कोई मुद्दा ही नहीं है, हमारा गठबंधन मजबूत है. असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों के दिल्ली में होने के बारे पूछे जाने पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा था, यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है, वे इसे सुलझा लेंगे. मुझे इस बारे में कुछ नहीं कहना है. झामुमो और कांग्रेस के बीच कोई विवाद नहीं है और सब कुछ बिल्कुल ठीक है. कांग्रेस के कम से कम 12 विधायकों ने 23 फरवरी से शुरू हो रहे आगामी राज्य विधानसभा सत्र का बहिष्कार करने और मंत्रियों को नहीं बदलने पर जयपुर जाने की धमकी दी है.

**नाराज कांग्रेस विधायक दिल्ली में...**



चारों मंत्रियों के खिलाफ कार्यकर्ताओं एवं पार्टी पदाधिकारियों द्वारा लगातार पार्टी मीटिंग मे शिकायतें की जा रही थीं. दिल्ली में जिन कांग्रेस विधायकों ने गुलाम अहमद मीर से मुलाकात की, उनमें अनूप सिंह, दीपिका पांडे सिंह, इरफान अंसारी, अंबा प्रसाद, भूषण बाड़ा, राजेश कच्छप, नमन विक्सल कोंगाडी, सोनाराम सिंकू और उमाशंकर अकेला शामिल हैं.

**विवाद** गोमिया के हजारी में बन रहा स्वास्थ्य उपकेंद्र विवादों में घिरा, सीओ से लेकर डीसी तक आवेदन दिया, सब मौन

# जिस जमीन पर बन रहा अस्पताल, उस पर 7 लोगों ने किया दावा

रजनीश प्रसाद। गोमिया



बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड के हजारी गांव में पीएम-एबीएचआईएम योजना से स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण हो रहा है. पर जमीन को लेकर स्वास्थ्य केंद्र विवादों में घिर गया है. जिस भूखंड पर निर्माण कार्य चल रहा है, उस पर एक- दो नहीं, कुल सात लोगों ने मालिकाना हक जता दिया है. जिन लोगों ने भूखंड पर मालिकाला हक का दावा किया है, उनमें गौरी लाल नायक, वीरेंद्र कु नायक, रामजी प्रसाद नायक, भरत नायक और नरेश नायक शामिल हैं. मालिकाना हक जताने वाले का कहना है कि उन्होंने गोमिया सीओ के नाम पर आवेदन दिया, लेकिन सीओ ने केवल आश्वासन दिया. वहीं दूसरी स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण तेजी से चल रहा है. छत ढलाई की तैयारी संवेदक चल रही है. उधर जमीन पर मालिकाना हक जतानेवालों का कहना है कि गोमिया के सीओ, बेरमो के एसडीओ,बोकारो डीसी को आवेदन देने के बावजूद उनकी बात सुनी नहीं गयी.

### रैयत की पीड़ाः प्रशासन सुन ही नहीं रहा, कहा जाएं

जमीन का दावा करने वाले एक दावेदार नरेश प्रसाद ने कहा कि खाता नंबर 117/65 और प्लॉट संख्या 2584 की जमीन उनकी है. जमीन की बंदोबस्ती भी उनके पूर्वजों के नाम से है. इसके पीछे की रैयती जमीन भी उनलोगों की पुश्तैनी ही है. प्रसाद ने कहा- यहां हमलोग सालों तक खेती करते आए हैं. हाल के कुछ वर्षों मे बारिश की कमी के कारण इस जमीन पर खेती नहीं कर पा रहे थे. जमीन की रसीद भी उनके पूर्वजों के नाम से कई सालों से कटती रही है. भू माफिया और असामाजिक तत्व ठेकेदार के साथ मिल कर हमारी जमीन पर निर्माण करा रहे हैं. इसकी शिकायत हमलोगों ने गोमिया के सीओ सहित साभी उच्चाधिकारियों से 6 जनवरी को आवेदन देकर की है, लेकिन वे सिर्फ आश्वासन देते रहे. जमीन को लेकर कुछ नहीं किया और स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण तेजी से होता रहा. जब हमारी बात प्रशासन के लोग ही नहीं सुन रहे हैं, तो हम जाएं, तो जाएं कहां. कोर्ट जाने पर पैसे ज्यादा खर्च होते हैं, इसलिए अफसरों से विनती कर रहे हैं कि वे जमीन के कागजात की जांच करा कर उनके साथ न्याय करें, लेकिन दो महीने बीचने को हैं और प्रशासन ने चुप्पी साध रखी है. बहुत परेशानी है. कम से कम स्थिति तो स्पष्ट करे.

### सीओ बोले- मैं नया आया हूं, मुझे जानकारी नहीं

गोमिया सीओ ने कहा- मैं नया-नया आया हूं, मुझे इस जमीन के बारी में पूरी जानकारी नहीं है. आज रविवार है कार्यालय बंद है. कर्मचारी से रिपोर्ट ले कर मैं सोमवार को आपको पूरी जानकारी दे सकूंगा.

### एनओसी दे दिया, और कुछ नहीं बता सकता : हल्का कर्मचारी

हजारी पंचायत के हल्का कर्मचारी कैलाश यादव का कहना है कि उस जमीन पर स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाने के लिए एनओसी दे दिया गया है. इसके अलावा मैं कुछ नहीं कह सकता हूं, आप सीओ ऑफिस आइए, जो भी जानना है, वहां से जानिए. सीओ ऑफिस से ही जानकारी मिल सकेगी.

### ठेकेदार ने कहा : कुछ दिन काम रोका था, पर कोई आया ही नहीं

ठेकेदार ने कहा कि उन्हें स्वास्थ्य केंद्र बनाने के लिए एनओसी मिल गया है. इसके बाद ही उन्होंने काम शुरू किया है. काम शुरू करते समय जमीन पर मालिकाना हक जतानेवालों ने कुछ दिनों काम रोकने को कहा था, मैं कुछ दिनों तक रुका भी रहा, फिर कोई आया ही नहीं.

# समृद्धि में नफरत का बाजार

भले ही लाखों भारतीय युवाओं के लिए अमेरिका एक सुनहरे सपनों का देश हो, लेकिन नये साल की शुरुआत में पांच प्रतिभावान भारतीय छात्रों की मौत बताती है कि वहां जमीनी हकीकत खासी नफरत से भरी है. अपनी मेधा-परिश्रम के बूते अपनी विशिष्ट जगह बनाते भारतीय युवा उन काहिल अमेरिकी युवाओं की आंख की किरकिरी बने हुए हैं, जिन्हें लगता है कि भारतीय युवा उनकी जगह ले रहे हैं. दरअसल, इस सोच को दक्षिणपंथी राष्ट्रपति रहे डोनाल्ड ट्रंप ने हवा दी. डोनाल्ड ट्रंप तो युवाओं का राजनीतिक दोहन करके चले गए, लेकिन पथभ्रष्ट अमेरिकी सफलता की नई इबारत लिख रहे युवा भारतीयों को निशाना बना रहे हैं. हालात कई भारतीय छात्रों के स्वप्नों के अमेरिका में दुःस्वप्न बनाया जा रहा है. निश्चय भारतीय छात्रों की हत्याएं उन विद्यार्थियों को व्यथित करने वाली हैं, जो अमेरिका में अपने सपनों का संसार देखते हैं. निस्संदेह, ये घटनाएं उन मां-बाप के लिए दुखदायी हैं, जो अपने चल-अचल संपत्ति बेचकर या जीवन की सारी पूंजी लगाकर अपने बच्चों का भविष्य संवारने अमेरिका भेजते हैं. ये बच्चे नस्लवादी तथा नशेड़ियों की हिंसा का शिकार बन रहे हैं. आज एक प्रतिशत भारतीय अमेरिकी अर्थव्यवस्था में छह फीसदी आयकर दे रहे हैं. उनकी संपन्नता कुछ अमेरिकियों की आंख में खटकती है. दरअसल, अमेरिका में बेरोजगारी काफी है और अपनी अयोग्यता के चलते भारतीय छात्रों का मुकाबला नहीं कर पाते. यह दुराग्रह उन्हें कालांतर में हिंसक बनाता है. दरअसल, केवल अमेरिकी युवा ही नहीं, अमेरिकी पुलिस भी नस्लवाद मुक्त नहीं है. एक भारतीय छात्रा की सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर संवेदनहीन टिप्पणी करता एक पुलिसवाला पिछले दिनों सुर्खियों में था. सारी दुनिया में मानवाधिकारों तथा सांप्रदायिक सौहार्द की ठेकेदारी करने वाला अमेरिकी प्रशासन भी इस दिशा में गंभीर नजर नहीं आता. पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सार्वजनिक टिप्पणी की थी कि भारतीय युवा अमेरिकी युवाओं का हक छीन रहे हैं. उनका दावा था कि सत्ता में आने पर वे उनका हक दिलवाएंगे. यही वजह है कि दक्षिणपंथी ट्रंप को आज भी अधिक अमेरिकी युवाओं का समर्थन मिल रहा है. दक्षिणपंथी अमेरिकियों को इस बात से भी परेशानी है कि बाइडन प्रशासन भारतीय मूल के लोगों को अधिक तरजीह दे रहा है. आंकड़े बता रहे हैं कि बाइडन सरकार ने सवा सौ से अधिक महत्वपूर्ण पदों पर भारतीय मूल के लोगों की नियुक्ति की है. यहां तक कि आज अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भी भारतीय मूल की हैं. निस्संदेह, ऐसी स्थिति में भारतीय समुदाय के लोगों और राजनयिक कर्मचारियों को छात्रों तक पहुंचाने और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे. उन्हें समयबद्ध तरीके से जांच करवाने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर भी दबाव बनाने का प्रयास करना चाहिए. भारतीय छात्रों को भी सचेत रहने की जरूरत है कि खुद को दुनिया का आदर्श लोकतंत्र कहने वाले अमेरिका में नस्लीय सड़ांध गहरे तक है.

> आज एक प्रतिशत भारतीय अमेरिकी अर्थव्यवस्था में छह फीसदी आयकर दे रहे हैं. उनकी संपन्नता कुछ अमेरिकियों की आंख में खटकती है. दरअसल, अमेरिका में बेरोजगारी काफी है और अपनी अयोग्यता के चलते भारतीय छात्रों का मुकाबला नहीं कर पाते.

## सुभाषित

**पदाहतं सदुत्थाय मूर्धानमधिरोहति।**
**स्वस्थादेवाबमानेपि देहिनस्वद्वरं रजः॥**

जो व्यक्ति अपमानित होने के बाद भी चुप हो कर बैठ जाता है, उस व्यक्ति से श्रेष्ठ तो मिट्टी का वह कण है, जो पैरों से कुचलने पर भी ऊपर उठता है. यानी प्रतिकार करने का तैयार हो जाता है. इसलिए अपमानित हो कर भी प्रतिक्रियाहीन व्यक्ति निकृष्ट ही है.

# सोनिया का फैसला, कांग्रेस के लिए नुकसानदेह

**सोनिया गांधी अब लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी. उन्होंने राज्यसभा के जरिए संसद पहुंचने का फैसला किया है. कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी राजस्थान से चुनकर राज्यसभा पहुंचने वाली हैं. अब गांधी परिवार की परंपरागत सीट रायबरेली से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है, लेकिन यह फैसला कांग्रेस के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है.**



• देश-काल



बृजेंद्र दुबे

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने चुनावी राजनीति से संन्यास लेकर राज्यसभा के जरिए संसद पहुंचने का फैसला किया है. सोनिया गांधी राजस्थान से राज्यसभा जाएंगी. सोनिया गांधी का राजनीतिक सफर हमेशा बहस का विषय रहेगा. उन्हें कांग्रेस पार्टी को उबारने का श्रेय मिला, तो पुत्र मोह में इसे डूबता छोड़ने का भी आरोप भी. सोनिया पर राजनीतिक शुचिता को भी मलिन करने के आरोप लगे, जब सीताराम केसरी के साथ कांग्रेसियों ने ही दुर्व्यवहार किया और जब पीएम रहे पीवी नरिसम्हा राव के 2004 में निधन के बाद शव को कांग्रेस मुख्यालय में नहीं रखने दिया गया. वक्त-वक्त की बात है. एक वक्त था जब सोनिया गांधी पर्दे के पीछे से देश की सरकार चला रही थीं और एक वक्त अब है जब उनका साम्राज्य बिखर चुका है. नौबत यह आ गई है कि अब उन्होंने चुनावी राजनीति से तौबा कर लिया है. 78 वर्षीय सोनिया गांधी ने अपने जीवन में काफी उतार चढ़ाव देखे. इटली में एक सामान्य परिवार में पैदा हुईं सोनिया को 1968 में राजीव गांधी से शादी के बाद भारत आना पड़ा. वे यहां शासक परिवार के घर की बहू बनीं. लेकिन अगले तीन दशक में उन्हें पहले अपनी सास इंदिरा गांधी और फिर पति राजीव गांधी को खोने की भारी विपदाओं का सामना करना पड़ा. 1984 में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या हो गई तो उनके पुत्र राजीव गांधी को अचानक राजनीति में आना पड़ा. वे देश के प्रधानमंत्री बन गए. सोनिया तब सहमी थीं. वे अपनी सास की दिनदाहड़े हत्या के बाद अपने पति को राजनीति में नहीं आने देना चाहती थीं. लेकिन नियति देखिए, 1991 में सोनिया का डर सही हो गया और राजीव गांधी लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान तमिलनाडु की एक रैली में आत्मघाती हमले के शिकार हो गए. वक्त की सुई फिर वहीं आ टिकी थी, जब इंदिरा की हत्या के बाद राजीव के राजनीति को लेकर उहापोह का दौर था. सोनिया ने कभी पति राजीव को जो सलाह दी थी, खुद के लिए वही मौका आया तो अड़ी रहीं. सोनिया ने कांग्रेस का अध्यक्ष पद संभाला तो अगले ही वर्ष लोकसभा के चुनाव हो गए. 1999 के आम चुनाव में सोनिया ने उत्तर प्रदेश की अमेठी और कर्नाटक की बेल्लारी सीट से पहली बार चुनावी किस्मत आजमाई. उन्हें दोनों जगहों पर सफलता मिली और 13वीं लोकसभा में वो पहली बार संसद पहुंच गईं. बेल्लारी में उन्होंने बीजेपी की धाकड़ नेता सुषमा स्वराज को हराया था.

सोनिया की व्यक्तिगत सफलता के बाद बारी थी कांग्रेस पार्टी की चमक वापस लाने की. 2004 के लोकसभा चुनावों में यह लक्ष्य भी हासिल हो गया. कांग्रेस पार्टी 2004 को लोकसभा चुनावों में 145 सीटें पाकर कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बन गई. सोनिया गांधी के नेतृत्व में पार्टी ने पहली बार गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने का फैसला किया. सोनिया प्रधानमंत्री बनने वाली थीं, लेकिन न केवल विरोधी बीजेपी बल्कि कांग्रेस के अंदर से भी उनके विदेशी मूल के होने का मुद्दा आसमान छू गया. सुषमा स्वराज ने ऐलान कर दिया कि अगर सोनिया गांधी प्रधानमंत्री बनीं तो वो अपना सिर मुंडवा लेंगी. उधर, शरद पवार, पीए संगमा और तारिक अनवर ने 1999 में ही कांग्रेस से अलग होकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) बना ली थी. उन्होंने भी सोनिया के विदेशी मूल के होने को ही अपने विरोध का आधार बनाया था. यह अलग बात है कि एनसीपी पिछले कई वर्षों से उसी कांग्रेस के साथ गठबंधन में है.

2004 में यूपीए बना तो सोनिया उसकी चेयरपर्सन चुनी गईं. वे इस बार यूपी की रायबरेली से जीतकर लोकसभा पहुंची थीं. सोनिया ने विरोध को देखते हुए खुद पीएम पद नहीं लेकर मनमोहन सिंह को देश का प्रधानमंत्री बना दिया था. तब नीतिगत मामलों में मनमोहन सरकार को निर्देशित करने के लिए राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (एनएसी) का गठन किया गया और इसकी अध्यक्ष बनीं सोनिया गांधी. आज भी दावा किया जाता है कि दरअसल 2004 से 2014 तक के मनमोहन सिंह सरकार के दो कार्यकाल की असली प्रधानमंत्री तो सोनिया गांधी ही थीं. इस बीच 2006 का वह दौर आया, जब एनएसी के अध्यक्ष को लाभ का पद करार दिए जाने के कारण सोनिया गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई. उन्हें एनएसी अध्यक्ष पद भी छोड़ना पड़ा. दरअसल, संविधान का अनुच्छेद 102(1)(ए) कहता है कि सांसद या विधायक ऐसा कोई पद नहीं ले सकते हैं जहां वेतन, भत्ते या अन्य दूसरी तरह के फायदे मिलते हों. वहीं, संविधान के अनुच्छेद 191(1)(ए) और जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 9ए के तहत भी सांसदों और विधायकों को दूसरा पद लेने से रोकने का प्रावधान किया गया है. एनएसी का कार्यकाल 2008 तक रहा. फिर 2009 में कांग्रेस सत्ता में लौटी तो 2010 में एनएसी का गठन हो गया. इस बार कानून लाकर तय कर दिया गया कि एनएसी चेयरमैन को लाभ का पद नहीं माना जाएगा. सोनिया फिर एनएसी अध्यक्ष बनीं और 2014 तक इस पद पर बनी रहीं, जब लोकसभा चुनावों में बुरी तरह परास्त होकर कांग्रेस सत्ता से बाहर नहीं चली गईं.

एनएसी चेयरमैन के बतौर सोनिया गांधी पर पर्दे के पीछे से शासन चलाने के आरोप तो लगे ही, एक जबर्दस्त विवाद एनएसी की तरफ से तैयार एक कानूनी मसौदे पर हुआ. सोनिया ने दूसरी बार एनएसी चेयरमैन का पद संभाला तो सांप्रदायिक हिंसा विधेयक, 2011 का ड्राफ्ट तैयार हुआ. आरोप है कि इस मसौदे में दंगों का प्राथमिक दोषी हिंदुओं को मानने का प्रावधान किया गया था. हालांकि, एनएसी ने सूचना का अधिकार कानून, शिक्षा का अधिकार कानून, मनरेगा और खाद्य सुरक्षा कानून जैसे कई अच्छे फैसले भी लिए. कांग्रेस सत्ता से बेदखल हो गई, लेकिन सोनिया गांधी रायबरेली से चुनाव जीतती रहीं. सोनिया ने गांधी परिवार के इस गढ़ से 2009, 20014 और 2019 का चुनाव जीता. उनका आखिरी लोकसभा चुनाव इस मायने में बहुत खास रहा कि वे उत्तर प्रदेश से चुनकर आने वाली कांग्रेस पार्टी की अकेली लोकसभा सांसद थीं. यहां तक कि परंपरागत अमेठी सीट पर राहुल गांधी को बीजेपी नेता स्मृति इरानी से हार का मुंह देखना पड़ा. अब सोनिया के राज्यसभा का रुख करने के बाद बड़ा सवाल पैदा हो गया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में क्या कांग्रेस पार्टी का उत्तर प्रदेश में खाता भी खुल पाएगा या नहीं.

## • बोधि-वृक्ष | दिव्येन्दु त्रिपाठी



### परमात्मा का अनुग्रह

दक्षिण भारत के आचार्यों में रामानुजाचार्य का स्थान अन्यतम है. इन्होंने भक्ति का प्रकाश सर्वत्र फैलाने का प्रयास किया तथा आम लोगों को ईश्वर से रागात्मक संबंध बनाने के लिए प्रेरित किया. स्वामी रामानुजाचार्य का दार्शनिक सिद्धांत विशिष्टाद्वैत कहलाता है. इन्होंने ईश्वर के अनुग्रह की चर्चा बहुत ही गहराई के साथ की है. परमात्मा की कृपा से सभी परिचित हैं. कोई भी भक्त या साधक जब अपनी भक्ति या साधना से ईश्वर को प्रसन्न कर लेता है तो उसे ईश्वर की कृपा उपलब्ध हो जाती है. अर्थात ईश्वर की कृपा को प्रयासपूर्वक हासिल किया जा सकता है, लेकिन जब वह बिना भक्त के प्रयास या साधना के ही अपनी कृपा करता है तो उसे अनुग्रह कहा जाता है. जिस प्रकार वृष्टि करना बादल का सहज स्वभाव है अथवा जगत को प्रकाशित करना सूर्य का स्वभाव है उसी तरह से अपनी इच्छा से कृपा करना या अनुग्रह करना जगत्स्रष्टा परमात्मा का स्वभाव है. वह अनुग्रह यह परवाह किए बिना करता है कि कोई उसकी भक्ति या उपासना कर रहा है या नहीं. लेकिन उसके अनुग्रह को प्राप्त करने के लिए साधक को सदैव प्रयासरत रहना चाहिए. सतत् प्रवाहित होते रहना हवा का गुण है लेकिन हमारे कक्ष में उसका प्रवेश तभी होगा, जब हम उसकी खिड़कियों और द्वार को खुला रखेंगे. जब हम द्वार ही नहीं खुला रखेंगे तथा खिड़कियों को भी बंद करेंगे तो हवा भला हमारे कक्ष में किस तरह से आ सकेगी. ईश्वर स्वतः अनुग्रहशील है. हम अपनी भक्ति, साधना अथवा चित्त को अनुकूल करके प्रभु के अनुग्रह हेतु अपनी चेतना के वातायन खोल सकते हैं. यही अनुग्रह का मर्म है. इसी मर्म का उद्‌घाटन एक अन्य महान संत महाप्रभु वल्लभाचार्य ने भी किया है. उन्होंने अनुग्रह के लिए पुष्टि शब्द का इस्तेमाल किया है. जो जीव प्रभु के अनुग्रह को प्राप्त हो जाता है, उसे 'पुष्ट ' कहा जाता है. अनुग्रह की चर्चा भारतीय दर्शन-परंपरा के अलावे कहीं-कहीं पाश्चात्य दर्शन में भी मिल जाता है. साथ ही ईसाई मत में भी कतिपय संतों को इसकी चर्चा करते हुए पाया गया है. सेंट ऑगस्टाइन ने अनुग्रह के लिए ग्रेस शब्द का व्यवहार किया है. उनके अनुसार अनुग्रह या ग्रेस ईश्वर करता ही करता है, लेकिन हम उसे पाते हैं या नहीं, यह हमारे ऊपर निर्भर करता है. हमारे पुराणों में अनेक भक्तों की चर्चा है जैसे ध्रुव, प्रह्लाद, नारद, मार्कण्डेय, शुकदेव आदि. इन भक्तों के जीवन में अनेक सम-विषम परिस्थितियां आईं, लेकिन वे न तो हिम्मत हारे और नहीं अपने प्रयासों में कोई कमी की. वे सदैव ईश्वर के अनुग्रह हेतु तत्पर रहे.

# मस्तिष्क तकनीक और मानवाधिकार के सवाल

• तकनीक

दिनेश सी. शर्मा

तकनीक विशेषज्ञ और खरबपति इलॉन मस्क ने अपने अलमस्त अंदाज़ में 29 जनवरी को एक्स एप पर चौंकाने वाली घोषणा कर डाली. यह पहले से जानी-पहचानी परियोजना टेस्ला या हाइपरलूप की बाबत न होकर कम मशहूर स्टार्टअप न्यूरालिंक पर थी, जिसकी शुरुआत 2016 में हुई थी. इस कंपनी ने दिमाग के अंदर (इनवेसिव) डिवाइस डालकर गतिविधियां पढ़ने वाली चिप का मनुष्यों पर परीक्षण शुरू कर दिया है. वैसे अमेरिका और अन्य देश दशकों से अनेकानेक अनुसंधान समूह इम्प्लांटेबल ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस डिवाइसेस पर काम करते आए हैं और कइयों का परीक्षण भी हुआ है. लेकिन न्यूरालिंक के दावे के मुताबिक उनके इस प्रयोग में किसी मनुष्य के न्यूरॉन से पहली बार सूचना रिकॉर्ड की गई है. इस चिप में अति सूक्ष्म पॉलीमर तंतु हैं, जो दिमाग के अंदर 1024 बिंदुओं से गतिविधियां दर्ज कर सकते हैं. किसी अन्य समूह अथवा कंपनी द्वारा इतनी बड़ी बैंडविड्थ से ब्रेन-कंप्यूटर कम्युनिकेशन का उपयोग करने का दावा अब तक नहीं किया गया. हो सकता है मस्क की यह घोषणा नाटकीय लगे, लेकिन न्यूरालिंक पिछले कई सालों से इस तकनीक पर काम कर रही है. जुलाई, 2019 में कैलिफोर्निया एकेडमी ऑफ साइंस के एक बंद कमरे में हुई बैठक में प्रयोग संबंधी कुछ तफ्सील को साझा किया गया था. यह डाटा अनुसंधानकर्ताओं द्वारा चूहे के दिमाग में स्थापित किए गए अत्यंत सूक्ष्म इलेक्ट्रॉड्स माध्यम से प्राप्त किया गया था. मस्क ने बताया था कि बंदरों के दिमाग में भी डिवाइस डाली गई, जिसने उनके मस्तिष्क को नियंत्रण करना संभव कर दिखाया. इस तकनीक में पॉलीमर तंतु हैं, जो दिमाग के न्यूरॉन के इलेक्ट्रिकल सिग्नल को ग्रहण कर कान के पीछे लगी वायरलेस डिवाइस को प्रेषित कर देते हैं. दिमाग में सर्जिकल रोबो की मदद से भी चिप डाली जा सकती है. मस्क के मुताबिक यह तकनीक रीढ़ की हड्डी में चोट से लकवाग्रस्त हुए लोगों की मददगार हो सकती है. उन्होंने यह दावा भी किया कि चिप से अवसाद और व्यक्ति में एलज़ाइमर इत्यादि को भी ठीक किया जा सकता है. न्यूरालिंक और अन्य अनुसंधानकर्ता जैसे कि ब्लैकरॉक न्यूराटेक और सिन्क्रोन समूह तरक्की कर रहे इस स्टार्टअप क्षेत्र का हिस्सा है, जिसे न्यूराटेक (फिनटेक, एजूटेक, एग्रीटेक की तर्ज पर) नाम दिया गया है. न्यूराटेक का उद्देश्य इंसान के दिमाग की अवस्था का विनियमन करना है. न्यूराटेक की दो धाराएं हैं- नॉन इनवेसिव और इनवेसिव तकनीक. नॉन इनवेसिव में खोपड़ी की सतह पर इलेक्ट्राड्स और अन्य डिवाइस लगाकर दिमाग की गतिविधि को पढ़ा जाता है और काफी समय से यह विधा उपयोग हो रही है. अनेकानेक न्यूराटेक उत्पाद पहले ही प्रचलित हैं जैसे कि ईईजी (इलेक्ट्रोएन्सेफेलोग्राम) उपकरण जो दिमाग की गतिविधि में सुधार लाने के लिए सिग्नल को दर्ज कर संबंधित डाटा एवं ट्रांसक्रेनियल स्टिमुलेशन कॉन्ट्रैप्शन मुहैया करवाता है. इसका उपयोग करके दिमाग की गतिविधि में सुधार लाया जाता है. उदाहरणार्थ, सिडनी स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी ने ऐसा सिस्टम बनाया है, जो दिमाग में इम्प्लांट किए बगैर शांत विचारों को पढ़कर उन्हें लिखित रूप में दर्ज कर सकता है. इस विधि में खोपड़ी की सतह से ही मस्तिष्क की इलेक्ट्रिकल गतिविधि को ईईजी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एलॉरिद्म की मदद से बड़ी मात्रा में इकट्ठा हुए सिग्नल को बांचकर, उनका अनुवाद शब्दों और वाक्यों के रूप में किया जाता है. इसे ब्रेन-जीपीटी का नाम दिया गया है. न्यूरालिंक सरीखी कंपनियां इनवेसिव तकनीकों पर काम कर रही हैं, जिनमें खोपड़ी की सतह, दिमाग के भीतर और शरीर के अन्य अंगों पर इम्प्लांट स्थापित करना शामिल है. पड्यू यूनिवर्सिटी में इलेक्ट्रिकल एंड कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर श्रिया सेन ने वाई-आर नामक तकनीक ईजाद की है, जो शरीर के अंदर ऐसा इंटरनेट स्थापित कर सकती है, जिसका उपयोग करके शरीर के अंदर लगी और बाहर डिवाइस जैसे कि स्मार्टफोन, स्मार्टवाच और इंसुलिन पम्प इत्यादि एक-दूसरे से संपर्क बना सकते हैं. सेन ने ब्रेन इम्प्लांट को लेकर एक अन्य अवधारणा भी पेश की है, जिससे कि भविष्य में इंसान तकनीकी यंत्रों को महज विचारों के जरिए चला/नियंत्रित कर सकेगा. वाई-आर तकनीक ब्लूटुथ या अन्य रेडियो सिग्नल्स से कहीं कम फ्रीक्वेंसी का इस्तेमाल करके काम करती है.

> मस्क ने बताया था कि बंदरों के दिमाग में भी डिवाइस डाली गई, जिसने उनके मस्तिष्क को नियंत्रण करना संभव कर दिखाया. इस तकनीक में पॉलीमर तंतु हैं, जो दिमाग के न्यूरॉन के इलेक्ट्रिकल सिग्नल को ग्रहण कर कान के पीछे लगी वायरलेस डिवाइस को प्रेषित कर देते हैं. दिमाग में सर्जिकल रोबो की मदद से भी चिप डाली जा सकती है.

# इलेक्टोरल बॉन्ड : सच जानने का हक सबको

• सियासत

कुमार देशप्रिय

सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को सुनाए अपने ऐतिहासिक फैसले में भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा जारी किये गये इलेक्टोरल (चुनावी) बॉन्ड योजना पर रोक लगा दी है, जो संविधानसम्मत होने के साथ जनअपेक्षाओं के अनुरूप भी है. कोर्ट ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को भी आदेश दिया है कि वह 6 मार्च, 2024 तक उन सभी राजनीतिक दलों के नाम व प्राप्त राशि निर्वाचन आयोग को बतलाये, जिन्होंने इस योजना का लाभ उठाया है और इस जानकारी को आयोग 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर साझा करे. इस जानकारी से ज्ञात होगा कि किस दल ने किससे और कितनी राशि प्राप्त की है. इस तरह सूचना के अधिकार की रक्षा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, पारदर्शिता एवं चुनावी सुधार की चारों दिशाओं के क्षितिजों का स्पर्श करने वाला यह निर्णय संसदीय प्रणाली के शुद्धीकरण की राह में मील का पत्थर कहा जा सकता है. इस योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई करते हुए प्रमुख न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय बेंच ने एकमत से इसे असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि यह सूचना के अधिकार के नियम का उल्लंघन है. उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने 2017 में यह योजना एक वित्त अधिनियम के रूप में लोकसभा से पारित कराई गई थी, जिसे 29 जून, 2018 को कानूनन लागू किया गया था. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की चुनिंदा शाखाओं से कोई भी नागरिक इस बॉन्ड को खरीदकर अपने पसंदीदा दल को चंदे के रूप में दे सकता था. इसे एक तरह से राजनीतिक दलों की गुमनाम तरीके से मदद करना भी कहा जा सकता है.इस योजना को लेकर सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि वोटर को यह जानने का हक है कि राजनीतिक दलों के पास धन कहां से आ रहा है. उसने यह भी कहा कि यह योजना नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है, जिसके कारण संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) में उल्लिखित अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव पड़ता है. सुनवाई के दौरान सरकार की दलील थी कि इससे राजनैतिक दलों की फंडिंग में काले धन का इस्तेमाल रुकेगा तथा फंडिंग साफ-सुथरी होगी. कोर्ट ने इसे अस्वीकार करते हुए कहा कि उसके दूसरे तरीके भी हैं. सुप्रीम कोर्ट ने इसकी जानकारी जनता को न देने की सरकार के अटॉर्नी जनरल की यह दलील खारिज कर दी जिसमें कहा गया कि उचित प्रतिबन्धों के अधीन हुए बिना 'कुछ भी' और 'सब कुछ' जानने का अधिकार नहीं दिया जा सकता. यह दुर्भाग्यपूर्ण है जनता को यह जानने का अधिकार नहीं है कि इस योजना में किस पार्टी को किसने कितना चंदा दिया. इस तरह सरकार ने इसे जनता की पहुंच से दूर रखा है जिसके कारण इसकी विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता दोनों ही संदेहों के घेरे में रही. इस बात पर इसलिए सहज विश्वास किया जा सकता है, क्योंकि भाजपा सरकार की कारोबारी व उद्योग जगत से नज़दीकियां ज्ञात हैं. बाद में यह बात सही भी साबित हुई, क्योंकि भाजपा को सबसे ज्यादा चंदा प्राप्त हुआ- करीब 5300 करोड़ रुपये. लोग जानना चाहते हैं कि चंदा देने वाले कौन हैं और उन्होंने कितना चंदा दिया है. इन्हीं शंकाओं के साथ सुप्रीम कोर्ट को दो याचिकाएं प्राप्त हुई थीं. एक तो थी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफ़ॉर्म्स (2017) की एवं दूसरी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (2018) ने दाखिल की थी. इस योजना के कारण भाजपा ने जो सम्पत्ति बटोरी है उसके कारण उसे चुनाव लड़ने में विरोधी दलों के मुकाबले बढ़त मिल जाती है. भाजपा को मिली उपरोक्त राशि के मुकाबले मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को केवल 952 करोड़, तृणमूल कांग्रेस को लगभग 768 करोड़ तथा एनसीपी को सिर्फ 63.75 करोड़ रुपए मिले हैं. सही है कि इलेक्टोरल बॉन्ड्स योजना से कमोबेश अनेक दल लाभान्वित हुए हैं, लेकिन माना जाता है कि इस फैसले से सबसे ज्यादा अड़चन भाजपा को ही होगी, क्योंकि यह निर्णय ऐसे वक्त पर आया है, जब लोकसभा के चुनाव कुछ ही महीनों की दूरी पर हैं. नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए बेताब भाजपा ने इस बार खुद के लिए 370 और अपने गठबन्धन (एनडीए) के साथ मिलकर 400 पार का नारा दिया है. जाहिर है कि लगभग सभी मोर्चों पर नाकाम मोदी-भाजपा ने जब यह लक्ष्य बनाया होगा, तब केवल उनकी कथित लोकप्रियता इसका आधार नहीं रही होगी.

> स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की चुनिंदा शाखाओं से कोई भी नागरिक इस बॉन्ड को खरीदकर अपने पसंदीदा दल को चंदे के रूप में दे सकता था. इसे एक तरह से राजनीतिक दलों की गुमनाम तरीके से मदद करना भी कहा जा सकता है. इस योजना को लेकर सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि वोटर को यह जानने का हक है कि राजनीतिक दलों के पास धन कहां से आ रहा है.

## मीडिया में अन्यत्र

# समतल चुनावी मैदान के हित का फैसला



**उच्च** मूल्य के बेनामी दान चुनावी लोकतंत्र और शासन को कमजोर करते हैं, क्योंकि वे दानदाताओं और लाभार्थियों के बीच प्रतिदान की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं. चुनावी बांड योजना (ईबीएस) को रद्द करके सुप्रीम कोर्ट ने इस बीमारी को चिह्नित किया है और लोकतंत्र व राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता को मजबूती प्रदान की है. ईबीएस के तहत कोई भी चुनावी बांड खरीद सकता था और उसे भुनाने के लिए राजनीतिक दलों को दान कर सकता था. अदालत ने पाया कि यह पूरी योजना संविधान, खासतौर पर मतदाताओं के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है. उसने कंपनी अधिनियम में उस संशोधन को भी स्पष्ट रूप से मनमाना पाय, जिसके तहत कंपनियों द्वारा अपने लाभ और हानि वाले खातों में चंदा पाने वाले राजनीतिक दलों का खुलासा किए बिना उन्हें अपने मुनाफे के 7.5 फीसदी की सीमा से परे जाकर चंदा देने का प्रावधान किया गया है. उसने 2019 से दिए गए दान के विवरण का खुलासा करना भी अनिवार्य कर दिया है. यह फैसला मतदाताओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और चुनावों की शुद्धता को बनाए रखने के लिए अदालत द्वारा दिए गए फैसलों की लंबी श्रृंखला में एक कड़ी है. इसके पहले के हस्तक्षेपों की वजह से मतपत्र पर 'उपरोक्त में से कोई नहीं' के विकल्प को शामिल किया गया, जनप्रतिनिधियों को आपराधिक अपराध के लिए दोषी ठहराए जाने पर तत्काल अयोग्य घोषित होने से मिली सुरक्षा को हटा दिया गया, उम्मीदवारों के लिए अपने चुनावी हलफनामे में संपत्ति एवं आपराधिक पृष्ठभूमि का खुलासा अनिवार्य किया गया और आपराधिक अपराधों में शामिल सांसदों व विधायकों के लिए त्वरित सुनवाई सुनिश्चित हुई. अदालत का तर्क निरपवाद है. उसने पाया कि ईबीएस का प्राथमिक औचित्य - बैंकिंग चैनलों के जरिए दान की इजाजत देकर राजनीतिक या चुनावी फंडिंग में 'काले धन' के इस्तेमाल पर अंकुश लगाना - आनुपातिकता की कसौटी पर खरा उतरने में विफल रहा, क्योंकि यह मतदाताओं के जानने के अधिकार को सीमित करने का कम से कम प्रतिबंधात्मक उपाय तो नहीं था. अदालत ने तार्किक तरीके से अज्ञात कॉरपोरेट दान और दानकर्ताओं के हितों के अनुरूप नीतिगत निर्णयों की संभावना के बीच के संबंध को रेखांकित किया है. यह फैसला वर्षों पहले निर्धारित किए गए उस सिद्धांत का स्वाभाविक अनुसरण है कि अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत मतदाताओं की अभिव्यक्ति की आजादी उम्मीदवार की पृष्ठभूमि की जानकारी के बिना अधूरी होगी. (द हिन्दू)

## शब्द चर्चा | डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### आन/बान/शान

**सन्** 1970 में एक फिल्म आयी थी-आन मिलो सजना. इसका टाइटल सौंग आनंद बख्शी ने यूं लिखा था-रंग-रंग के फूल खिले हैं भाये कोई रंग ना, अब आन मिलो सजना. लता मंगेशकर और मोहम्मद रफी की आवाज में इस गाने ने जो धूम मचा दी थी. इस पद में आन शब्द ध्यान खींचता है. बहु प्रचलित शब्द आन फारसी मूल का है. यह कहीं पुल्लिंग के रूप में है तो कहीं स्त्रीलिंग के रूप में. शायर आसिफुद्दौला ने कहा है- इस अदा से मुझे सलाम किया, एक ही आन में ग़ुलाम किया. स्त्रीलिंग के रूप में आन शब्द का मतलब है गौरव, गर्व, मर्यादा, शपथ, दुहाई. गाने में प्रयुक्त आन मिलो का मतलब है आकर मिलो. आन शब्द के और भी बहुत सारे मतलब हैं. जैसे समय, क्षण, घड़ी, रुतबा, शान-ओ-शौकत, बनावट, अदा, छवि, छटा, शोभा, टेक, बात, नाक, हाव-भाव, नाज़ ओ अदा, तबीयत, स्वभाव, आदत, चित, ढंग, अंदाज़, ढब, रीति-रिवाज, रस्म, शर्म, लाज. अरबी भाषा में सकर्मक क्रिया के रूप में आन शब्द का प्रयोग होता है, जहां इसका मतलब होता है आना. जो अपने से संबंध नहीं रखता है, जो अपना न हो, गैर हो, उसे भी आन कहा जाता है. जैसे घर का जोगी जोगड़ा आन गांव का सिद्ध. अगला शब्द है बान, जिसका सामान्य अर्थ है एक तरह की आतिशबाजी, रुई धुनने का डंडा, मूंज की रस्सी. धान के पौधे को रोपते समय उतनी पेड़ियां जो एक साथ लेकर एक थान में रोपी जाती हैं, उसे भी बान कहते हैं. बान एक पहाड़ी वृक्ष का नाम है, जो बहुत ऊंचा और मजबूत होता है. संस्कृत तत्सम वाण शब्द का तद्भव रूप बान है. शान अरबी भाषा मूल का स्त्रीलिंग शब्द है. इसका मतलब है प्रतिष्ठा, इज्जत, मान-मर्यादा, श्रेष्ठता, बुजुर्गी, गौरव, शक्ति, करामात, चमत्कार, विशालता, भव्यता, तड़क-भड़क, गर्वीली चेष्ट, ठसक, ठाट-बाट, सजावट. आन, बान और शान जब तीनों एक साथ मिल जाते हैं तो अर्थ में चमत्कार हो जाता है.

# नजरबाज बाबू, नजरिया न मारो!

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा



बदली तेरी नज़र तो नज़ारे बदल गए. यह कोई फिल्मी बात नहीं है. फिल्मी बात तो है नजरबाज बाबू नजरिया न मारो. अब गैर फिल्मी बात. पिछले 9 अगस्त की बात है. सदन में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव रखा गया. चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने मोदी जी पर ज़ोरदार हमला किया. उनका अंदाज़ और जोश देखकर सभी हतप्रभ रह गए. उन्हें लगा कि अब वे नज़र अंदाज़ नहीं किए जा सकते कि अपने भाषण में उन्होंने सरकार के खिलाफ वो-वो आरोप लगाए हैं कि मोदी जी उनसे अब नज़र मिला कर बात नहीं कर सकते. ऐसा उन्होंने भरी सभा में कह भी डाला. साथ ही शायद उन्हें यह भी लगा की वे कुछ ज्यादह ही बोल गए हैं. सो अपने भाषण के बाद वे अप्रत्याशित रूप से प्रधान मंत्री जी के पास पहुंच गए. और लगभग जबरन उनके गले लग लिए. यह वाकई, जादू की झप्पी ही थी. जिन्होंने भी यह नजारा देखा, बिना मुस्काराए रह न सका. प्रधान-मंत्री जी भी हंसने लगे. नज़रों की यह दास्तां यहीं ख़त्म नहीं हुई. लौटते समय अपनी सीट पर बस बैठने ही वाले थे कि राहुल गांधी की नज़रें अपने एक सहयोगी पर पड़ गईं. राहुल जी ने एक दोस्ताना तरीके से उन्हें आँख ( नज़र) मार दी. शायद वे कहना चाह रहे थे, देखा, पप्पू कहने वालों को क्या पप्पू बनाया है. किस्सा कोताह, मोदी सरकार के विरुद्ध लाया गया अविश्वास प्रस्ताव नज़रों की भेंट चढ़ गया. जब से मैंने यह सारा नज़ारा टीवी पर देखा है, मेरा सारा ध्यान 'नज़रों' पर ही टिक गया है. मेरे ज़हन में एक ही शब्द, 'नज़र' गुंजायमान रहा. कैसी कैसी तो नज़रें हैं और क्या क्या कारनामें वे नहीं करतीं ? किसी की बुरी नज़र लग जाती है तो समझिए आफत ही आ जाती है. कोई भी बन्दा बड़ी कुरसी पर बैठा नहीं कि लोग बिना नज़र लगाए नहीं रहते. जब तक उनमें सांस रहती है, वे बन्दे को गिराने का भरसक प्रयत्न करते रहते हैं. इन दिनों मोदी जी की कुरसी पर सबकी नज़र है. भाजपा का विरोधी, हर पूर्व और वर्त्तमान मुख्य-मंत्री, प्रधान-मंत्री की कुरसी पर नज़र गड़ाए है. सबका एक ही समवेत स्वर है. मोदी को हटाओ. कौन बैठेगा कुरसी पर, यह किसी को नहीं पता. कुरसी न हुई वो खूब-सूरत प्रेमिका हो गई जिसके पीछे, हर लायक-नालायक, आशिक बना फिर रहा है. सबकी नज़रों में बस कुर्सी ही बसी है. कमबख्त इस नज़र के साथ हम क्या क्या नहीं करते. हम नज़र लगाते हैं; नज़र उतारते है; नज़र मिलाते हैं; नज़र टिकाते हैं. जिनसे हमारा काम होता है उन्हें कुछ न कुछ नज़र 'कर' भी देते हैं.



## लोन लिया पर नहीं बना पा रहे घर...

बालू के बिना गृह निर्माण नहीं हो सकता है. इसके अलावा पुल निर्माण की यह जरुरी सामग्री है. इसलिए इसकी हर जगह काफी मांग है. इसमें सरकार को राजस्व मिलता है तो मजदूरों को काम मिलता है. यह हर तरफ से फायदे का सौदा है. लेकिन सप्लाई कम होने से इसकी कालाबाजारी बढ़ गई है. वहीं कीमत बढ़ने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है. राजधानी रांची में 10 हजार रुपये प्रति हाइवा मिलनेवाला बालू ब्लैक में चार गुना कीमत में मिल रहा है. वह भी काफी मुश्किलों के बाद मिला पाता है. पूरे राज्य में केवल 21 बालू घाट चालू हैं. ऐसे में रामगढ़, हजारीबाग, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा इन जगहों से रांची में बालू मंगाया जा रहा है, वह भी चालान होने पर ही मिल रहा है. इस वजह से कई लोग चोरी-छिपे बालू लाते हैं, जिसके कारण इसकी कालाबाजारी बढ़ती जा रही है. वहीं ब्लैक में बालू मिलने के कारण लोग गृह निर्माण कार्य भी टाल रहे हैं. इसका सीधा असर मजदूरों पर पड़ रहा है. उन्हें काम नहीं मिल पा रहा है. इस कारण कई मजदूर पलायन कर रहे हैं. राज्य में निर्माण कार्य में लगभग आठ लाख मजदूर कार्यरत हैं. इनमें से एक लाख मजदूर राजधानी रांची व आसपास के हैं. इन मजदूरों पर अब रोजगार के संकट है. इस मामले में झारखंड बालू ट्रक एसोसिएशन भी बालू की विकट समस्या के समाधान की मांग कर रही है, ताकि लोगों को राहत मिले और मजदूरों को काम मिले. बता दें कि राज्य सरकार ने हाल ही में 444 बालू घाटों में से 351 की नीलामी प्रक्रिया जेएसएमडीसी के माध्यम से संपन्न करायी थी. इनमें 216 घाटों की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी. वहीं, 135 घाटों की निविदा प्रक्रिया चल रही है. पूर्व से राज्य भर में केवल 21 बालू घाट ही ऐसे हैं, जिनकी बंदोबस्ती हो चुकी है. इन्हीं घाटों से वैध रूप से बालू का उठाव हो रहा है. शेष सभी घाटों से अवैध रूप से बालू का उठाव हो रहा है. दूसरी ओर प्रशासन भी सख्त है. अवैध बालू ढुलाई के खिलाफ अभियान भी चल रहा है. प्रदेश में 1200 बालू ट्रक इस समय राज्य के विभिन्न थानों में जब्त हैं. बालू की कीमत बढ़ने की एक वजह यह भी है. बालू की किल्लत को लेकर हो रही परेशानी को समझने के लिए शुभम संदेश की टीम लोगों के बीच पहुंची और तैयार की रिपोर्ट...

- ✓ राज्य में ब्लैक में चार गुना कीमत में मिल रहा है बालू
- ✓ 444 बालू घाटों में से 351 की नीलामी जेएसएमडीसी के जरिये हुई थी
- ✓ पूरे राज्य में केवल 21 बालू घाट ही चालू हैं. यहीं से बालू उठाव जारी है
- ✓ निर्माण काम कम होने जाने से मजदूर अब पलायन कर रहे हैं

# बालू की किल्लत से लोग परेशान मजदूरों को नहीं मिल रहा काम

### जमशेदपुर

### घर बनाने के खर्च में हो गए हैं सारे पैसे: हरीश




बिरसानगर निवासी हरीश कहते हैं कि उन्होंने मजदूरी कर अपने सपनों का घर बनाने की सोची, पहले तो जमीन ली और फिर पांच सालों बाद जमा पूंजी के साथ घर बनवाने की शुरुआत की. पहले तो धीरे-धीरे काम शुरु किया पर बालू के दामों में हुई बढ़ोतरी के कारण उनका घर बनाने का सपना अब अधूरा सा लगता है. बालू के दामों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है. सप्लायर का कहना है कि वे लोग भी ब्लैक में खरीद रहे हैं. जिस कारण दाम में बढ़ोतरी हुई है. पहले घर में ढलाई करवानी थी पर अब एसबेस्टस का घर बनवा रहे है.

### बालू नहीं होने से बढ़ी है लोगों की आफत: संजय



जमशेदपुर में कई वर्षो से राज मिस्त्री का काम कर रहे संजय ने कहा कि बालू नहीं होने का काम भी धीमा पड़ गया है. इससे हमारी परेशानी बढ़ गई है. हमलोग तो इसी पर निर्भर हैं. कई जगह तो काम की कमी सी हो गई है. बालू के दाम सुनकर ही कई लोगों ने घर बनाने से मना ही कर दिया वहीं कई लोगों का कहना है कि बालू के दाम गिरने पर ही निर्माण कार्य करवाएंगे. ऐसे में कुली और मजदूरों पर आफत का पहाड़ टूट पड़ा है.

### आधा काम करवाकर छोड़ दिया निर्माण: अजय मुंडा



परसुडीह निवासी अजय मुंडा ने कहा कि जब निर्माण कार्य करवाना शुरु किया था तो खर्च का टारगेट लेकर चले थे, पर निर्माण सामग्रियों के दामों में बेतहाशा वृद्धि से निर्माण कार्य को बंद करवा दिया है. वहीं छोटा मोटा कारोबार कर जीविका चलाने वाले अजय ने कहा कि पूरी जमा पूंजी घर बनाने में खर्च हो गई पर निर्माण पूरा नहीं हो सका. अर्धनिर्मित घर में ही रह रहे हैं. अब जब रुपये आएंगे तो आगे का काम करवाएंगे. यही तो हमारी स्थिति है.


### गिरिडीह

### बालू की मनमानी कीमत से सभी परेशान: पूरन महतो



डुमरी प्रखंड के पूरन महतो ने कहा कि बालू की मनमानी कीमत से घर बनाने सहित अन्य काम करने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. गावों में विकास कार्य ठप हो गया है. बालू मिलता भी है तो उसकी कीमत अधिक देना पड़ता है. इसका सबसे ज्यादा परेशानी दैनिक मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है. काम नहीं मिलने से मजदूर परेशान हैं. उनके लिए बड़ी समस्या है.

### बालू को लेकर राज्य सरकार गंभीर नहीं: श्याम पाठक




गांडेय प्रखंड के श्याम पाठक ने कहा कि बालू की समस्या झारखंड में दिनों-दिन जटिल होती जा रही है. इस मामले को लेकर राज्य सरकार गंभीर नहीं है. राज्य सरकार की उदासीनता के कारण बालू मनमाने कीमत पर बेची जा रही है. उन्होंने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से बालू घाट की नीलामी पंचायत स्तर से करवाने की मांग की है, ताकि सभी को राहत मिल सके.

### बालू के अभाव में पूरी तरह से रुक गया है प्रधानमंत्री आवास का निर्माण: रूपाश्री सिंह



गावां प्रखंड की मुखिया रूपाश्री सिंह ने कहा कि बालू के अभाव में पीएम आवास का निर्माण कार्य रूक गया है. बालू की कीमत अधिक लिए जाने के कारण पीएम आवास के लाभुक काफी परेशान हैं. उन्होंने मुखिया को बालू का चालान काटने का निर्देश देने की मांग की है.



### रांची

## बालू में लगी आग, बड़े छोटे तमाम निर्माण हुए ठप...

रेहान अहमद। रांची

बालू की महंगाई चरम पर पहुंच गई है. इससे बड़े छोटे निर्माण सभी प्रभावित हो रहे हैं. बालू की कमी की वजह से लोगों ने अपने निर्माण कार्य को रोक दिया है. सारे मेटरियल से कम कीमत पर बालू की बिक्री होती थी. लेकिन आज बालू का भाव गिट्टी से भी बढ़ गया है. इस कारण राज मिस्तरी, कुली, मजदूर, रेजा, सप्लायर सभी के रोज कमाने खाने का संकट सामने खड़ा हो गया है. सभी को इस संकट से उबरने का इंतजार है.

### गिट्टी से महंगा हुआ बालू, बढ़ गई है लोगों की परेशानी : मो फारुक



राजमिस्त्री मो फारूक ने कहा कि बालू की कीमत इस समय आसमान छू रही है. यही कारण है कि हमलोगों के लिये काम मुश्किल हो गया है. महंगे दामों में पैसेवाले बालू खरीद रहे हैं. हम जैसे गरीब लोग बालू की महंगाई देख अपना छोटा मोटा रिपेयरिंग भी रोक दे रहे हैं. इस समय बालू में आग लगी हुई है. पलास्टर के लिये महीन व अच्छा बालू 9000 रुपये ट्रक मिल रहा है. जबकि गिट्टी की कीमत 7500 से 8000 रुपये तक है. इस समय गिट्टी से भी महंगा बालू का भाव चढ़ गया है.

### बालू का भाव कम होने का कर रहे हमलोग इंतजार : अब्दुल रशीद



राजमिस्त्री अब्दुल रशीद ने कहा कि बालू की महंगाई की वजह से बड़ी छोटे सारे प्रोजेक्ट अभी रुक गये हैं. इधर चार माह पहले बालू की कीमत 3 हजार कम था. इस समय एक टरबो 7500 रुपये एवं महीन बालू एक टरबो 9 हजार रुपये में बिक रहा है. गिट्टी का भाव महीन बालू से एक हजार कम है. इस तरह बालू अभी काफी महंगा हो गया है. इस कारण अभी बैठा बैठी चल रहा है. काम भी नहीं मिल रहा है. सब बालू के भाव का कम होने का राह देख रहे हैं.

### भवन निर्माण सामग्री का मूल्य


| भवन निर्माण सामग्री | वाहन | दर |
|---|---|---|
| ▪ बालू | एक ट्रक | 12,000 रुपये |
| ▪ बालू | एक टरबो | 7500 रुपये |
| ▪ बालू महीन | एक टरबो | 12,000 रुपये |
| ▪ बालू | एक हाइवा | 42 से 45,000 रुपये |
| ▪ गिट्टी | एक टरबो | 7500 रुपये |
| ▪ गिट्टी | एक ट्रक | 12000 रुपये |
| ▪ गिट्टी | एक हाइवा | 45,000 रुपये |
| ▪ गिट्टी महीन | ट्रक/टरबो/हाइवा | 1000 रुपये कम |
| ▪ इटा 1 नंबर | एक ट्रक | 2000 पीस 17000 रुपये |
| ▪ मीठा ईंट | एक ट्रक | 16000 रुपये |
| ▪ 2 नंबर ईंट | एक ट्रक | 15000 रुपये |

### खुदरा सामग्री मूल्य

| खुदरा सामग्री | दर |
|---|---|
| ▪ बालू 1 बोरा | 100 रुपये |
| ▪ बालू एक टेम्पो | 1500 रुपये |
| ▪ गिट्टी 1 बोरा | 100 रुपये |
| ▪ ईंट 100 पीस | 1000 रुपये |




### सरकार को बालू के भाव में अब गिरावट करने की जरूरत : रवि



सप्लायर रवि कुमार शर्मा ने कहा कि बालू के लिये तो कोई ऑर्डर ही नहीं आ रहे है. बालू की महंगाई चरम पर जा पहुंची है. महंगाई जल्दी गिरी नहीं तो हमलोगों के साथ राज मिस्त्री, कजदूर, कुली, रेजा इन सब पर भारी असर पड़ेगा. वे रोज कमाने खाने वाले, काम नहीं मिलने की वजह से इनकी जीविका बहुत कठिन हो जा रही है. सरकार को इस ओर ध्यान देते हुए बालू की बढ़ी महंगाई में गिरावट करने की जरूरत है, ताकि मजदूरों का भी गुजारा हो सके. तभी लोगों की समस्या खत्म होगी.

### इस समय बालू महंगा हो गया है इसका असर काम पड़ रहा है : राजू



स्पलायर मो राजू ने कहा कि इस समय बालू सच में महंगा हो गया है. इसका असर भी तेजी से पड़ा है. जल्दी ऑर्डर ही नहीं मिल रहा है. महंगाई के कारण लोगों ने आने छोटे बड़े निर्माण को रोक दिया है. लोगों का कहना है बालू की महंगाई कुछ कम होगी तो निर्माण कार्य आरंभ करेंगे. इस कारण सप्लाई में भी असर पड़ रहा है. लेकिन इसे सुननेवाला और देखनेवाला कोई नहीं है. आखिर में हमलोग कहां जाएं. इसे तो सरकार को सोचना होगा.

### बोकारो

### रात के अंधेरे में बालू की होती है तस्करी: सोमनाथ



बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के दांतू निवासी सोमनाथ नायक ने बताया कि सरकार ने बालू घाटों की जब से नीलामी रोक दी है, तब से बालू की तस्करी रात के अंधेरे में होती है. इसमें प्रशासन की भी मिलीभगत होती है. तीन साल पहले तक एक हजार से डेढ़ हजार रुपये तक प्रति ट्रेक्टर बालू की सप्लाई होती थी, लेकिन तीन से चार हजार रुपये तक प्रति ट्रेक्टर पैसे देकर आम जनता को बालू खरीदना पड़ता है. इस कालाबाजारी पर रोक लगनी चाहिए एवं ग्राम सभा एवं ग्राम पंचायतों के जरिये बालू घाटों की निगरानी एवं बिक्री होनी चाहिए. इससे ग्रामीणों को राहत मिलेगी. साथ ही निर्माण कार्य मे लगे मजदूरों से लेकर अन्य कर्मियों को भी लगातार रोजगार मिल पायेगा.

### गरीबों को निर्माण कार्य मे होती है परेशानी : रवि



कसमार प्रखंड के धधकिया निवासी रवि कुमार ने बताया कि सरकारी कार्य हो या किसी गरीब के घर का निर्माण कार्य. हर कार्य में बालू की जरूरत होती है. सरकारी निर्माण कार्य में तो ठेकेदार सरकार के द्वारा दी गयी राशि से महंगे दामों में बालू खरीदकर उसकी राशि की भरपाई किसी न किसी तरह से कर लेते हैं. इसमें गरीब परिवार के लोगों के लिए घर या कोई भी निर्माण कार्य कर पाना परेशानी का कारण बनता है. बालू की कीमत घटाने एवं मनमानी पर सरकार को रोक लगानी चाहिए. खासकर जब पंचायती राज लागू है तो सरकार बालू घाट को ग्राम पंचायतों के हवाले क्यों नहीं कर रही है. इससे आमलोगों को बालू की खरीद में राहत मिलती.

### चक्रधरपुर

### घर बनाने में हो रही है परेशानी: सुमित कुमार



चक्रधरपुर निवासी सुमित कुमार ने कहा कि बालू का दाम बढ़ा होने के कारण घर निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है. बिचौलियों के माध्यम से बालू की खरीद बिक्री हो रही है. इससे प्रत्येक ट्रैक्टर बालू साढ़े चार हजार रुपये से पांच हजार रुपये तक बिकने की वजह से घर निर्माण कार्य अधूरा छोड़ना पड़ा है. बालू के दाम घटने पर घर का निर्माण कार्य शुरु कराया जाएगा. फिलहाल पिछले आठ महीने से घर का निर्माण कार्य रुका हुआ है। बालू को लेकर सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है.

### बालू की कालाबाजारी पर नहीं है ध्यान : अभिषेक



चक्रधरपुर निवासी अभिषेक साहु ने कहा कि आए दिन बालू की कालाबाजारी हो रही है, लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रही. चाईबासा, गुदड़ी समेत अन्य क्षेत्रों से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में बालू पहुंचता है. जिसे बालू माफियाओं द्वारा महंगे दाम पर बेचा जाता है.बालू के लिए कोई निश्चित दर तय नहीं है.उन्होंने कहा कि बालू महंगे दाम पर मिलने के कारण घर निर्माण कार्य को फिलहाल बंद करना पड़ा है.बालू के दाम में गिरावट आने पर ही कार्य शुरु किया जाएगा.

### गोड्डा

### घाटों की बंदोबस्ती जल्द की जानी चाहिए, तभी राहत होगी : धर्मेंद्र



बालू के सभी घाटों की बंदोबस्ती कर देना चाहिए. मुखिया धर्मेंद्र कुमार कहते हैं कि बालू के उठाव पर रोक लगाने के बाद भी बालू का उठाव रुकता नही है. सरकार के बंदी के आदेश के बाद तो माफियाओं को कमाने का मौका मिल जाता है. सरकार को चाहिए कि जिन घाटों पर पर्याप्त मात्रा में बालू उपलब्ध हो उसका विधिवत बंदोबस्त कर कर ग्रामीण समिति को सौंप दिया जाना चाहिए.

### बंदी का आदेश तो अब कागजों में ही सिमट कर रह जाता है : हासिम खान



बालू उठाव को कानूनी रूप से मान्य किया जाना चाहिए. घर का प्लास्टर कार्य करवा रहे हासिम खान बताते हैं कि जो बालू एक हजार में प्रति ट्रैक्टर मिल जाता था वह अभी दो से तीन हजार रुपया में मिलता है. मकान निर्माण कार्य पर इसका असर पड़ रहा है. महंगे सामग्री के कारण कार्य अधूरा पड़ा रह जाता है. सरकार को इस मामले में स्थाई तौर पर कदम उठाना चाहिए ताकि सभी को इसका लाभ मिल सके.

खेल की खबरों के लिए स्कैन करें




इस प्रकार भारत ने स्वर्ण जीता...

### बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप

# स्वर्ण जीतकर भारतीय महिलाओं ने रचा इतिहास

भाषा । शाह आलम (मलेशिया)

- भारतीय टीम ने पहली बार इस प्रतियोगिता में स्वर्ण जीता
- भारतीय टीम ने रोमांचक फाइनल में थाईलैंड को 3-2 से हराया

युवा अनमोल खरब ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे भारतीय महिलाओं ने रविवार को यहां बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के रोमांचक फाइनल में थाईलैंड को 3-2 से पराजित करके इस प्रतियोगिता में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा. पीवी सिंधु की अगुवाई वाली भारतीय महिला टीम ने तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा तथा दो बार के कांस्य पदक विजेता थाईलैंड को हराया. भारतीय महिलाओं का टीम चैंपियनशिप में यह पहला बड़ा खिताब है, जिससे उसका चीन के चेंगदू में 28 अप्रैल से 5 मई तक होने वाले उबेर कप के लिए मनोबल बढ़ेगा. भारत ने इससे पहले इस प्रतियोगिता में दो पदक जीते थे. भारतीय पुरुष टीम ने 2016 और 2020 में कांस्य पदक हासिल किए थे. थाईलैंड हालांकि अपनी दो चोटी की खिलाड़ियों विश्व में नंबर 13 रतचानोक इंतानोन और विश्व में नंबर 16 पोर्नपावी चोचुवोंग के बिना इस प्रतियोगिता में उतरा था जिसका भारत को फायदा मिला.

### आक्रामक खेल से एकल में सिंधु जीती

चोटिल होने के कारण लगभग चार महीने तक कोर्ट से बाहर रहने वाली दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने आक्रामक खेल का नजारा पेश किया और पहले एकल में दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी सुपनिडा काटेथोंग को 21-12, 21-12 से हरा कर भारत को 1-0 से बढ़त दिलाई.

भारत 1 | थाईलैंड 0

### त्रीसा-गायत्री ने भारत को मजबूती दी

त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की विश्व में 23वें नंबर की जोड़ी ने भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्रा जोंगजई की विश्व में दसवें नंबर की जोड़ी को 21-16, 18-21, 21-16 से पराजित करके भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया.

भारत 2 | थाईलैंड 0

### उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी अश्मिता

शनिवार को जापान की पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा के खिलाफ शानदार जीत के बाद अश्मिता चालिहा से काफी उम्मीदें लगाई जा रही थी लेकिन वह दूसरे एकल में विश्व की 18वें नंबर की खिलाड़ी बुसानन ओंगबामरुंगफान से 11-21 14-21 हार गई.

भारत 2 | थाईलैंड 1

### श्रुति व प्रिया की जोड़ी हारी

युवा श्रुति मिश्रा और सीनियर राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया कोन्जेंगबाम को बेन्यापा ऐम्सार्ड और नुनटाकर्न ऐम्सार्ड की दुनिया की 13वें नंबर की जोड़ी से 11-21, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा जिससे मुकाबला 2-2 से बराबर हो गया.

भारत 2 | थाईलैंड 2

### अनमोल ने दिलाया भारत को स्वर्ण

अब भारत को जीत दिलाने का दारोमदार अनमोल खरब पर टिका था, जिन्होंने विश्व में 45वें नंबर की खिलाड़ी पोर्नपिचा चोइकीवोंग को 21-14 21-9 से हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिला दिया. भारत की इस शानदार जीत के बाद सभी खिलाड़ियों ने अनमोल को गले लगा दिया.

भारत 3 | थाईलैंड 2



### राजकोट टेस्ट : यशस्वी जायसवाल व रविंद्र जडेजा का जलवा

# बैजबॉल पर भारी पड़ा स्पिनबॉल

**214** रन बनाए यशस्वी ने

### रन के लिहाज से भारत ने दर्ज की सबसे बड़ी जीत

- 434 रन से जीती भारतीय टीम
- पांच मैच की शृंखला में भारत ने 2-1 से बढ़त बनाई
- 05 विकेट चटकाए जडेजा ने

| 434 | 372 | 321 | 337 |
|---|---|---|---|
| रन, बनाम इंग्लैंड 2024 | रन, बनाम न्यूजीलैंड 2021 | रन, बनाम न्यूजीलैंड 2016 | रन, बनाम स. अफ्रीका 2015 |

भाषा । राजकोट

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक और रविंद्र जडेजा के पांच विकेट की मदद से भारत ने इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में रविवार को यहां मैच के चौथे दिन ही 434 रन से करारी शिकस्त देकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की और पांच मैचों की शृंखला में 2-1 से बढ़त बनाई. इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति भारत के आगे नहीं चल पाई तथा 557 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम भारतीय ''स्पिनबॉल'' (भारतीय स्पिनरों) के सामने 39.4 ओवर में 122 रन सिमट गई. जडेजा ने 41 रन देकर पांच विकेट लिए. कुलदीप यादव ने दो जबकि जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन ने एक-एक विकेट लिया.

भारत की इससे पहले रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत 372 रन की थी जो उसने 2021 में मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ हासिल की थी. इंग्लैंड के खिलाफ यह किसी भी टीम की दूसरी सबसे बड़ी जीत है. भारतीय धरती पर रनों के लिहाज से यह सबसे बड़ी जीत का भी रिकॉर्ड है. विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में 209 रन बनाने वाले जायसवाल ने नाबाद 214 रन आकर्षक पारी खेली जिसकी मदद से भारत ने अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 430 रन पर समाप्त घोषित करके इंग्लैंड के सामने असंभव लक्ष्य रखा. भारत ने अपनी पहली पारी में 445 रन बनाकर इंग्लैंड को 319 रन पर आउट कर दिया था.




### एक टेस्ट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बने यशस्वी

यशस्वी जायसवाल ने बतौर भारतीय खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में सबसे अधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. उन्होंने नवजोत सिंह सिद्धू और मयंक अग्रवाल को पछाड़ दिया. जायसवाल ने एक पारी में 12 छक्के लगाए, जबकि, नवजोत सिंह सिद्धू और मयंक अग्रवाल के नाम 8-8 छक्के लगाने का रिकॉर्ड था.सिद्धू ने 1994 में श्रीलंका के खिलाफ लखनऊ में खेले गए मुकाबले में 8 छक्के जड़े थे. इसके बाद मयंक अग्रवाल ने 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ इंदौर में खेले गए टेस्ट की एक पारी में बल्लेबाजी करते हुए 8 छक्के लगाए थे. इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज़ में जायसवाल का बल्ला जमकर बोल रहा है. सीरीज़ में जायसवाल ने 20 छक्के पूरे कर लिए हैं, जिसके साथ वो टेस्ट सीरीज में सबसे अधिक छक्के लगाने वाले बैटर बन गए.

### जायसवाल ने बनाए कई शानदार रिकॉर्ड

- एक टेस्ट सीरीज में 20 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज
- एक टेस्ट पारी में संयुक्त रूप से सर्वाधिक छक्के
- 23 साल की उम्र से पहले किसी भारतीय द्वारा टेस्ट में सर्वाधिक बार 150 का स्कोर
- लगातार दोहरा शतक लगाने वाले तीसरे भारतीय
- एक टेस्ट सीरीज में 500 रन बनाने वाले दूसरे सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज
- टेस्ट में 200 रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय

### भारत ने इंग्लैंड को दिया बैजबॉल अंदाज में जवाब

जायसवाल ने 236 गेंद में आक्रमक 214 रन बनाए. उन्होंने अपनी पारी में 14 चौके और 12 छक्के लगाए. बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज जायसवाल ने सरफराज खान के साथ पांचवें विकेट के लिए 172 रन की अटूट साझेदारी की. अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सरफराज ने मैच में लगातार दूसरा अर्धशतक जमाया. सरफराज ने 72 गेंद में तबड़तोड़ 68 रन बनाए. भारतीय युवा बल्लेबाजों ने आक्रामक बल्लेबाजी कर इंग्लैंड को उसी के बैजबॉल अंदाज में जवाब दिया.

# ईपीएल: खिताबी दौड़ बना रोचक

भाषा । लंदन

| 57 | 55 | 53 |
|---|---|---|
| अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है लिवरपूल | अंक के साथ दूसरे स्थान पर है आर्सेनल | अंक के साथ तीसरे स्थान पर है मैन. सिटी |

लिवरपूल और आर्सेनल ने बड़ी जीत दर्ज करके इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में खिताबी दौड़ को रोचक बना दिया, जबकि मैनचेस्टर सिटी अपना मैच ड्रॉ खेलने के कारण नीचे खिसक गया. शीर्ष पर काबिज लिवरपूल ने ब्रेंटफोर्ड को 4-1 से और आर्सेनल ने बर्नले को 5-0 से हराया, जबकि मैनचेस्टर सिटी ने चेल्सी के साथ मैच 1-1 से ड्रॉ खेला. प्रीमियर लीग में अभी काफी फुटबॉल खेली जानी है और मैनचेस्टर सिटी को एक अतिरिक्त मैच खेलना है, लेकिन मौजूदा चैंपियन टीम का प्रतियोगिता के इस चरण में नीचे खिसकना महत्वपूर्ण मोड़ हो सकता है. मैनचेस्टर सिटी के पूर्व खिलाड़ी राहीम स्टर्लिंग ने पहले हाफ में गोल करके चेल्सी को बढ़त दिलाई. मैनचेस्टर सिटी की तरफ से रोड्री ने 83वें मिनट में बराबरी का गोल किया. लिवरपूल के 25 मैच में 57 जबकि आर्सेनल के इतने ही मैच में 55 अंक हैं. मैनचेस्टर सिटी 24 मैच में 53 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है.



आर्सेनल ने बर्नले को 5-0 से पराजित किया

लिवरपूल ने ब्रेंटफोर्ड को 4-1 से हराया

# एफआईएच ने तुर्की कप के लिए टीम की घोषणा की

भाषा । नयी दिल्ली

**21** से 27 फरवरी तक चलेगा टूर्नामेंट

अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने 21 से 27 फरवरी तक अलान्या में होने वाले तुर्की महिला कप 2024 के लिए रविवार को 23 सदस्यीय महिला सीनियर टीम की घोषणा की. भारतीय टीम सोमवार को तुर्की रवाना होगी. इससे पहले भारत ने 2019 और 2021 में इस प्रतियोगिता में भाग लिया था. भारत चार देशों के इस टूर्नामेंट में अपना पहला मैच 21 फरवरी को एस्तोनिया के खिलाफ खेलेगा. राउंड रोबिन आधार पर होने वाले टूर्नामेंट में भारत इसके बाद 24 फरवरी को हांगकांग और 27 फरवरी को कोसोवा से भिड़ेगा.

### ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

चेन्नई । ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से पीड़ित बच्चों के एक समूह ने कुड्डालोर से चेन्नई तक 165 किमी तैराकी करके नया विश्व रिकॉर्ड बनाया. नौ से 19 वर्ष के 14 बच्चों ने गजब की प्रतिबद्धता दिखाई और तमिलनाडु के तटीय क्षेत्र में तैराकी करके इतिहास रचा. इस समुद्री तैराकी अभियान का आयोजन रिले प्रारूप में किया गया था. इस दौरान उनके ट्रेनर नाव में सवार थे. तमिलनाडु के पूर्व पुलिस महानिदेशक सी सिलेंद्र बाबू ने बच्चों को सम्मानित किया.

# ओलंपिक के लिए प्रो लीग अहम : फुल्टन

भाषा । राउरकेला



- जुलाई-अगस्त में होगा ओलंपिक का आयोजन
- प्रो लीग में भारत ने जीते है चार में से तीन मुकाबले

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने रविवार को कहा कि जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए उनकी टीम की तैयारियों के मद्देनजर मौजूदा एफआईएच प्रो लीग मैच महत्वपूर्ण हैं. भारतीय पुरूष टीम ने प्रो लीग में अब तक चार मैच खेले हैं, जिनमें से उसे तीन में जीत मिली है. टीम को इकलौती हार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली है. फुल्टन ने कहा कि आप पेरिस ओलंपिक के लिए तैयारियों को देख रहे है और इसमें (प्रो लीग) हमें 18 मैच मिलेंगे. इसलिए यह महत्वपूर्ण है. कुछ टीमें इस प्रतियोगिता में अपनी सबसे मजबूत टीम उतार रही है या नहीं यह नियंत्रण से बाहर है. उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि अपने खेल को परखने और हमारे पास जो टीम है उसके साथ अपना खेल विकसित करने का मौका मिलेगा. भारतीय कोच ने कहा कि हम जानते हैं कि हम सभी मैचों में प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं, अलग-अलग चरणों में हमें अलग-अलग चीजें करनी होंगी और उन्हें बेहतर करना होगा. ऐसे में प्रो लीग हमारे लिए काफी अहम है कि क्योंकि हमारे पास यही एकमात्र प्रतियोगिता है. भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह भी अपने कोच से सहमत हैं. उन्होंने कहा कि ओलंपिक से पहले हमें ये बड़े मैच मिल रहे हैं और ये हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं.

### टेनिस | विश्व की नंबर वन खिलाड़ी ने फाइनल में कजाकिस्तान की एलेना रयबाकिना को हराया

# इगा स्वियातेक ने कतर ओपन टेनिस में लगाई खिताबी हैट्रिक

भाषा । दोहा

- फाइनल मुकाबले में 7-6, 6-2 से जीती स्वियातेक
- स्वियातेक ने साल का पहला और करियर का 18वां खिताब जीता

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार तीसरा खिताब जीता. स्वियातेक ने फाइनल में कजाकिस्तान की विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी एलेना रयबाकिना को 7-6 (8), 6-2 से हराया. स्वियातेक को शुरू में लय हासिल करने के लिए थोड़ा संघर्ष करना पड़ा. रयबकिना पहले सेट में एक समय 4-1 से आगे चल रही थी. स्वियातेक ने हालांकि लगातार तीन अंक हासिल करके स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया. रयबकिना ने अगले गेम में स्वियातेक की सर्विस तोड़ी लेकिन पोलैंड की खिलाड़ी ने तुरंत ही ब्रेक प्वाइंट लेकर सेट को टाइब्रेकर तक पहुंचा दिया. स्वियातेक 90 मिनट तक चले इस सेट को टाइब्रेकर में जीता और फिर दूसरे सेट में आसानी से जीत हासिल की. स्वियातेक का यह इस साल का पहला और करियर का कुल 18वां खिताब है. सेरेना विलियम्स किसी डब्ल्यूटीए प्रतियोगिता में लगातार तीन एकल खिताब जीतने वाली आखिरी महिला खिलाड़ी थी. उन्होंने 2015 में मियामी ओपन में यह उपलब्धि हासिल की थी.



### अर्जेंटीना ओपन : अल्कराज को हराकर जैरी फाइनल में

चिली के निकोलस जैरी ने अपने करियर का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज को हराकर अर्जेंटीना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया. जैरी ने अल्कराज को 7-6 (2), 6-3 से हराया, जो उनके करियर की सबसे बड़ी जीत है. फाइनल में उनका मुकाबला अर्जेंटीना के फेसुंडो डियाज अकोस्टा से होगा. पिछली बार के विजेता अल्कराज ने मैच में किसी भी समय अपनी चिर परिचित आक्रामकता नहीं दिखाई, जिसका चिली के खिलाड़ी ने फायदा उठाया. वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले डियाज अकोस्टा ने अपने पहले टूर सेमीफाइनल में हमवतन फेडेरिको कोरिया को 6-2, 6-3 से हराया.



# मुस्तफिजुर रहमान के सिर पर लगी गेंद, अस्पताल में भर्ती

भाषा । ढाका

अनुभवी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) से पहले ट्रेनिंग सत्र के दौरान लिटन दास की गेंद सिर पर लगने के बाद स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया. खिलाड़ी जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में कोमिला विक्टोरियंस नेट में अभ्यास कर रहे थे. रहमान (28 वर्ष) को गेंद तब लगी जब वह अपने गेंदबाजी निशान की ओर जा रहे थे और उन्हें खून निकलने वाली जगह पर तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया और फिर एम्बुलेंस में इंपीरियल अस्पताल ले जाया गया. हालांकि उनके सीटी स्कैन में किसी भी तरह की आंतरिक चोट नहीं दिखी. बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि अभ्यास के दौरान एक गेंद सीधे मुस्तफिजुर रहमान के सिर के बायें हिस्से पर लग गयी. उनके सिर पर एक घाव था और उनके रक्तस्राव को रोकने के लिए हमने 'कम्प्रेशन' पट्टी का इस्तेमाल किया और उन्हें तुरंत इंपीरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया.



## ब्रीफ खबरें

### ससुर ने बहू, पिता व भाई की हत्या की

**बेगूसराय।** बेगूसराय से दिल दहलाने वाली खबर सामने आ रही है. यहां साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के विष्णुपुर आहुक गांव में पकड़ौआ शादी कराने को लेकर ससुर ने अपने बहु, पिता और भाई की गोली मारकर हत्या कर दी. ट्रिपल मर्डर के बाद इलाके सनसनी फैल गयी. घटना के बाद आरोपी फरार हो गया. सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. मृतकों की पहचान नीलू कुमारी (25 वर्षीय), नीलू के पिता उमेश यादव और भाई राजेश यादव के रूप में हुई है.

### जदयू के जिला सचिव पर चला दी गोली

**नवादा।** नवादा जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र के ओड़ो गांव से बड़ी खबर सामने आ रही है. यहां बेखौफ अपराधियों ने जदयू के जिला सचिव अर्जुन यादव पर ताबड़तोड़ गोलियां चलायी है. कमर के नीचे गोली लगने की वजह से अर्जुन यादव गंभीर रूप से घायल हो गये. आनन-फानन में ग्रामीण उन्हें हिसुआ पीएचसी ले गये, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें पावापुरी विम्स रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज चल रहा है. घटना के बाद गांव में भय का माहौल है. घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि खेत में पंप चल रहा था, अर्जुन यादव उसी को देखने गये थे.

### ग्रामीणों ने पुलिस गाड़ी में लगाई आग

**नवगछिया।** नवगछिया में दो दिन से लापता एक महिला का शव मिलने के बाद जमकर हंगामा हुआ. ग्रामीणों ने पुलिस की गाड़ी में आग लगा दी. वहीं घटना को कवर करने गए पत्रकारों के मोबाइल फोन छीन कर तोड़ दिए. इस घटना के बाद पुलिस ने भी हालात को काबू करने के लिए हवाई फायरिंग की. फिलहाल मौके पर तनावपूर्ण शांति है. यह घटना नवगछिया के रंगरा थाना क्षेत्र का है. मौके पर सिएट कमांडो और बीएमपी की तैनाती की गई है. एसपी खुद लाव लश्कर के साथ मौके पर पहुंचे. रंगरा गांव के वार्ड 9 में रहने वाली महिला शोभा देवी शुक्रवार को दूध बेचने गई थी.

# आरजेडी व लालू प्रसाद यादव हैं काठ की हांडी : प्रशांत

**संवाददाता। पटना**



चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने एक बार फिर तेजस्वी यादव को निशाने पर लिया. दरअसल, बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव जन विश्वास यात्रा पर निकलने वाले हैं. इस पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि इन यात्राओं से बिहार की जनता को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है. प्रशांत किशोर ने कहा कि कुछ दिन पहले राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले थे. उससे बिहार की जनता को क्या मिला?

पीके ने कहा कि राहुल गांधी अब एक बार फिर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले हैं. इससे बिहार के कितने लोगों को न्याय मिल रहा है? प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी कई यात्राएं की. उन्होंने समाधान यात्रा की लेकिन क्या इससे लोगों की समस्या का समाधान हुआ? प्रशांत किशोर ने कहा कि तेजस्वी यादव के जन विश्वास यात्रा से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है. बिहार की जनता का सबसे ज्यादा विश्वास इन लोगों ने ही तोड़ा है. बिहार में 30 साल से ज्यादा से लालू और नीतीश की ही सरकार है.

प्रशांत किशोर ने कहा कि 30-32 साल से बिहार से गरीबी कम हुई नहीं, पलायन रुका नहीं. बच्चों के पढ़ाई की व्यवस्था हुई नहीं, तो आप किस मुंह से लोगों के विश्वास की बात करते हैं? प्रशांत किशोर ने कहा कि भले ही तेजस्वी यादव जन विश्वास यात्रा के जरिए भीड़ जुटा लें. मगर यह भीड़ जात के नाम पर, कार्डर के नाम पर, पैसे के दम पर आ जाएगी. कुछ लोग इकट्ठा भी हो जाएंगे लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है. प्रशांत किशोर ने आरजेडी और लालू प्रसाद यादव की पार्टी को काठ की हांडी कहा. उन्होंने कहा कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ाई जा सकती. प्रशांत किशोर ने लालू परिवार पर बोलते हुए यह कहा कि भले ही तेजस्वी यादव जन विश्वास यात्रा में निकलने वाले हैं, लेकिन उन पर विश्वास कोई नहीं करने वाला है. जिन लोगों ने भी लालू प्रसाद यादव और उनके बच्चों की सरकार देखी है. वह उन पर विश्वास नहीं करेगा. प्रशांत किशोर ने कहा कि यह लोग जात-पात, हिंदू-मुस्लिम, गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार, इन चार चीजों से ऊपर उठकर राजनीति नहीं कर सकते हैं. यह आरजेडी का कैरेक्टर है.

# उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी का नाम अब राष्ट्रीय लोक मोर्चा



**संवाददाता। पटना**

उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी का नाम बदल गया है. अब नया नाम राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) होगा. इसकी जानकारी उपेन्द्र कुशवाहा ने मीडिया को दी. उपेन्द्र कुशवाहा ने नई पार्टी की मान्यता मिलने के बाद उनलोगों को निशाने पर भी लिया जो ये चुटकी ले रहे थे कि उनकी पार्टी को मान्यता नहीं मिलेगी. उपेन्द्र ने कहा कि जब से नई पार्टी का गठन किया था उसके कुछ ही दिनों बाद पार्टी के बारे में कई तरह के कंफ्यूजन खड़े हो रहे थे. पार्टी के निबंधन को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे थे.

कुशवाहा ने कहा कि मेरे से भी ये सवाल पूछा जा रहा था कि आखिर इतने दिन बीत गए अभी तक चुनाव आयोग से मान्यता क्यों नहीं मिल पा रही है. आज उन लोगों को जवाब मिल गया होगा. उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि पार्टी के निबंधन की एक प्रक्रिया होती है और उस प्रक्रिया के तहत हमने भी इंतजार किया है. चुनाव आयोग ने कहा कि पार्टी का नाम राष्ट्रीय लोक जनता दल है जो कई पार्टी के नाम से मिलता जुलता है और चुनाव आयोग ने कहा कि कुछ अलग नाम सुझाएं. नाम बदलने के बाद कल चुनाव आयोग द्वारा पत्र मिला और हमारे पार्टी का निबंधन हुआ राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी के नाम से निबंधन हो गया है. कुशवाहा ने कहा कि चुनाव आयोग से जब नई पार्टी की मान्यता मिली तो हमारी ज़िम्मेदारी बढ़ जाती है और राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी बिहार की जनता को संवारने के लिए काम करेगी. लोकसभा चुनाव में एनडीए के हिस्सेदार के रूप में हमारी पार्टी चुनाव लड़ेगी और बिहार में 40 में 40 सीटें एनडीए जीतेगा. कुशवाहा ने कहा कि हमारी पार्टी 40 सीटों पर चुनाव की तैयारी कर रही है और कितने सीट पर उम्मीदवार उतरेंगे ये एनडीए का फैसला होगा. वहीं कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से हमारे रिश्ते हमेशा मधुर रहे हैं. जब नीतीश जी आरजेडी के साथ गठबंधन में थे तो वो काफी तकलीफ में थे.

## जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने सभी को निशाने पर लिया, बोले

# सभी पार्टी है पलटूराम

**संवाददाता। पटना**

बिहार के सीएम नीतीश कुमार के बार-बार पाला बदलने से उनपर विरोधी तंज कसते रहे हैं. उन्हें पलटूराम कह कर उन्हें निशाने पर लेते रहे हैं. इस पर अब जदयू ने भी विरोधियों को निशाने पर लेना शुरू कर दिया है. इसी क्रम में जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने बड़ा बयान देते हुए सभी सियासी दलों से लेकर जनता तक को पलटूराम बताया. इसके पीछे तर्क भी दिया. त्यागी ने कहा कि सभी पॉलिटिकल पार्टी पलटूराम हैं. जनता भी हर बार अलग-अलग पार्टी को वोट करती है. ऐसे में वो भी पलटूराम है.

एक तरह से पूरा पॉलिटिकल सिस्टम ही अलट-पलट का है. केसी त्यागी ने कहा कि हम जो पॉलिटिकल पार्टी के लोग हैं, सभी पलटूराम हैं. बीजेपी वाले भी पलटूराम हैं, कभी वो फारुख अब्दुल्ला की पार्टी से मिल जाते हैं. और फिर दो घंटे बाद वो महबूबा मुफ्ती की पार्टी के साथ हो जाते हैं. जनता भी पलटूराम है, कभी कांग्रेस, कभी बीजेपी, कभी आरजेडी तो कभी जेडीयू को वोट देती है. दरअसल पॉलिटिकल सिस्टम ही अलट-पलट का है. और अगर रोटी को अलटो-पलटोगे नहीं तो खराब हो जाएगी. त्यागी ने कहा कि वैचारिकी के हिसाब से हम राजनीति में सन्यास लेने तो नहीं आए हैं. अगर हमें अपनी विचारधारा को फैलाना है तो अपना अस्तित्व भी बचाना है. पॉलिटिकल सिस्टम में स्टेबल भी रहना है. हम ये जानते हैं कि अगर हम इंडिया गठबंधन से बाहर आ रहे हैं. तो अकेले सरवाइव नहीं कर सकते हैं और एनडीए जिससे हमारी विचारधारा नहीं मिलती है. लेकिन कम्युनिस्टों और जनसंघ में कितनी दूरी है. लेकिन 1967 में दोनों एक मंत्रिमंडल में थे. चौधरी चरण सिंह की सरकार में जनसंघ भी थे और कम्युनिस्ट भी थे. अगर फ्लेक्सिबिलिटी नहीं होगी, तो जैसे दुनियाभर में कम्युनिस्ट कमजोर पड़ गए. वैसे ही हम लोग पड़ जाएंगे. जो सियासत में लचीले नहीं रहे वो इतिहास के गर्त में चले गए.

इसलिए पलटना हमारे लचीलापन का हिस्सा है. केसी त्यागी ने बताया कि जब जैन कमीशन की रिपोर्ट आई है. तो उसमें बताया गया था कि राजीव गांधी की हत्या में जो लोग शामिल थे उनके कनेक्शन लिट्टे से भी हैं और डीएमके से भी हैं. जो डीएमके राजीव गांधी के हत्याकांड का पार्ट बताई गई थी, आज वही कांग्रेस की अच्छी सहयोगी में एक है. क्या वो पलटूराम नहीं है. नीतीश कुमार ने जो गठबंधन 2-3 बार पलटा है वो पद के लिए नहीं पलटा है. प्रधानमंत्री का पद भी लड्डू नहीं है. जो कहीं से भी जाकर ले ले. नरेंद्र मोदी के दो नारे हैं. जिस पर वो चुनाव लड़ रहे हैं और जीत रहे हैं.



**बोला हमला**

- जनता भी हर बार अलग-अलग पार्टी को वोट करती है
- जनता कभी कांग्रेस तो कभी आरजेडी को वोट देती है
- पूरा पॉलिटिकल सिस्टम ही अलट-पलट का है

### राजनीति में दरवाजा तो खुल ही रहता है: गोपाल



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव की ओर से दिए गए बयान के बाद जमकर राजनीति हो रही है. दो दिन पहले लालू यादव ने नीतीश कुमार लेकर कहा था कि उनके लिए दरवाजा खुला है. हालांकि नीतीश कुमार ने भी साफ बोल दिया था कि जिनको कुछ बोलना है बोलते रहे. हम फिर से एनडीए में हैं और हमलोग मिलकर बिहार का विकास करेंगे. इस पर जेडीयू विधायक गोपाल मंडल की ओर से भी प्रतिक्रिया सामने आई. गोपाल मंडल ने कहा कि राजनीति में दरवाजा तो खुल ही रहता है. किसी का दरवाजा बंद नहीं रहता. नीतीश कुमार अभी जिसके साथ चल रहे हैं चलने दीजिए. अभी तो 2024 तक चलेगा, उसके बाद देखा जाएगा. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राजद के साथ आने को लेकर किए गए सवाल पर लालू यादव ने कहा था कि वे आएंगे तो देखेंगे. मेरा दरवाजा खुला ही रहता है. उन्होंने महागठबंधन से जदयू के अलग होने को लेकर कहा कि नीतीश जी की आदत है, बदल दिए तो बदल दिए, हम ऐसा नहीं सोचे थे. जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने लालू प्रसाद के लिए दरवाजा बंद कर दिया है.

### रविवार और छुट्टी के दिन भी खुले रहेंगे स्कूल

**पटना।** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने अब नया फरमान जारी किया है. उन्होंने स्कूलों को रविवार और छुट्टी के दिनों में भी खोलने का निर्देश दिया. बताया जाता है कि यह आदेश लोस चुनाव को लेकर है. उन्होंने शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों और स्कूलों के हेडमास्टर को यह टास्क दिया है. बिहार के सरकारी स्कूल अब रविवार और छुट्टी के दिनों में भी खुले रहेंगे शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव के के पाठक ने इसके लिए सभी जिलाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा है और छुट्टी के दिनों में स्कूल खुले रखने के निर्देश दिए हैं. हालांकि इन दिनों में छात्र-छात्राओं को स्कूल नहीं आना पड़ेगा बल्कि लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर स्कूलों में मरम्मती और आवश्यक किए जाएंगे. एसीए ने निर्देश दिया है कि स्कूलों के उपस्कर, लैब, रखरखाव और भवन मरम्मति के लिए लगभग 15 सौ करोड़ की राशि को खर्च करना है. इससे चुनाव में सहूलियत होगी और राशि लौटकर जाने का मामला भी नहीं बनेगा. राशि से भवनों के मरम्मत के साथ-साथ स्कूलों में बैंच डेस्क और अन्य सामानों की खरीदारी भी होगी. पाठक ने कहा है कि छात्रों की पढ़ाई डिस्टर्ब नहीं हो इसके लिए छुट्टी के दिनों में विद्यालय का काम कराया जाए. दरअसल चुनाव से पहले मतदान केंद्र के तौर पर स्कूलों के भवन और वहां की व्यवस्था दुरुस्त करना है. यह काम समय पर पूरे हो जाएं. इसके लिए केके पाठक का नया आदेश आया है.

# शादी में फायरिंग, दूल्हे के चचेरे भाई को लगी गोली

**संवाददाता। आरा**

शादी समारोह में फायरिंग में दूल्हे के चचेरे भाई घायल हो गए. धटना रविवार की आरा के छोटकी सिंगही गांव की है, जहां बक्सर से बारात आई थी. बारातियों के मनोरंजन के लिए ऑर्केस्ट्रा डांस कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था. इसी बीच, ऑर्केस्ट्रा डांस के दौरान नर्तकी से हुए विवाद को लेकर गांव के ही एक युवक की ओर से फायरिंग कर दी गई, जिसमें दूल्हे के चचेरे भाई को गोली लग गई.

शादी समारोह में भगदड़ जैसी स्थिति हो गई. सूचना मिलने पर टाउन थानाध्यक्ष संजीव कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए. उन्होंने बताया कि मौके से एक युवक को गिरफ्तार किया गया है. घटनास्थल से एक कारतूस भी बरामद हुआ है और अभी मामले की जांच चल रही है. बताया जा रहा है कि बक्सर जिले के मठिला से दिनेश उपाध्याय के बेटे मोनू उपाध्याय की शादी की बारात छोटकी सिंगही में सुरेश चंद्र पांडे के घर आई हुई थी. इसी दौरान एक युवक को ऑर्केस्ट्रा डांस के दौरान गोली लग गई. जख्मी बक्सर जिला के कोरानसराय थाना क्षेत्र के मठिला गांव निवासी स्व. मतवार उपाध्याय का पुत्र संतोष उपाध्याय है. घटना को लेकर लोगों के बीच भगदड़ मच गई.

## कारोबार

### यात्रियों का लगेज 30 मि. में पहुंचे: बीसीएएस

**नयी दिल्ली।** नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने एयरलाइन कंपनियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि यात्रियों का सारा सामान हवाई अड्डे पर उड़ान के उतरने के 30 मिनट के भीतर पहुंच जाए. यात्रियों को उड़ान पहुंचने के बाद उनका सामान देने में देरी की शिकायतों के बीच नियामक बीसीएएस ने सात अनुसूचित एयरलाइंस को यह निर्देश दिया है. कहा गया है कि बीसीएएस ने एयरलाइंस से 26 फरवरी तक सामान की समय पर डिलिवरी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपाय लागू करने को कहा है.

### आध्यात्मिक स्थलों पर टाटा के 66 होटल चालू

**नयी दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनी इंडियन होटल कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) भारत में प्रमुख आध्यात्मिक स्थलों पर संपत्तियां विकसित करते हुए इस क्षेत्र में अपनी शीर्ष स्थिति को मजबूत करना चाहती है. कंपनी के एक अधिकारी ने कहा कि यह कदम वैश्विक रूप से एक बड़ी भूमिका निभाएगा. कंपनी के पास अयोध्या सहित विभिन्न आध्यात्मिक स्थलों पर 66 होटल चालू हो चुके हैं या उनका निर्माण चल रहा है. कंपनी का इरादा अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करने का है.

## बीवाईडी दुनिया में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनी बन गई है

# बीवाईडी का बाजार में तेजी से बढ़ रहा है दबदबा

**भाषा। नयी दिल्ली**

इलेक्ट्रिक कार के मामले में अमेरिका की टेस्ला की बादशाहत रही है, लेकिन अब इसका दबदबा खत्म हो रही है. इसका मुकाबला अब सीधे चीन की ईवी कंपनी बीवाईडी (बिल्ड योर ड्रीम) से हो रही है. इतना ही नहीं बीवाईडी अब इससे आगे निकल रही है. लेकिन डेढ़ दशक पहले इसकी स्थिति कुछ और ही थी. साल 2007 में बैटरी बनाने वाली चीन की कंपनी बीवाईडी ने कार बनाने में हाथ आजमा शुरू कर दिया था. कंपनी ने अपना सबसे नया मॉडल ग्वांगझू ऑटो शो में प्रदर्शनी के लिए रखा था. तब अमेरिकी अधिकारियों ने इसका काफी मजाक उड़ाया था. इसकी वजह यह थी कि उस कार पर पेंट भी ठीक ढंग से नहीं हुआ था. उसका दरवाजा भी फिट नहीं बैठ रहा था. लेकिन आज स्थिति बदल गई है.

आज बीवाईडी दुनिया में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनी बन गई है. उसने दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की कंपनी टेस्ला को कहीं पीछे छोड़ दिया है. कंपनी ब्राजील, हंगरी, थाईलैंड और उजबेकिस्तान में असेंबली लाइन बना रही है. साथ ही उसकी इंडोनेशिया और मेक्सिको में भी असेंबली लाइन खोलने की योजना है. पिछले साल के अंत में बीवाईडी ने वैश्विक बिक्री के मामले में टेस्ला को पछाड़ दिया था. आज कंपनी यूरोप में अपना विस्तार कर रही है. कंपनी की 80 प्रतिशत बिक्री चीन में ही होती है. पिछले दो साल में कंपनी की बिक्री में हर साल 10 लाख यूनिट का इजाफा हुआ है. इससे पहले यह उपलब्धि अमेरिका की जनरल मोटर्स को हासिल थी. कंपनी ने 1946 में यह कारनामा किया था. इसकी वजह यह थी कि कंपनी ने दूसरे विश्व युद्ध के कारण चार साल तक पैसेंजर कारों की बिक्री नहीं की थी. बीवाईडी का हेडक्वार्टर चीन के शेनजेन में है जो कि देश की इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री का हब है. कारों के एक्सपोर्ट के लिए कंपनी दुनिया के सबसे बड़े कार कैरियर शिप बनवा रही है. इनमें से एक तैयार हो चुका है. वहीं बीवाईडी एक्सप्लोरर नंबर 1 नाम का यह शिप शेनजेन से 5,000 इलेक्ट्रिक कारों को लेकर रवाना हो चुका है और इसके 21 फरवरी तक नीदरलैंड्स पहुंचने की उम्मीद है. जनवरी में मस्क ने कहा था कि चीन की कंपनियां दुनिया की ज्यादातर कंपनियों को तबाह करने की क्षमता रखती है. दूसरी ओर बीवाईडी भारत में भी अपनी तीसरी कार लॉन्च करने की तैयारी में है.

यह कोई और नहीं बल्कि बीवाईडी सील इलेक्ट्रिक सेडान कार होगी. भारत में मौजूद इलेक्ट्रिक कार पसंद करने वाले लोग काफी लंबे समय से इस कार का इंतजार कर रहे थे. फिलहाल भारत में कंपनी की दो कारें मौजूद हैं. जिनमें से एक अट्टो 3 इलेक्ट्रिक एसयूवी कार और दूसरी इलेक्ट्रिक एमपीवी ई6 है. बीवाईडी सील की झलक हमें पिछले साल ऑटो एक्सपो में देखने को मिली थी और इसे फेस्टिव सीजन में लॉन्च किया जाना था लेकिन कुछ कारणों की वजह से कार की लॉन्च में देरी हो गई. कंपनी द्वारा यह इलेक्ट्रिक सेडान कार दो मॉडल्स में पेश की जायेगी. जिनमें से एक 61.4 केडब्ल्यूएच क्षमता वाली बैटरी के साथ आपको 550 किलोमीटर की रेंज प्रदान करेगी.




**लक्ष्य कायम**

- बीवाईडी ब्राजील व थाईलैंड में असेंबली लाइन बना रही है
- कंपनी की मेक्सिको में असेंबली लाइन खोलने की योजना है
- कंपनी की 80 प्रतिशत ईवी की बिक्री चीन में ही होती है

### बीवाईडी की स्थापना 1995 में वांग चुआनफू ने की थी

बीवाईडी की स्थापना 1995 में वांग चुआनफू ने की थी. शुरुआत में यह कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों के लिए बैटरी बनाती थी. 2003 में कंपनी ने कार बनाने वाली एक फैक्ट्री खरीदी. शुरुआत में उसे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. लेकिन 2008 में कंपनी की बिक्री में तेजी आई. 2012 तक डिमांड बढ़ने से प्रॉडक्शन बढ़ने लगा. लेकिन कंपनी के पास सीमित मॉडल थे जबकि विदेशी कंपनियों के पास कई आकर्षक मॉडल थे. इससे कंपनी की बिक्री और शेयरों की कीमत प्रभावित हुई. 2016 में कंपनी ने ऑडी के जाने माने डिजाइनर वूल्फगैंग ईगर को अपने साथ मिलाया. ईगर ने सैकड़ों कार इंजीनियर्स को अपने साथ जोड़ा और फिर उन्होंने बीवाईडी के मॉडलों की तस्वीर पूरी तरह बदल दी. इतना ही नहीं कंपनी ने लीथियम बैटरीज में निकल, कोबाल्ट और मैगनीज जैसे महंगे रसायनों के बजाय आयरन और फॉस्फेट का इस्तेमाल किया. लेकिन यह तरकीब काम नहीं आई. क्योंकि इसकी रेंज बहुत कम थी. बीवाईडी 2020 में ब्लेड बैटरीज लेकर आई. इससे रेंज की समस्या काफी हद तक दूर हो गई. इनकी कीमत भी निकल-कोबाल्ट की तुलना में काफी कम थी.

# अडाणी टोटल गैस एलएनजी पर अब लगा रही है बड़ा दांव

**नयी दिल्ली।**

प्रमुख शहरी गैस वितरक (सीजीडी) कंपनी अडाणी टोटल गैस लिमिटेड वृद्धि के लिए तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) पर बड़ा दांव लगा रही है. सरकार की गैस नीति में एलएनजी को तेजी से बढ़ावा देने और ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) के उत्सर्जन को नियंत्रित करने की पहल के बीच कंपनी ने यह रणनीति अपनाई है. कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अडाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) का लक्ष्य लंबी दूरी के वाणिज्यिक वाहनों के लिए डीजल की जगह प्राथमिक ईंधन के रूप में एलएनजी को बढ़ावा देना है. इसके लिए वाहन क्षेत्र से संबंद्ध कंपनियों, मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम), परिचालकों और रेट्रोफिटमेंट कंपनियों जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ रणनीतिक गठजोड़ किए जा रहे हैं. एटीजीएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुरेश पी मंगलानी ने कहा कि एलएनजी की सबसे बड़ी चुनौती वितरण है. इस समय हमारे पास केवल मुट्ठी भर एलएनजी वितरण स्टेशन हैं और यही असली चुनौती है.

# आरवीएनएल के पास है अब 65,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर

**नयी दिल्ली।**

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम रेल विकास निगम लि. (आरवीएनएल) की 'ऑर्डर बुक' 65,000 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है, जिसमें से 50 प्रतिशत रेलवे से जुड़ी परियोजनाएं हैं. कंपनी ने यह जानकारी दी है. कंपनी प्रबंधन ने निवेशक कॉल में कहा कि आरवीएनएल अब मध्य एशिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ पश्चिमी एशिया जैसे विदेशी बाजारों में नई परियोजनाओं की संभावनाएं तलाश रही है. शीर्ष प्रबंधन के अधिकारियों ने एक सवाल के जवाब में कहा कि हमारे पास अब लगभग 65,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर हैं. इनमें से 50 प्रतिशत रेलवे से जुड़े ऑर्डर हैं. शेष 50 प्रतिशत ऑर्डर हमें बाजार से मिले हैं. आगे हमारी ऑर्डर बुक करीब 75,000 करोड़ रुपये होगी.

## शेयर

## घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 8731 करोड़ रु. के शेयर खरीदे जो एफआईआई की बिकवाली से 2493 करोड़ रु. की अधिक खरीदारी है

# निफ्टी के 21780 के नीचे आने पर ही लघु अवधि का ट्रेंड परिवर्तित हो सकता है



**शशांक भारद्वाज**
वीपी च्वॉइस ब्रोकिंग

पिछला सप्ताह निवेशकों के लिए बहुत बहुत महत्वपूर्ण रहा. सप्ताह में निफ्टी में 258 अंकों की बढ़त रही, परंतु उससे महत्वपूर्ण बुधवार को तेजड़ियों का एक अत्यंत महत्वपूर्ण संघर्ष में जीतना रहा. स्थितियां बड़ी विपरीत थी. मंगलवार को निफ्टी ने सत्र के मध्य 21543 का निचला स्तर छुआ था. बुधवार की डाउ में 500 अंकों की बड़ी गिरावट से भारतीय शेयर मार्केट में भी बड़ी मंदी की संभावना बन रही थी. विदेशी संस्थागत निवेशक बिकवाल बने हुए थे. निफ्टी 165 अंक नीचे खुला भी परंतु तेजड़ियों ने अदम्य साहस तथा शक्ति दिखाई. दिन के अंत में निफ्टी 97 अंक चढ़ कर बंद हुआ. निचले स्तरों से निफ्टी में 310 अंकों की बढ़त रही. वो भी तब जब विदेशी संस्थागत निवेशक नकद संभाग में बुधवार को भी 3920 करोड़ रुपए के बिकवाल थे.ये बिकवाली पचा कर तेजड़िये तेजी लाने में सफल रहे. यह तेजड़ियों की एक महत्वपूर्ण संग्राम में निर्णायक विजय थी. यदि बुधवार को तेजी नहीं आती तो फिर मार्केट में अच्छी गिरावट भी आ सकती थी. बुधवार का व्यापारिक प्रारूप यह दर्शाता है कि घरेलू संस्थागत निवेशक, घरेलू भारतीय निवेशक अब पर्याप्त शक्तिशाली है. मार्केट के प्रति उनका विश्वास सुदृढ़ है. गिरावट पर खरीदारी में उनको कोई संकोच, आशंका नहीं है.

भारतीय शेयर मार्केट के लिए यह सबसे अच्छी बातों में एक है. फिर निफ्टी में गुरुवार को 90 अंक एवं 130 सप्ताह के अंतिम व्यापारिक दिन 130 अंकों की बढ़त ला, 22000 के ऊपर साप्ताहिक बंदी कर तेजड़ियों ने अपनी विजय को और भी शक्तिशाली बनाया. लगता है निवेशक मोदी सरकार की वापसी को लेकर दिन पर दिन अधिक आश्वस्त होते जा रहें हैं. मोदी जी का तीसरा कार्यकाल भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए स्वर्णिम काल हो सकता है. साथ ही भारतीय शेयर मार्केट के लिए भी. अब यदि कुछ विशेष नकारात्मक नहीं होता है तो 22000 निफ्टी पर बिकवाली की परंपरा तोड़ भारतीय शेयर मार्केट में इन स्तरों से भी अच्छी उछाल देखी जा सकती है. मंदी के सौदों में बड़ी कटान आ सकती है. निफ्टी के 21780 के नीचे आने पर ही लघु अवधि का ट्रेंड परिवर्तित हो सकता है. यूएस में मुद्रास्फीति के आशा के अनुरूप कम नही होने पर एक गिरावट आई थी, परंतु अब वो इस झटके से उबरते दिख रहें हैं. डाउ ने झटके वाले दिन के निचले स्तर 38039 से 588 अंक ऊपर 38627 पर साप्ताहिक बंदी दी है. एक बार ब्याज दरों में कटौती के संकेत आने तथा प्रारंभ होने पर वहां अच्छी तेजी देखने को मिल सकती है. यह पूरे विश्व के प्रमुख शेयर मार्केट में उछाल में सहायक हो सकता है. कटौती तो आनी अपरिहार्य है, कितनी शीघ्र आती है, यह देखना है.

ऐसे में गिरावट में तो अवश्य खरीदारी कर सकते हैं, करनी ही चाहिए. अधिकांश भारतीय कंपनियों के दिसंबर 23 की तिमाही के वित्तीय परिणाम अच्छे ही आए हैं. इससे उनका सकारात्मक पुनर्मूल्यांकन होगा,उनके शेयर मूल्यों में बढ़त आएगी. हां, जिन क्षेत्र विशेष के कुछ शेयरों के भाव पिछले कुछ माह में ही कई गुणा हो गए हैं, उनकी आधारभूत आर्थिक कारकों से अधिक हैं, वहां लाभ ले लेने की एक प्रवृत्ति दिख सकती है. उचित पीई पर उपलब्ध शेयरों में ही निवेश करना श्रेयस्कर लग रहा है. पिछले सप्ताह एफआईआई ने नकद संभाग में 6238 करोड़ रुपये के शेयर बेचे परंतु अब वो प्रतिदिन बड़ी राशि के शेयर नहीं बेच रहे. घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 8731 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे जो एफआईआई की बिकवाली से 2493 करोड़ रुपए की अधिक खरीदारी है. संकेत यह है कि डीआईआई मात्र एफआईआई की बिकवाली के प्रतिकार की खरीदारी नही कर रहे बल्कि उनसे अधिक खरीदारी कर रहे हैं. यह डीआईआई की बढ़ती शक्ति का परिचायक है. पिछले सप्ताह के मध्य में मध्यम तथा लघु शेयरों में जो बड़ी बिकवाली आई थी एवं फिर वापस खरीदारी भी दिखी,उससे लगता है, मार्केट में एचएनआई तथा खुदरा भारतीय निवेशकों के मध्य भी एक संघर्ष चल रहा है.

वो बिकवाली मुख्यतया एचएनआइ के द्वारा लग रही है क्योंकि उन गिरावट के सत्रों में एफआईआई की बिकवाली नहीं थी. खुदरा निवेशक बहुत बड़ी संख्या में भारतीय शेयर मार्केट में आ रहें हैं. लगता है एचएनआई की बिकवाली को आत्मसात करने में वो सफल सिद्ध हो जायेंगे. फिर भी बहुत बढ़ चुके शेयरों में प्रतिशत के आधार बहुत बड़ा प्रतिफल अब थोड़ा कठिन ही लगता है. भारत में खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी 24 में तीन महीनों के निचले स्तर 5.1 प्रतिशत पर आई है. उससे ब्याज दरों के कटौती प्रारंभ होने के संभावना बलवती हुई है तथा एक प्रतिशत तक की कटौती की संभावना जताई जाने लगी है. यह शेयर मार्केट तथा अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है. विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का दिसंबर 23 में भारतीय शेयरों में निवेश 738 बिलियन डॉलर हो गया है. विदेशी मुद्रा भंडार भी 617.23 बिलियन डॉलर की सहज स्थिति में है. ब्रेंट क्रूड 83.3 डॉलर प्रति बैरल है. यह थोड़ा चिंताजनक है. यद्यपि भारत में कम मूल्य पर क्रूड खरीद सकने के विकल्प तैयार कर लिए हैं. 2030 तक भारतीय अर्थव्यवस्था के बड़ी उछाल के संकेत है. एफआईआई की चीन से बहुत बड़ी धनराशि निकल भारत के शेयर मार्केट में आ रही है, आने वाली है.

## युवा लेखकों के साथ राष्ट्रपति ने की मुलाकात



**लेखकों से मुलाकात :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नयी दिल्ली में पीएम युवा लेखकों के साथ मुलाकात. फोटो : पीटीआई

# देश तानाशाही की ओर जा रहा है : सीएम ममता बनर्जी

एजेंसी। कोलकाता

अगर कोई कहता है कि सेक्युलरिज्म ( धर्मनिरपेक्षता ) खराब है या लोकतंत्र खतरनाक है, तो यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता. देश में संघीय ढांचा गिरा दिया गया है. कई राज्यों को जीएसटी में उनकी हिस्सेदारी नहीं दी जा रही है. प. बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने एक निजी अखबार के नेशनल डिबेट 2024 में कही. ममता के अनुसार अगर कोई यह कहे कि धर्मनिरपेक्षता खराब है, लोकतंत्र खतरनाक है और संघीय ढांचा आपदा है, तो वे इसे कभी स्वीकार नहीं कर सकती. किसी के द्वारा यह कहा जाना कि संविधान को बदलने की जरूरत है, तो यह किसी खास विचारधारा या किसी नजरिए को खुश करने के लिए किया जा रहा है. ममता ने कहा- संविधान की आत्मा उसकी प्रस्तावना है. कहा कि देश के संविधान को सावधानी से तैयार करते हुए इसमें लोकतंत्र, संघवाद और धर्मनिरपेक्षता का ख्याल रखा गया था. हमें इसकी रक्षा करनी चाहिए.

### सीएम ने कहा

- संघीय ढांचा गिरा दिया गया है, यह चिंता का विषय है
- राज्यों को जीएसटी में हिस्सेदारी नहीं मिल रही

## विदेश मंत्री ने जर्मनी में समकक्षों से मुलाकात की

**म्यूनिख।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सऊदी अरब, नॉर्वे, पुर्तगाल, पोलैंड और बेल्जियम के अपने समकक्षों से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों तथा पश्चिम एशिया की स्थिति व बहुपक्षवाद जैसे वैश्विक मामलों पर चर्चा की. जयशंकर प्रतिष्ठित म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए जर्मनी में हैं. म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पर चर्चा के लिए दुनिया का अग्रणी मंच है. उन्होंने सम्मेलन से इतर सऊदी अरब के अपने समकक्ष फैसल बिन फरहान अल-सऊद के साथ सार्थक बातचीत की. जयशंकर ने शनिवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, संपर्क बढ़ाने, पश्चिम एशिया की स्थिति और हमारी रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा हुई.

### ब्रीफ खबरें

#### बंगाल में 102 किलो गांजा जब्त, 5 गिरफ्तार

**हावड़ा।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में पुलिस ने 102 किलोग्राम गांजा जब्त कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शनिवार को धूलागढ़ के सांकरैल औद्योगिक पार्क में ओडिशा से आ रहे प्याज से भरे एक ट्रक को रोका और वाहन से लगभग 50 लाख के प्रतिबंधित मादक पदार्थ जब्त किया.

#### रूस ने अवदिवका पर किया कब्जा

**कीव।** रूसी बलों ने यूक्रेन के अवदिवका शहर को अपने कब्जे में ले लिया है. रूस के रक्षा मंत्री ने यह जानकारी दी. रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने बताया कि रूसी बल अवदिवका कोक एवं रसायन संयंत्र पर पूर्ण नियंत्रण के काफी करीब हैं. सोशल मीडिया पर शनिवार को प्रसारित वीडियो में सैनिक संयंत्र की एक इमारत पर रूसी झंडा फहराते दिखे. 24 फरवरी को यूक्रेन पर मॉस्को के हमले के दो वर्ष पूरे होने जा रहे हैं.

#### पाक चुनाव : जांच के लिए समिति गठित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने एक शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी की ओर से लगाए गए उन आरोपों की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है, जिनमें कहा गया था कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के साथ रावलपिंडी में चुनाव में न्यायपालिका और निर्वाचन आयोग की शह पर धांधली की गई. रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा ने शनिवार को फिर से आरोप लगाया.

#### मजिस्ट्रेट पर लगाया यौन शोषण का आरोप

**अगरतला।** त्रिपुरा में दुष्कर्म पीड़िता ने आरोप लगाया है कि अदालत में एक मजिस्ट्रेट ने अपने कक्ष के अंदर उसका यौन शोषण किया है. एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी. वरिष्ठ अधिवक्ता के मुताबिक धलाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश गौतम सरकार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एक समिति ने इन आरोपों की जांच शुरू कर दी है. पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि यौन शोषण की घटना 16 फरवरी को हुई.

## भाजपा के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन सत्र को पीएम ने किया संबोधित

# विकसित भारत के लिए कटिबद्ध

भाषा। नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने जो हासिल किया है वह एक पड़ाव मात्र है और अगले पांच वर्षों में 'विकसित भारत' के संकल्प को हासिल करने के लिए लंबी छलांग लगानी है, लेकिन इसके लिए पहली शर्त सरकार में भाजपा की जोरदार वापसी है. भाजपा के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भाजपा हर भारतीय के जीवन को बदलने के लिए और बहुत कुछ हासिल करने के लिए बहुत से निर्णय अभी बाकी है.

उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में भारत ने जो गति हासिल की है और बड़े लक्ष्य प्राप्त करने का जो हौसला पाया है...वह अभूतपूर्व है. इसलिए नहीं कि मैं कह रहा हूं। आज दुनिया गाजे-बाजे के साथ बोल रही है. उन्होंने कहा कि भारत ने आज हर क्षेत्र में जो ऊंचाई हासिल की है, उसने हर देशवासी को एक बड़े संकल्प के साथ जोड़ दिया है और यह संकल्प है 'विकसित भारत' का.

उन्होंने कहा, अब देश छोटे सपने नहीं देख सकता है और ना ही देश अब छोटे संकल्प ले सकता है. सपने भी विराट होंगे और संकल्प भी विराट होंगे. हमारा सपना भी है और हम सब का संकल्प भी है कि हमें भारत को विकसित बनाना है. इसमें अगले पांच वर्षों की बहुत बड़ी भूमिका होने जा रही है. अगले पांच सालों में भारत को पहले से भी कई गुना तेजी से काम करना है. अगले पांच सालों में हमें विकसित भारत की तरफ एक लंबी छलांग लगानी है. इन सारे लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पहली शर्त है सरकार में भाजपा की जोरदार वापसी.



### 10 साल का उनका कार्यकाल आरोपमुक्त रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरा देश मानता है 10 साल का उनका कार्यकाल आरोपमुक्त रहा है. 25 करोड लोगों को गरीबी से बाहर निकलना कोई सामान्य उपलब्धि नहीं है. पूरा देश मानता है कि हमने देश को महाघोटाले और आतंकी हमलों से मुक्ति दिलाई है, गरीब और मध्यम श्रेणी के लोगों का जीवन बेहतर करने का प्रयास किया है. छत्रपति शिवाजी महाराज को अपनी प्रेरणा बताते हुए मोदी ने कहा कि वह अपने सुख और वैभव के लिए जीने वाले व्यक्ति नहीं हैं. मैं भाजपा सरकार का तीसरा कार्यकाल सत्ता भोग के लिए नहीं मांग रहा हूं. मैं राष्ट्र का संकल्प लेकर निकला हुआ व्यक्ति हूं. अगर मैं अपने घर की चिंता करता तो आज करोड़ों गरीबों के घर नहीं बन पाते. मैं देश के करोड़ों बच्चों के भविष्य के लिए जीता हूं. देश के युवाओं, महिलाओं और गरीबों के सपने व संकल्प को 'मोदी का संकल्प' बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह इस संकल्प की पूर्ति के लिए ही दिन-रात एक कर रहे हैं.

### दिया संदेश

- दो दिवसीय समापन सत्र में भाजपा के दिग्गज शामिल रहे
- जेपी नड्डा जून 2024 तक राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहेंगे

## कांग्रेस सनातन का अपमान करती है : अमित शाह

- जनता ने मन बना लिया है, पीएम मोदी सत्ता में बने रहेंगे

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के भारत मंडपम में भाजपा के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में रविवार को दूसरे दिन गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि लोगों ने मन बना लिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में रहेंगे और इसमें कोई संदेह नहीं है. अमित शाह ने कहा कि देश में अब आतंकवाद, नक्सलवाद खत्म होने के कगार पर हैं. मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में देश इनसे मुक्त हो जायेगा. इस क्रम में अमित शाह ने लोकसभा चुनाव की तुलना महाभारत के युद्ध से करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एक



समूह का नेतृत्व कर रहे हैं, जो सच के रास्ते पर है. दूसरी और भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण के लिए जानी जाने वाली परिवारवादी पार्टियों का नेतृत्व कांग्रेस कर रही है. शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी गरीबों, देश के विकास के बारे में सोचते हैं, जबकि विपक्षी गुट इंडिया के नेता अपने बच्चों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनाने के बारे में सोचते हैं.

### इंडी गठबंधन में शामिल सभी दल घोटालों में डूबे हुए हैं

सम्मेलन को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए हुए कहा कि इसमें शामिल सभी दल घोटालों में डूबे हुए हैं. पांडव-कौरवों की तरह लोकसभा चुनाव से पहले दो खेमे बने हुए हैं. मोदी के नेतृत्व में पहला खेमा एनडीए का गठबंधन है, राष्ट्र प्रथम हमारे गठबंधन का आधार है. जबकि इंडिया गठबंधन परिवारवाद का पोषक है. अगला चुनाव डेवलपमेंट अलायंस बनाम डायनेस्टिक अलायंस का होगा.

## शिकायतें जानने को संदेशखाली पहुंचे राज्य सरकार के तीन मंत्री

भाषा। कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मंत्रिमंडल के तीन मंत्री रविवार को लोगों से उनकी शिकायतों के बारे में बात करने के लिए संदेशखाली पहुंचे. संदेशखाली में पिछले कुछ दिनों से विरोध-प्रदर्शन का दौर जारी है. भूमि विभाग ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से जुड़े कुछ लोगों द्वारा कथित तौर पर जमीन कब्जाने को लेकर ग्रामीणों की शिकायतें दर्ज करने के लिए शिविर भी खोला है. मंत्री पार्थ भौमिक, सुजीत बोस और बीरबाहा हांसदा लोगों से उनकी शिकायतों के बारे में बात करने के लिए कालीनगर गांव पहुंचे थे. संदेशखाली से टीएमसी विधायक सुकुमार महता भी उनके साथ थे। बोस ने संवाददाताओं से कहा, हम यहां के लोगों और स्थानीय पार्टी नेतृत्व से बात करने आए हैं. उन्होंने कहा कि वे (तीनों मंत्री) उन स्थानों का दौरा कर रहे हैं, जहां दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है. भाजपा नीत केंद्र सरकार के मंत्रियों सहित विपक्षी दल के नेताओं को प्रशासन ने संदेशखाली जाने से रोक दिया था. संदेशखाली में 19 स्थानों पर पांच या उससे अधिक लोगों के एकजुट होने पर निषेधाज्ञा लागू है. संदेशखाली के गांवों में फरवरी के पहले सप्ताह से महिलाओं के यौन उत्पीड़न और जमीन कब्जाने के आरोपों को लेकर विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं. बोस ने दावा किया कि संदेशखाली में कुछ स्थानों पर इस तरह के आरोप लगाए गए हैं, जिसके अंतर्गत 16 पंचायत क्षेत्र आते हैं.

उन्होंने कहा, हम किसी की भी आवाज को दबाने की कोशिश नहीं कर रहे हैं.

## गाजा में युद्धविराम के लिए वार्ता में कोई विशेष प्रगति नहीं: कतर

**राफा।** इजराइल व हमास के बीच युद्धविराम के लिए मध्यस्थता कर रहे देश कतर ने कहा है कि इस दिशा में फिलहाल कोई खास प्रगति नहीं हो पाई है. कतर का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आरोप लगाया है कि हमास के आतंकवादी अपनी 'बेतुकी मांगों' पर अड़े हुए हैं. कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में अपने संबोधन में मानवीय पहलू से जुड़ी समस्याओं का जिक्र किया. नेतन्याहू पर इस बात का बेहद दबाव है कि वह उन बंधकों को सुरक्षित लाएं जिन्हें हमास ने सात अक्टूबर को हमला करने के दौरान कब्जे में लिया था.

## मोदी व भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने का काम कर रहे हैं : कांग्रेस

एजेंसी। मुंबई

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रभारी रमेश चेन्निथला ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गांधी-नेहरू विचारधारा को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं. पुणे के लोनावाला में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के समापन के बाद चेन्निथला संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे. शिविर में राज्य इकाई के प्रमुख नाना पटोले, पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण और पूर्व मंत्री बालासाहेब थोराट सहित सभी शीर्ष नेताओं ने हिस्सा लिया था. चेन्निथला ने कहा, नरेन्द्र मोदी और भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने का काम कर रहे हैं. अगर मोदी सत्ता में वापस आते हैं तो कई लोगों को जेल जाना होगा, क्योंकि मोदी लोकतंत्र या संविधान में



विश्वास नहीं रखते. इस चुनाव में हमारी करो या मरो की स्थिति है. केरल से विधायक चेन्निथला ने कहा, मोदी लगातार पंडित जवाहरलाल नेहरू की आलोचना करते हैं. राज्य स्तरीय शिविर को लेकर उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में बहुत कम समय बचा है, जिसे हमें रणनीति तरीके से उचित बूथ प्रबंधन के साथ लड़ना होगा. उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में 48 सीटों पर अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए विपक्षी गठबंधन को एकजुट होकर काम करना चाहिए.

## शिवमोग्गा में गर्मी से बारूद में विस्फोट

**शिवमोग्गा।** कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में शिकारीपुरा तालुक के शिरालाकोप्पा कस्बे में रविवार को एक बैग में रखे बारुद में विस्फोट होने से लोगों में दहशत फैल गई. पुलिस जांच में पता चला कि यह विस्फोट एक बैग में रखे बारूद में हुआ, जिसका इस्तेमाल आमतौर पर किसान जंगली सूअरों को भगाने में करते हैं. पुलिस ने कहा कि किसान दंपत्ति रूपा और उमेश बारूद लाए थे और उन्होंने शहर में साप्ताहिक मेले के दौरान इसे एक विक्रेता की दुकान पर रखा था. शिवमोग्गा के पुलिस अधीक्षक जी.के. मिथुन कुमार ने बताया, हमारी प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गर्मी के कारण बारूद में विस्फोट हुआ. किसान अपने खेतों से जंगली सूअर को भगाने के लिए बारूद का इस्तेमाल करते हैं. हमने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है.

## कांग्रेस नेता उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर भाजपा पर साधा निशाना

# यूपी का हर तीसरा युवा बेरोजगार : राहुल गांधी

एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर भाजपा पर रविवार को निशाना साधा. कहा कि डबल इंजन सरकार का मतलब बेरोजगारों पर दोहरी मार है. राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया कि आज बेरोजगारी की बीमारी से उत्तर प्रदेश का हर तीसरा युवा ग्रसित है. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, जहां डेढ़ लाख से अधिक सरकारी पद खाली हैं, वहां न्यूनतम योग्यता वाले पदों के लिए भी ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और पीएचडी धारक लाइन लगा कर खड़े हैं. उन्होंने कहा, डबल इंजन सरकार का मतलब बेरोजगारों पर डबल मार है. राहुल ने कहा, पहले तो भर्ती निकलना एक सपना है, भर्ती निकले तो पेपर लीक, पेपर हुआ तो नतीजे का पता नहीं और लंबे इंतजार के बाद रिजल्ट आने पर भी अक्सर भर्ती के लिए अदालत का चक्कर. उन्होंने कहा कि सेना से लेकर रेलवे और शिक्षा से लेकर पुलिस तक की भर्तियों का सालों-साल इंतजार कर लाखों छात्र ओवरएज (अर्हता उम्र पार) हो चुके हैं.

### चक्रव्यूह में फंसा छात्र अवसाद का शिकार होकर टूट रहा है



राहुल ने कहा कि निराशा के इस चक्रव्यूह में फंसा छात्र अवसाद का शिकार होकर टूट रहा है. उन्होंने दावा किया, और इन सब से व्यथित होकर जब वह अपनी मांगें लेकर सड़क पर निकले तो मिलती हैं उसे पुलिस की लाठियां. राहुल ने कहा कि एक छात्र के लिए नौकरी सिर्फ आय का साधन नहीं, बल्कि अपने परिवार का जीवन बदल देने का सपना है और इस सपने के टूटने के साथ पूरे परिवार की आस टूट जाती है. उन्होंने जोर देकर कहा, 'कांग्रेस की नीतियां युवाओं के सपनों के साथ न्याय करेंगी, हम उनकी तपस्या व्यर्थ नहीं जाने देंगे.

### न्याय यात्रा छोड़ वायनाड पहुंचे राहुल गांधी

वायनाड। कांग्रेस नेता और वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र का दौरा किया और हाल ही में जंगली हाथियों के हमले के दो पीड़ितों के घर जाकर संवेदना व्यक्त की. राहुल गांधी अपने निर्वाचन क्षेत्र में मानव-पशु संघर्ष के समाधान की मांग कर रहे स्थानीय लोगों के उग्र होते विरोध के मद्देनजर वाराणसी में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को अचानक रोकने के बाद शनिवार रात पड़ोसी कन्नूर जिले में पहुंचे. कन्नूर से वह सड़क मार्ग से वायनाड के लिए रवाना हुए,

### कॅरियर-काउंसिलिंग

# बीएससी माइक्रोबायोलॉजी कर बना सकते हैं अपना कॅरियर

रांची। रजनीश प्रसाद

बीएससी माइक्रोबायोलॉजी एक 3 वर्ष का अंडर ग्रेजुएट डिग्री प्रोग्राम है, जिसमें आप विभिन्न प्रकार के माइक्रोब्स जैसे वायरस, प्रोटोजोआ और बैक्टीरिया और उन सभी से संबंधित फैक्टर्स के बारे में अध्ययन करते हैं. इन सभी माइक्रोब्स का अध्ययन उनकी संरचना, उनके विकास के पैटर्न और उनके द्वारा वातावरण में जो प्रभाव होता है इससे संबंधित है. विद्यार्थी अपनी बारहवीं कक्षा के साइंस बायोलॉजी के स्ट्रीम से पूरा होने के बाद इस कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं. इस डिग्री में बायोलॉजी के एक पर्टिकुलर एरिया पर फोकस किया जाता है.



### बीएससी माइक्रोबायोलॉजी

- **डाइवर्स अवसर :** माइक्रोबायोलॉजी में बैचलर डिग्री प्राप्त करने के बाद आप विभिन्न जॉब प्रोफाइल जैसे बैक्टीरियोलॉजिस्ट, वायरोलॉजिस्ट, सेल बायोलॉजिस्ट, माइकोलॉजिस्ट का कार्य कर सकते हैं.
- **हायर एजुकेशन :** बीएससी माइक्रो बायोलॉजी कोर्स पूरा करने के बाद उम्मीदवार एमएससी कोर्स जैसे एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, एमएससी इन एप्लाइड माइक्रोबायोलॉजी, एमएससी मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी और एमएससी माइक्रोबियल जेनेटिक्स और बायोइनफॉरमैटिक्स जैसे कोर्सेज में आवेदन कर सकते हैं. पीजी डिग्री भी उम्मीदवारों के लिए नौकरी की संभावना को बढ़ाता है. इसी तरह, उम्मीदवार अपना पीजी पूरा करने के बाद पीएचडी कोर्सेज का विकल्प चुन सकते हैं.
- **रिसर्च अवसर :** अधिकांश माइक्रोब्स जल्दी से अपनी जेनेटिक्स स्ट्रक्चर बदलते हैं. इससे रिसर्च के अवसर खुलते हैं. माइक्रोबायोलॉजिस्ट संक्रामक रोगों की अगली लहर, रोगाणुओं के पर्यावरणीय प्रभाव, खाद्य उत्पादों पर रोगाणुओं पर प्रभाव और कई अन्य चीजों को समझने के लिए माइक्रोब्स पर लगातार रिसर्च करते हैं.
- **कंपेटिटीव सैलरी :** माइक्रोबायोलॉजिस्ट प्रतिवर्ष अच्छी सैलरी कमाते हैं. इस कोर्स के बाद आपके पास भी कई विकल्प उपलब्ध होंगे.

### भारतीय इंस्टीट्यूट्स

- माउंट कार्मल कॉलेज, बैंगलोर
- सेंट जेवियर्स कॉलेज, मुंबई
- जय हिंद कॉलेज, मुंबई
- फर्ग्युसन कॉलेज, पुणे
- इतिराज कॉलेज फॉर वुमन, चेन्नई
- मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज, चेन्नई
- भास्कराचार्य कॉलेज आफ अप्लाइड साइंसेज
- ऑक्सफोर्ड कॉलेज ऑफ साइंस बेंगलुरु

### बीएससी माइक्रो बायोलॉजिस्ट के मुख्य कार्य

- नई योजनाएं बनाना करना एवं परीक्षण करना.
- पर्यावरण के सूक्ष्म जीवों के विकास पर नजर रखना.
- सूक्ष्मजीवों की बढ़ती हुई संस्कृतियों को परखना.
- एंटीसेप्टिक की तरह नए फार्मास्यूटिकल प्रोडक्ट वैक्सीन तथा दवाइयों का निर्माण करना.
- अलग-अलग जगहों से या लोकेशन से सैंपल्स कलेक्ट करना.
- डाटा को रिकॉर्ड करना, एनालिसिस करना एवं इंटरप्रेट करना.
- नए रिसर्च पेपर रिपोर्ट और रिव्यूज को लिखना.
- साइंटिफिक रिसर्च और डेवलपमेंट के साथ अप-टू-डेट रहना.
- यह सुनिश्चित करना कि डाटा को दिशानिर्देशों के साथ में ही सही तरीके से रिकॉर्ड किया गया है.
- उच्च स्वास्थ्य व सेफ्टी स्टैंडर्ड्स का पालन क्या जाना चाहिए.
- जांच के लिए खाद्य और पेय निर्माण होने वाली प्रक्रियाओं का निरीक्षण करना.
- एक लेबोरेटरी का मैनेजमेंट देखना एवं उसे सुनिश्चित करना.

### स्किल्स

- क्रिटिकल थिंकिंग व प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स
- स्वतंत्र होकर तथा टीम के साथ रहकर कार्य करने की स्किल्स
- बैक्टीरिया और वायरस का आइसोलेशन करना तथा उन्हें पहचानने की स्किल्स
- कल्चर माइक्रो ऑर्गेनिज्म की समझ
- माइक्रो स्कॉपी टेक्नीक्स की समझ
- साइंटिफिक लैब तथा उसके इक्विपमेंट्स को ऑपरेट करने की समझ
- डाटा को अच्छे से रिकॉर्ड करना तथा एनालाइज करना
- मौखिक तथा लिखित कम्युनिकेशन स्किल्स

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार. )